सुप्रभात
रांची, शनिवार
14.12.2024
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 153 | 12



अल्लू अर्जुन को मिली जमानत






## न्यूज डायरी

### पिकनिक मनाने गये दो भाइयों की डूबने से मौत

**गिरिडीह।** धनवार के हदहदवा नदी तट पर पिकनिक मनाने आये धनबाद के एक परिवार के दो सगे भाइयों की मौत नदी के गहरे पानी में डूबने से हो गयी। शुक्रवार दोपहर हुए इस हादसे से परिवार में कोहराम मच गया। पिता गिरधारी साहू से बात के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा। दोनों भाईयों के नाम विशाल कुमार (12) और विक्रम (7) हैं। परिवार धनबाद से हदहदवा नदी तट पर पिकनिक मनाने में मशगूल था। इसी बीच दोनों मासूम कब नदी में नहाने उतरे किसी को पता नहीं चला। जब बच्चों ने बचाव के लिए चिल्लाना शुरू किया, तो सभी दौड़े, तब तक दोनों की मौत हो गयी थी।

### अविश्वास प्रस्ताव पर भिड़ा पक्ष और विपक्ष

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा में शुक्रवार को सभापति के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्य आपस में भिड़ गये। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही सोमवार तक स्थगित कर दी गयी। सदन शुरू होते ही स्पीकर ने झामुमो सदस्य सरफराज अहमद को जन्मदिन की बधाई दी।

## हेमंत-कल्पना ने बाबा दरबार में लगायी हाजिरी

# झारखंड की सुख-समृद्धि मांगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विधानसभा में बंपर जीत और सरकार गठन के बाद सीएम हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन संग देवघर और बासुकीनाथ में बाबा दरबार में हाजिरी लगायी। साथ ही झारखंड की सुख-समृद्धि, उन्नति एवं खुशहाली की मंगलकामना की। शुक्रवार को सबसे पहले सीएम बाबाधाम देवघर पहुंचे। पूरे विधिविधान से उन्होंने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर आशीर्वाद लिया और राज्य के खुशहाली की कामना की। देवघर में पूजा-अर्चना के बाद सीएम फौजदारी बाबा की शरण में दुमका स्थित बासुकीनाथ धाम पहुंचे। तीर्थपुरोहितों ने षोडशोपचार विधि से कामना ज्योतिर्लिंग और मैया पार्वती के गर्भ गृह में दर्शन और पूजन कराया। सीएम ने समस्त झारखंड वासियों के कल्याण के लिए भोलेनाथ की आरती भी की। सीएम के आगमन को ले कर मंदिर परिसर में सुरक्षा काफी कड़ी थी। कुछ देर के लिए आम लोगों का प्रवेश बंद था।



### बाबा का आशीर्वाद है, झारखंड की जनता के हित में काम और तेज करूंगा

**बाबा मंदिर** में जलाभिषेक करने के बाद सीएम हेमंत सोरेन ने मीडिया से कहा कि बाबाभोलेनाथ की कृपा से विधानसभा में बड़ा जनादेश मिला है। जनता के हित के लिए यह आशीर्वा है। इसीलिए राज्य की जनता को वह भरोसा देना चाहते हैं कि आने वाले समय में सरकार जनता के हितों के लिए और बेहतर काम करेगी। यहां पर किसी भी तरह की राजनीतिक बातें उचित नहीं है। उन्होंने हर हर महादेव का नारा लगाते हुए यह संदेश दिया कि इस बार भगवान भोलेनाथ की कृपा से प्रचंड जीत मिली है। उन्होंने यहां किसी अन्य मुद्दे पर कुछ भी बोलने से मना किया। बाबा मंदिर में बनने वाले कॉरिडोर के सवाल पर भी चुप्पी साधते रहे। बाद में सीएम हेलीकॉप्टर से रांची लौट आये। इससे पूर्व देवघर एयरपोर्ट विधायक उदय शंकर सिंह, संथाल परगना कमिश्नर लालचंद दादेल, संथाल परगना आइजी क्रांति कुमार समेत तमाम अधिकारियों ने दोनों का भव्य स्वागत किया। सीएम को गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया गया। दुमका में जिला प्रशासन की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। हेमंत और कल्पना सोरेन दो दिवसीय दौरे पर संथाल परगना पहुंचे हैं।

## मुख्य सचिवों के राष्ट्रीय सम्मेलन में झारखंड ने कहा

# केंद्र व राज्यों में बेहतर समन्वय जरूरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/नयी दिल्ली।** दिल्ली में राज्यों के मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन में झारखंड ने कहा कि केंद्र एवं राज्य के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। सम्मेलन केंद्र एवं राज्य सरकारों के साझा विकास एजेंडा के सुसंगत प्रारूप तैयार करने के लिए किया जाता है। इसका प्रमुख उद्देश्य उद्धामिता को बढ़ावा देना, कौशल परक रोजगार सृजन कराना और अधिक जन मानस को लाभांश का दोहन कराना है। शुक्रवार से शुरू इस सम्मेलन में सहकारी संवाद को मजबूत करने, विकास एवं प्रगति हासिल करने की दिशा में केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करना है। झारखंड सरकार की तरफ से इस सम्मेलन में मुख्य सचिव अलका तिवारी ने शिरकत की। उनके साथ झारखंड के प्रधान सचिव मस्त राम मीना, सचिव ग्रामीण विकास के श्रीनिवासन एवं उद्योग सचिव जीतेन्द्र कुमार सिंह व अन्य पदाधिकारियों ने भी शिरकत की। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य देश के प्रधानमंत्री, नीति आयोग, केंद्रीय मंत्रालय के साथ-साथ, राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश के प्रमुख प्रतिनिधियों एवं विशेषज्ञों के मध्य विचार विमर्श के आधार पर श्रेष्ठ कार्य प्रणाली को स्थापित करना है। इस वर्ष सम्मेलन में व्यापक विषय विनिर्माण, सेवाए ग्रामीण गैर कृषि, शहरी विकास, नवीनिकरण ऊर्जा, मिशन कर्मयोगी पर विशेष सत्र आयोजित किया जायेगा। इसके अलावा कृषि में आत्म निर्भरता, खाद तेल एवं दालें, वृद्धि आबादी की देख भाल, अक्षय ऊर्जा और भारतीय पारंपरिक ज्ञान पर भी विचार विमर्श किया जायेगा।

### संसद पर हमले के शहीदों को देश ने किया नमन

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति, पीएम मोदी, सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे समेत पूरे देश ने 2001 संसद हमले के शहीदों को याद कर उन्हें नमन किया। पीएम मोदी ने शुक्रवार को कहा संसद हमले में अपने प्राणों की आहुति देने वाले बहादुरों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि उनका बलिदान राष्ट्र को हमेशा प्रेरित करेगा। हम उनके साहस और समर्पण के लिए हमेशा आभारी रहेंगे। 13 दिसंबर, 2001 को आतंकवादियों के हमले में संसद भवन परिसर में तैनात कई जवान शहीद हो गये थे।




उत्तराखण्ड शासन

# विकसित भारत, सशक्त उत्तराखण्ड








देवभूमि रजत उत्सव
9 नवंबर 2024-25 | उत्तराखण्ड

"प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में देवभूमि उत्तराखण्ड निरन्तर प्रगति पथ पर अग्रसर है। तीर्थाटन एवं पर्यटन की दृष्टि से लोग यहां आयें तथा पर्यटन के साथ-साथ तीर्थों के भी दर्शन कर सकें, इसके लिए राज्य सरकार द्वारा जरूरी कदम उठाये जा रहे हैं ताकि पर्यटक शीतकाल में पर्यटन के साथ तीर्थों का भी आनन्द ले सकें।"

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा।"

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री


## देवभूमि उत्तराखण्ड

# शीतकालीन यात्रा

### 1 श्री यमुनोत्री धाम का शीतकालीन प्रवास
**यमुना मन्दिर**
खरसाली (उत्तरकाशी)

यमुनोत्री चारधाम यात्रा का प्रथम पड़ाव है। यमुनोत्री मन्दिर के कपाट शीतकाल के लिए बंद होने पर मां यमुना की डोली को खरसाली लाया जाता है जो कि मां यमुना का शीतकालीन प्रवास स्थान है। शीतकालीन प्रवास के दौरान खरसाली में ही मां यमुना की पूजा की जाती है और यहीं पर यमुना जी के भाई भगवान शनिदेव जी का मन्दिर भी स्थित है।








### 2 श्री गंगोत्री धाम का शीतकालीन प्रवास
**गंगा मन्दिर**
मुखीमठ, मुखबा (उत्तरकाशी)

मुखीमठ, मुखबा स्थित मां गंगा का शीतकालीन प्रवास स्थान है। शीतकाल के दौरान गंगोत्री मन्दिर के कपाट बंद होने पर मां गंगा की मूर्ति को गंगोत्री से मुखबा लाया जाता है और शीतकाल के दौरान इसी मन्दिर में मां गंगा की पूजा की जाती है।

### 3 श्री केदारनाथ धाम का शीतकालीन प्रवास
**ओंकारेश्वर मन्दिर**
ऊखीमठ (रुद्रप्रयाग)

ऊखीमठ स्थित ओंकारेश्वर मन्दिर भगवान केदारनाथ का शीतकालीन प्रवास स्थान है। शीतकाल के दौरान भगवान केदारनाथ की पूजा इसी मन्दिर में की जाती है। केदारनाथ मन्दिर से मूर्तियों की उत्सव डोली को ऊखीमठ लाया जाता है और ओंकारेश्वर मन्दिर में छह महीने तक पूजा की जाती है।








### 4 श्री बदरीनाथ धाम का शीतकालीन प्रवास
**योगध्यान बदरी मन्दिर**
पांडुकेश्वर (चमोली)

शीतकाल के दौरान बदरीनाथ मन्दिर के कपाट बंद होने पर नारायण योगध्यान बदरी मन्दिर, पांडुकेश्वर (चमोली) में जनकल्याण के लिए ध्यान अवस्था में रहते हैं। पांडुकेश्वर स्थित योगध्यान बदरी मन्दिर में उद्धव जी और कुबेर जी की उत्सव डोलियों को भी लाया जाता है। आदिगुरु शंकराचार्य की डोली शीतकाल के दौरान ज्योतिर्मठ स्थित नृसिंह मन्दिर में प्रवास करती है।

## सनशाईन पर्यटन

एक ओर जहां देश के बहुत से भाग कोहरे की चादर ओढ़े हैं, वहीं देवभूमि उत्तराखण्ड के पहाड़ों में खिलखिलाती धूप का आनन्द उठाया जा सकता है।

**आईये! आप भी उत्तराखण्ड में आध्यात्म व पर्यटन का आनन्द उठाईये।**










## उत्तराखण्डः एक अद्वितीय, रोमांचक और प्राकृतिक गंतव्य

इको-टूरिज्म हो या वाइल्डलाइफ टूरिज्म या रोमांचकारी अनदेखी बर्फीली चोटियां और रोमांचकारी स्कीइंग और माउंटेन बाइकिंग, पैराग्लाइडिंग और ट्रेकिंग के रोमांचकारी रास्ते, आपको यहां वह सब कुछ मिल सकता है जिसके लिए कई देशों की यात्रा करनी पड़ सकती है। उत्तराखण्ड अब हरित पर्यटन, माइंडफुल ट्रैवल, वन्यजीव यात्रा, प्राकृतिक पर्यटन के लिए जाना जाता है। बेहतर पर्यटन नीतियों और उच्च संभावनाओं को देखते हुए विगत वर्षों में राज्य में पर्यटन के क्षेत्र में बेहतर निवेश तो हुआ ही है साथ ही भविष्य में कई बड़े निवेशकों ने पर्यटन क्षेत्र में निवेश की संभावनाएं तलाशी हैं। साहसिक गतिविधियों के लिए उत्तराखण्ड उभरता हुआ पर्यटन स्थल बनता जा रहा है।

#ExploreUttarakhand
@DIPR_UK

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी

www.uttarainformation.gov.in | uttarakhandDIPR | DIPR_UK | uttarakhand DIPR

## पीएलवी का कार्य नौकरी नहीं, बल्कि जनहित में सेवा है : कमलेश बेहरा



- नव चयनित पीएलवी का पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष के मार्गदर्शन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के डालसा हॉल में चयनित 10 पीएलवी को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने कहा कि सभी अच्छी तरह से प्रशिक्षण प्राप्त कर जरूरतमंदों और गरीबों को सहायता पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि यह कोई नौकरी नहीं है, यह एक सेवा है, जो आप सभी को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची व अन्य प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर समाज में रहने वाले जरूरतमंदों और गरीब लोगों को सहायता पहुंचाने का कार्य आप सभी को करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए एलएडसी चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने उपस्थित सभी पीएलवी को संविधान की मूल संरचना-प्रस्तावना, समाज के हाशिए पर पड़े वर्गों के प्रति संविधान के तहत राज्य के दायित्व तथा राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांत के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिये। इसके अलावा उन्होंने मौलिक अधिकार, अनुच्छेद 14, 15, 16, 19, 21 और 22 सहित, समुदाय के प्रति एक जिम्मेदार नागरिक के कर्तव्य, मौलिक कर्तव्य, अनुच्छेद 39 ए और कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 और नालसा विनियम, पीएलवी के कार्य क्या है ? और क्या नहीं है, वे क्या करें और क्या न करें, ड्रेस कोड और व्यवहार के मानक एवं नैतिकता के बारे में विस्तार से जानकारी दिये। इस मौके पर एलएडीसी चीफ, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, एलएडीसीएस डिपूटी, कविता खाती, एलएडीसी सहायक, वीरेंद्र प्रताप, सौरभ पांडे, शिवानी सिंह, नव चयनित पीएलवी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### झारखंड हाइकोर्ट ने रांची डीसी को किया तलब, पूछा

# मोरहाबादी मैदान के दुकानदारों के पुनर्वास के लिए जोन-1 से क्यों नहीं हटाया गया कब्जा

- मोरहाबादी मैदान से हटाए गए दुकानदारों की ओर से दायर और अवमानना याचिका की झारखंड हाई कोर्ट में हुई सुनवाई



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मोरहाबादी मैदान से हटाए गए फुटपाथ दुकानदारों की ओर से दायर और अवमानना याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने मोरहाबादी मैदान के दुकानदारों के लिए जोन 1 से लोगों का कब्जा हटाने के संबंध में रांची नगर निगम द्वारा रांची डीसी से आग्रह के बावजूद भी कोई कदम नहीं उठाये जाने पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने रांची डीसी से जानना चाहा है कि मोरहाबादी मैदान के दुकानदारों के पुनर्वास के लिए जोन 1 से लोगों का कब्जा क्यों नहीं हटा? कोर्ट ने अगली सुनवाई 3 जनवरी 2025 को रांची डीसी को मामले में सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल नहीं किया गया, जिसपर कोर्ट ने सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए एक और मौका दिया।

मामले को लेकर कविता कुमारी एवं अन्य की ओर से अवमानना याचिका दाखिल की गई है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अनुराग कश्यप ने पैरवी की।

दरअसल, 1 मई 2023 को हाई कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं होने पर हाई कोर्ट की एकल पीठ ने नाराजगी जताई थी। कोर्ट ने मौखिक कहा था कि उस समय रांची नगर निगम को फुटपाथ दुकानदारों के मोरहाबादी मैदान के आसपास की जगह की व्यवस्था करने का निर्देश दिया था। फुटपाथ दुकानदारों के जगह के लिए रांची नगर निगम ने मोरहाबादी मैदान के आसपास तीन जगह चिन्हित किए थे, इसे तैयार करने के लिए एक साल का समय मांगा था। लेकिन 1 साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी मोरहाबादी मैदान के दुकानदारों के पुनर्वास के लिए जोन 1, जोन 2 एवं जोन 3 उपलब्ध नहीं कराया गया है। कोर्ट ने कहा था कि जोन 3 में फुटपाथ दुकानदारों के लिए नाइट मार्केट की बात कही गई थी, वहां भूमि पूजन भी हुआ था। लेकिन दुकानदारों को वहां नहीं बैठने दिया गया। जोन 2 जो मोरहाबादी मैदान में फुटबॉल मैदान के नजदीक में है उसका काम मात्र 30% होने की बात रांची नगर निगम द्वारा कही जा रही है। जबकि कोर्ट का आदेश दिए 1 साल से अधिक का समय बीत चुका है। जोन 1 में कुछ लोगों का कब्जा है, जिसे हटाने के लिए रांची नगर निगम ने रांची डीसी से कई बार आग्रह किया है। लेकिन जोन 1 से कब्जा नहीं हटा है। कोर्ट ने जोन 3 में फुटपाथ दुकानदारों को जल्द से जल्द जगह अलॉटमेंट का निर्देश रांची नगर निगम को दिया था।

## पारस हॉस्पिटल में निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप 15 को

- हेल्थ कैंप सुबह 10 से दोपहर दो बजे तक लगेगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** पारस हॉस्पिटल एचइसी में 15 दिसंबर रविवार को निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया जा रहा है। हेल्थ कैंप सुबह 10 बजे से दोपहर दो तक लगेगा। हेल्थ कैंप में बीपी, आरबीएस, ईसीजी, स्पाईरोमेट्री, बीएमडी, डाइट एंड न्यूट्रीशन, डॉक्टर्स परामर्श, कटे होठ एवं तालु का इलाज आदि का निःशुल्क सेवा प्रदान की जाएगी। मेगा हेल्थ कैंप में जनरल फिजिशियन, कार्डियोलॉजी, सर्जिकल आंकोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, गैस्ट्रोएंट्रलॉजी, जनरल सर्जरी, कार्डिक सर्जरी, स्त्री रोग, डेंटल, हड्डी रोग, बाल चिकित्सा, इएनटी, न्यूरोलॉजी, न्यूरो सर्जरी, यूरोलॉजी, मेडिकल आंकोलॉजी, डमेटोलॉजी, पल्मोनोलॉजी आदि अन्य विभागों के डॉक्टर मरीज को निःशुल्क परामर्श देंगे। इस कैंप में मरीजों के लिए लैब और रेडियोलॉजी पर 50% की छूट भी दी जाएगी। इस निशुल्क मेगा हेल्थ कैंप में जांच करने के लिए पंजीकरण करना होगा।

हॉस्पिटल के मानस लाभ ने कहा कि ठंड में हार्ट, लीवर, किडनी, ब्रेन स्ट्रोक, ज्वाइंट पैन जैसे कई बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इस निःशुल्क हेल्थ कैंप में इन सभी बीमारियों का जांच और निःशुल्क परामर्श डॉक्टरों की ओर से दिया जाएगा। सभी लोगों को इस ठंड के मौसम में अपने स्वास्थ्य की जांच जरूर करवाना चाहिए। हॉस्पिटल मरीजों के स्वास्थ्य के प्रति गंभीर रहता है इस कारण समय-समय पर इस तरह का निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन करता रहा है। आम लोग इस कैंप का लाभ जरूर उठाएं।

## छविरंजन समेत छह की बढ़ी हिरासत अवधि

रांची। चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की बिक्री से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में आरोपी रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन समेत 6 की न्यायिक हिरासत अवधि पीएमएलए कोर्ट ने बढ़ा दी है। इससे पूर्व जेल में बंद आरोपियों को वीसी के माध्यम से पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 19 दिसंबर निर्धारित की है। वर्तमान में यह मामला आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई पर लंबित है। आरोपियों को पुलिस पेपर सौंप दिया गया है। मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजनए भरत प्रसादए राजेश रायए इम्तियाज अहमदए अफसर अली और मो सद्दाम न्यायिक हिरासत में है। जबकि कारोबारी विष्णु अग्रवाल एवं प्रेम प्रकाश को जमानत प्राप्त है। वहीं एक आरोपी पुनीत भार्गव फरार चल रहा है।

## आत्मविश्वास के लिए छोटी-छोटी सफलता आवश्यक : डॉ शांडिल्य

- साहित्यिक गतिविधियों, कला और सृजन को समर्पित, स्पंदन का दूसरा दिन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि हमेशा याद रखें कि आत्मविश्वास एक दिन में नहीं आता। इसके लिये हमें छोटी.छोटी सफलताओं पर ध्यान देना होगा और हर असफलता से सीखना होगा। डॉ शांडिल्य शुक्रवार को स्पंदन के दूसरे दिन सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब भी किसी काम में असफल हों, तो खुद को निराश न करें। बल्कि अपनी गलतियों से सीखकर फिर से कोशिश करें। इस अवसर पर पद्मश्री मधु मंसुरी हंसमुख ने भी प्रतिभागियों को प्रेरित किया। इसके पहले डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के सभागार में स्पंदन के दूसरे दिन की शुरूआत शास्त्रीय नृत्य और लोक नृत्य के साथ हुई। इसके तहत 4 शास्त्रीय नृत्य कथक, कुचिपुड़ी और ओडिसी नृत्य प्रस्तुत किये गये। इसके अलावा झारखण्ड लोक नृत्यों को भी प्रस्तुत किया गया। मौके पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य, कुलसचिव डॉ नमिता सिंह मौजूद थे। शुक्रवार को क्विज प्रतियोगिता का अंतिम चरण हुआ। इसमें 11 प्रतिभागी अंतिम तौर पर चयनित हुये। यह जानकारी। पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

### खबर एक नजर में

## हाइकोर्ट एडवोकेट एसो. के चुनाव में अध्यक्ष व महासचिव हैट्रिक की तैयारी में

**रांची।** झारखंड एडवोकेट एसोसिएशन के चुनाव की तारीख का एलान हो गया है। चुनाव अधिकारियों ने चुनाव की तिथि की घोषणा कर दी है। 23 जनवरी को हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन की नयी कमिटी का चुनाव हाईकोर्ट के अधिवक्ता वोटिंग के जरिये करेंगे। कुल 16 पदों पर चुनाव होने हैं। जिसे लेकर अधिवक्ताओं में अभी से ही लॉबिंग शुरू हो गई है। वर्तमान में ऋतू कुमार हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन की अध्यक्ष हैं और नवीन कुमार महासचिव। इन दोनों के समक्ष अपनी कुर्सी बचाना बड़ी चुनौती होगी। क्योंकि दोनों ही पदों पर दोबारा चुनाव जीतकर आये हैं और इस बार हैट्रिक जीत की तैयारी में हैं। लेकिन हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन का चुनाव इस बार काफी दिलचस्प होने की उम्मीद है। क्योंकि अधिवक्ताओं के ज्वलंत मुद्दे और चार वर्षों के काम काज का आकलन कर अधिवक्ता इस बार वोटिंग करेंगे। इनके खिलाफ कौन-कौन चुनावी मैदान में होगा, यह अभी पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हुआ है। लेकिन उम्मीद की जा रही है कि दोनों ही पदों पर हैवीवेट उम्मीदवार खड़े हो सकते हैं, जिससे अध्यक्ष और महासचिव के पद पर होने वाला चुनाव बेहद दिलचस्प होगा।

## ओबीसी मोर्चा ने प्रदीप यादव का किया अभिनंदन

**रांची।** ओबीसी समुदाय के हक- हुकूक के लिये विधानसभा में हमेशा आवाज उठाने वाले वरिष्ठ विधायक प्रदीप यादव को कांग्रेस पार्टी के विधायक दल नेता बनाये जाने पर झारखंड के ओबीसी समुदाय के लिए यह ऐतिहासिक पल पर गर्व महसूस करते हैं। उपरोक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा कि प्रदीप यादव को कांग्रेस पार्टी के विधायक दल का नेता बनाये जाने से हमें उम्मीद है कि इंडिया गठबंधन के घोषणा पत्र में शामिल ओबीसी समुदाय के मुद्दे शीघ्र ही धरातल पर उतरेगी। विशेष रूप से, हम कांग्रेस पार्टी के प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को उनके समर्थन और नेतृत्व के लिये धन्यवाद देते हैं। उनकी दूरदर्शिता और नेतृत्व में ओबीसी समुदाय को मजबूती मिलेगी। प्रदीप यादव को उनकी नई जिम्मेदारी पर बधाई देने वालों में प्रोफेसर प्रेमनंदन मंडल एसएन सिंह कुशवाहा, दिलीप वर्मा, संजय मेहता, विद्याधर प्रसाद, प्रियंका कुमारी, रेणु कुमारी, पूनम देवी, अजय मेहता, रामावतार कश्यप, मोहम्मद अल्तमश, सुरेश ठाकुर, लालदेव साहू राम लखन यादव, राम लखन साहू, प्रमोद कुमार, सुग्रीव यादव, वसीम अहमद, विष्णु कुमार, अशर्फी चंद्रवंशी शामिल है।

## 17वीं स्नूकर एवं पुल चैंपियनशिप का उद्घाटन



**रांची।** 17 वीं स्नूकर एवं पुल चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉक्टर मोहम्मद जाकिर ने शुक्रवार को किया । मौके पर स्टेट चैंपियन यश किंगर ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। एक सप्ताह तक चलने वाले इस टूनार्मेंट में मास्टर स्नूकर 15 रेड्स, मास्टर स्नूकर 6 रेड्स, मिनी स्नूकर 15 रेड्स, मिनी स्नूकर, 6 रेड्स और 9 बॉल्स के इवेंट्स होने हैं। इस टूनार्मेंट में झारखंड के विभिन्न जिलों एवं बिहार तथा उड़ीसा के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं । विजेताओं एवं उपविजेताओं को नकद राशि, ट्राफी, टी शर्ट एवं क्लब का मेंबरशिप दिया दिया जाएगा । उद्घाटन समारोह में इंद्र, टीपू, नील, तनवीर, मेजर, नितेश, दशरथ, समीर, शादान, ऐजाज, अनुज, उत्कर्ष, राहुल, यश दास सहित अन्य खिलाड़ी उपस्थित थे।

## जन आरोग्य केंद्र, सीसीएल द्वारा नि:शुल्क



**रांची।** सीसीएल द्वारा नि:शुल्क लेप्रोसी (चर्म रोग) सहित अन्य बिमारियों को लेकर जाँच शिविर का आयोजन शुक्रवार को रांची के कांके नगड़ी बस्ती में जन आरोग्य केंद्र द्वारा किया गया। उक्त शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 175 मरीजों की जाँच की गयी और उन्हें नि:शुल्क चिकित्सीय सलाह दी गई। शिविर में विशेषकर चर्म रोग, हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, हाइपरटेंशन इत्यादि का नि:शुल्क जाँच किया गया। ज्ञात हो कि सीसीएल देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए कोयला उत्पादन के साथ-साथ अपने कर्मियों एवं हितधारकों के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए इस तरह का नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन समय-समय पर करते रहती है। शिविर के सफल आयोजन में सीएमएस, सीसीएल, डॉ. रत्नेश जैन; सीएमओ, सीएसआर इंचार्ज, डॉ. प्रीती तिग्गा; डॉ. अनीता होरो; डॉ. अम्बरीष कुमार; डॉ. दीपाली रमेश समरीत, डॉ. प्रियंका झा; डॉ. शिल्पी झा; डॉ. अंशु एवं पारा मेडिकल स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## विशेषज्ञों ने नवीनतम शोध साझा किये स्थायी समाधानों की संभावनाएं तलाशीं

**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी), मेसरा के केमिकल इंजीनियरिंग विभाग में केमिकल इंजीनियरिंग और उन्नत सामग्री में उभरते रुझान, विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की शुरूआत शुक्रवार को हुई। पहले दिन शिक्षाविदों, वैज्ञानिकों, उद्योग विशेषज्ञों और विद्यार्थियों को एक साझा मंच प्रदान किया गया। इसमें विषय विशेषज्ञों ने अपने नवीनतम शोध साझा किए और स्थायी समाधान की संभावनाएं तलाशीं। अध्यक्षता कुलपति प्रो इंद्रनील मन्ना ने की। कुलपति प्रो इंद्रनील मन्ना ने संस्थान की शोध उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। वहीं, सेल के कार्यकारी निदेशक संदीप कुमार कर ने भारतीय लोहा और इस्पात उद्योग पर जानकारी दी। आईआईटी बॉम्बे के एमेरिटस फेलो प्रो विनय ए जुवेकर ने रासायनिक इंजीनियरिंग और सामग्रियों के क्षेत्र में नवीनतम प्रवृत्तियों पर अकादमिक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। सम्मेलन में पोस्टर प्रस्तुति सत्र में शोधकताओं ने अपने नवाचार प्रस्तुत किए। विशेषज्ञों के साथ विचार-विमर्श और उपयोगी प्रतिक्रिया का आदान-प्रदान हुआ। सम्मेलन के दौरान के दौरान-नवीकरणीय ऊर्जा और अपशिष्ट उपयोगीकरण, द्रव प्रवाह और माइक्रोफ्लुइडिक्स, द्रव्यमान स्थानांतरण और नवीन पृथक्करण प्रक्रियाएं, उन्नत उत्प्रेरक और प्रतिक्रिया अभियंत्रण, उन्नत नैनो सामग्रियां, पॉलिमर और कंपोजिट्स और जैव प्रौद्योगिकी, आदि विषयों पर चर्चा हुई। सम्मेलन के संयोजक प्रो अखिल सेन ने इस आयोजन में न सिर्फ रासायनिक इंजीनियरिंग और उन्नत सामग्रियों में नई प्रवृत्तियों और स्थायी समाधानों पर चर्चा की गई, बल्कि सहयोग को बढ़ावा दिया।

## कृषक मित्र महासंघ का पुनर्गठन, शशि भगत बने पुनः प्रदेश अध्यक्ष, सुभाष महासचिव और राजेश बने सचिव



**रांची।** मोरहाबादी मैदान के नीलांबर पीताम्बर पार्क में शुक्रवार को झारखंड प्रदेश कृषक मित्र महासंघ की बैठक हुई। बैठक में प्रदेश कमेटी को भंग कर नयी कमेटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से निर्विरोध शशि कुमार रौनियार प्रदेश अध्यक्ष अध्यक्ष चुने गए । वहीं सुभाष सिंह को प्रदेश महासचिव और राजेश प्रजापति को सचिव बनाया गया। निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष शशि कुमार रौनियार ने कहा कि जल्द ही कृषि मंत्री शिल्पा नेहा तिर्की से कृषक मित्र को लेकर बैठक की जाएगी। उन्होंने कहा कि कृषि मंत्री से वार्ता हुई है जिसमें उन्होंने जल्द ही कृषक मित्रों के प्रतिनिधिमंडल के साथ वार्ता करने की बात कही है। मौके पर जिला अध्यक्ष दु:खभंजन निराकार, प्रकाश महतो,धर्मेन्द्र यादव, प्रमोद उरांव, कर्मदयाल साहु, अक्षय दे ,बिक्की राज, जगदीश महतो, अवनीत सिंह, मनोज सिंह सहित काफी संख्या में कृषक मित्र मौजूद थे।

## उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने किया शहर अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण

- बायोमेट्रिक पंजी से कर्मियों के आगमन प्रस्थान का समय देखा गया
- कार्यालय में अनुपस्थित पाए गए लिपिक एवं राजस्व कर्मचारी को शो-कॉज



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सभी कर्मचारी कार्यालय समय से आएं और बायोमेट्रिक हाजिरी बनाना सुनिश्चित करें। आवेदन स्वीकृति के पश्चात ही अवकाश पर जाएं। कार्यालय को साफ रखें। दाखिल-खारिज मामलों के निष्पादन में तेजी लाएं। उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजंत्री द्वारा उक्त निर्देश शुक्रवार को शहर अंचल कार्यालय में सभी पदाधिकारियों और कर्मचारियों को दिए गए। उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजंत्री ने शुक्रवार को संध्या समय शहर अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। सर्वप्रथम उपायुक्त ने कार्यालय में उपस्थित कर्मियों की उपस्थिति पंजी और बायोमेट्रिक उपस्थिति की जांच की। कार्यालय में अनुपस्थित पाए गए एक लिपिक एवं राजस्व कर्मचारी को शो-कॉज करने का निर्देश उपायुक्त ने दिया।

उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री ने अंचल अधिकारी मुंशी राम से दाखिल-खारिज के लंबित मामलों की जानकारी ली और पंजी- 2 के परिशोधन पोर्टल के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अंचल कार्यालय परिसर का भ्रमण किया। उन्होंने अंचल अधिकारी को कार्यालय के आधारभूत संरचना को अधिक सुदृढ़ बनाने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने सभी अंचल कर्मियों को दक्षता-पूर्वक और पूरी पारदर्शिता के साथ जन कर्तव्यों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि सभी कर्मचारी समय से कार्यालय आएं। अपने कार्यालय को साफ-सुथरा रखें। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारियों के कार्यालय आगमन-प्रस्थान के समय की जांच बायोमेट्रिक हाजिरी से होगी।

### बरियातू क्षेत्र के विभिन्न जन वितरण प्रणाली दुकानों का किया निरीक्षण

**रांची।** उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री के निर्देशानुसार शुक्रवार को विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी मोनी कुमारी द्वारा बरियातू क्षेत्र के जन वितरण प्रणाली दुकानों का निरीक्षण किया गया। वार्ड संख्या 01 एवं 09 के विभिन्न जन वितरण प्रणाली दुकानों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने उपस्थित राशन कार्डधारियों से भी बातचीत की। कार्डधारियों द्वारा बताया गया कि प्रत्येक माह खाद्यान्न का वितरण ससमय हो रहा है। कुछ कार्डधारी द्वारा चना दाल वितरण नहीं होने की बात कही गई, जिस पर विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी द्वारा संबंधित पीडीएस डीलर को चना दाल वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। मोनी कुमारी ने सभी पीडीएस डीलर को वर्तमान माह का खाद्यान्न वितरण जल्द से जल्द सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

## नवनियुक्त कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव और उप नेता राजेश कच्छप का कार्यकर्ताओं ने किया अभिनंदन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर नव नियुक्त कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव और उपनेता राजेश कच्छप का भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। इस अवसर पर नव नियुक्त दोनों नेताओं ने विधिवत रूप से अपना पदभार ग्रहण किया और कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के लिए अपने संकल्प को दोहराया।

कार्यक्रम में प्रदीप यादव ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस के विचारों को समाज के हर वर्ग में पहुंचाना और संगठन को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता होगी। यादव ने विधायकों और नेताओं के साथ मिलकर एक रोडमैप तैयार करने की बात कही और विश्वास व्यक्त किया कि कांग्रेस को मजबूती देने के लिए सभी मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि ईमानदारी और परिश्रम से सफलता निश्चित है।

उपनेता राजेश कच्छप ने अपनी नियुक्ति पर कांग्रेस नेतृत्व का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्हें सरकार और संगठन के बीच समन्वय स्थापित करने की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने और कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान को बढ़ाने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदीप यादव के नेतृत्व में संसदीय कार्य प्रणाली और संगठन को मजबूत करने में हरसंभव सहयोग करेंगे। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि प्रदीप यादव और राजेश कच्छप जैसे अनुभवी नेताओं को जिम्मेदारी सौंपकर कांग्रेस नेतृत्व ने संगठन और सरकार के बीच समन्वय स्थापित करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान को प्राथमिकता देना कांग्रेस की परंपरा है और यह निर्णय उसी दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

**सम्मान समारोह में कई प्रमुख नेता रहे उपस्थित :** अभिनंदन करने वालों में प्रमुख रूप से मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुजनी, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव,आलोक कुमार दुबे, विनय सिन्हा दीपू, सोनाल शांति, गजेंद्र सिंह, कार्यलय प्रभारी अभिलाष साहू, राजन वर्मा, शशि भूषण राय, नेली नाथन, सुनीत शर्मा, उज्जवल तिवारी, राजूराम, राजेश चंद्र सहित अनेक लोग शामिल थे। सम्मान समारोह में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे. इस मौके पर मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुजनी, राजीव रंजन प्रसाद, किशोर आलोक कुमार दुबे, विनय सिन्हा दीपू, सोनाल शांति सहित मौजूद रहे।

## चार से 14 विधायक बनाने के संकल्प के साथ राजद का अभिनंदन समारोह आयोजित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय में शुक्रवार को झारखंड सरकार के मंत्री तथा नवनिर्वचित विधायकगण के सम्मान में युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार यादव के अध्यक्षता में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें झारखंड राजद ने प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव, गोड्डा विधायक सह झारखंड सरकार के मंत्री संजय प्रसाद यादव, देवघर विधायक सुरेश पासवान, विश्रामपुर विधायक नरेश प्रसाद सिंह का अभिनंदन सह स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजद के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री भारत सरकार सह झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव उपस्थित रहें।

झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में राजद को इंडिया गठबंधन में छः सीटें मिली थी, जिसमें चार सीटों पर विजय पताका लहराया तथा दो सीट मामूली अंतर से खोना पड़ा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में विशाल बहुमत के साथ दोबारा इंडिया गठबंधन सरकार बनी है। यह जीत राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के विचारधारा एवं युवा सम्राट तेजस्वी यादव के विचारों की जीत है। वहीं यह जीत भाजपा के विध्वंसकारी साजिशों के खिलाफ है।

श्री यादव ने आगे कहा कि झारखंड में राजद के अच्छे प्रदर्शन का श्रेय राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव के कुशल नेतृत्व तथा युवा राजद के अध्यक्ष रंजन कुमार यादव के मेहनत का प्रतिफल है। दोनों नेताओं ने पूरे प्रदेश में दौरा कर युवाओं को जोड़ने का काम कर संगठन को मजबूत बनाया। इस जीत के लिए राजद के लाखों कार्यकर्ता बधाई के पात्र है।

श्रम नियोजन प्रशिक्षण तथा कौशल विकास एवं उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने अपने संबोधन में कहा कि सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता राज्य सरकार द्वारा चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं को गरीबों तथा जरूरतमंदों तक पहुंचाने के साथ उन्हें लाभ पहुंचाने का काम करें। प्रखंड, पंचायत, वार्ड, गांव, टोलों, मुहल्लों एवं बूथ तक सदस्यता अभियान चलाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के विचारधारा तथा युवा सम्राट तेजस्वी यादव के कार्यों को पहुंचाकर संगठन को मजबूत बनाने काम करें। उन्होंने कहा कि आज चार है तो अगले चुनाव में चार से चौदह बनाने का संकल्प लेकर अपने अपने क्षेत्रों में लग जाएं। कार्यक्रम को प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय सिंह यादव, विधायक सुरेश पासवान, विधायक नरेश प्रसाद सिंह, राष्ट्रीय महासचिव अमर सिंह, उपाध्यक्ष अनिता यादव, युवा राजद के अध्यक्ष रंजन कुमार यादव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गौतम सागर राणा, चतरा विधानसभा से प्रत्याशी रही रश्मि प्रकाश, पूर्व मंत्री बिहार सरकार विजय प्रकाश ने संबोधित किया।

कार्यक्रम में मुख्यतः राजद अनूसूचित प्रकोष्ठ के अध्यक्ष धनंजय पासवान, राजद प्रदेश महासचिव कमलेश यादव, युवा राजद के उपाध्यक्ष जफीर खान, महासचिव मंतोष यादव, धर्मेंद्र सिंह, गायत्री देवी, सचिव अजय यादव, रवि जायसवाल,पूनम देवी, उर्मिला सोरेंग, सुधीर गोप, राजकिशोर सिंह यादव, रांची जिलाध्यक्ष गुलजार, लातेहार जिलाध्यक्ष दीपक यादव, गिरिडीह जिलाध्यक्ष इरफान अहमद, चाइबासा जिलाध्यक्ष अफताब आलम, संजय यादव, लालबाबू रजक, फरहान खान,गुलशन खातून, सलीम जावेद, इम्तियाज हुसैन वारसी, केशर जहां, रवि सिंह, राजेश यादव, सुनील यादव, राजू गोप, दीपक यादव, चंदन कुमार, रामकुमार यादव, अंजल किशोर सिंह समेत कई पदाधिकारी तथा सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक हजार करोड़ की लागत से झारखंड के लोगों को मिलेगा नया रिम्स-2

# 1000 नये पीएससी बनाये जायेंगे: डॉ इरफान

- स्वास्थ्य मंत्री ने विभाग के सभी आला अधिकारी और राज्य के सिविल सर्जन के साथ की विभागीय समीक्षा बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने शुक्रवार को विभागीय समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में विभाग के सभी आला अधिकारी और राज्य के सभी सिविल सर्जन मौजूद थे। मौके पर स्वास्थ्य मंत्री ने स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधारने के लिए अपने संकल्प को दोहराया और कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य को एक डॉक्टर के रूप में स्वास्थ्य मंत्री मिला है। वे स्वास्थ्य सेवा में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं करेंगे। जो अधिकारी अच्छा काम करेंगे, उन्हें इनाम मिलेगा, लेकिन गलतियों पर सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में स्वास्थ्य विभाग केवल कागजों तक सीमित नजर आ रहा है। इस व्यवस्था को बदलने के लिए वे प्रतिबद्ध हैं। बैठक के दौरान उन्होंने कुछ महत्वपूर्ण घोषणाएं और निर्देश भी दिए।

**मंत्री ने रिम्स-2 का निर्माण की घोषणा**

बैठक में घोषणा करते हुए मंत्री ने कहा कि झारखंड में 1000 करोड़ रुपये की लागत से रिम्स-2 का निर्माण किया जाएगा। यह अस्पताल न केवल दिल्ली के तर्ज पर होगा बल्कि झारखंड का मॉडल बनकर दिल्ली के अस्पतालों को भी प्रेरित करेगा। उन्होंने प्राइवेट अस्पतालों सख्त निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों की मौत के बाद शव को रोकने की प्रथा पर रोक लगाने के लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं। इस पर जल्द ही सरकार आदेश जारी करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य भर में 1000 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाए जाएंगे ताकि ग्रामीण और सुदूर इलाकों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंच सकें। व्यवस्था में सुधार के लिए सभी वर्तमान एजेंसियों को रद्द कर 10 दिनों के अंदर नई एजेंसियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार बहुत जल्द ही राज्य भर के अस्पतालों में लगभग 200 अस्पताल प्रबंधकों की नियुक्ति करेगी।

**सदर अस्पतालों का होगा आधुनिकीकरण**

डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि सभी सदर अस्पतालों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा और प्रत्येक जिले में मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर बनाए जाएंगे। वहीं एक सप्ताह के अंदर सभी अस्पतालों में एमआरआइ और सिटी स्कैन की मशीनें उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा समीक्षा बैठक में कहा कि मरीजों की सुविधा के लिए शाम को भी ओपीडी सेवा शुरू की जाएगी। डॉक्टर दो शिफ्ट में बैठेंगे। आवश्यकता पड़ने पर प्राइवेट डॉक्टरों को भी नियुक्त किया जाएगा ताकि सभी अस्पतालों में पर्याप्त डॉक्टर उपलब्ध हों।

**जामताड़ा में मेडिकल कॉलेज**

मंत्री ने कहा कि जामताड़ा में मेडिकल कॉलेज निर्माण के लिए रास्ता साफ हो चुका है। जल्द ही रांची से स्थल निरीक्षण के लिए टीम जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनि?ित करेगी कि झारखंड के हर कोने में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों। साथ ही मोहल्ला क्लीनिक की जगह मुख्यमंत्री की सलाह के अनुसार इसका आधुनिकीकरण किया जाएगा।

## उपायुक्त भजंत्री ने लगाये जनता दरबार, सुनी लोगों की समस्या



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रांची मंजूनाथ भजंत्री ने शुक्रवार को जनता दरबार लगाकर लोगों से मुलाकात की। उपायुक्त जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। एक-एक कर सभी की समस्याओं को सुनते हुए उन्होंने आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा।

जनता दरबार में विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो कि विभिन्न विभागों से संबंधित थे। सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के बाद उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए जल्द से जल्द समाधान करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए यथाशीघ्र प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें।

## विशेष मध्यस्थता अभियान के अंतिम दिन 09 मामलों को सुलझाया गया

**रांची।** व्यवहार न्यायालय में पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान का शुक्रवार को समापन हो गया। मध्यस्थता केंद्र, रांची के मध्यस्थों एवं दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के अथक प्रयास और सुझ-बुझ से पहले दिन 16, दूसरे दिन 14, तीसरे दिन 12, चौथे दिन 13 और अंतिम दिन 09 मामलों को सुलझाया गया। विशेष मध्यस्थता अभियान में पांच दिनों में कुल 64 मामलों को सुलझाने में सफलता मिली है। ज्ञात हो कि विशेष मध्यस्थता अभियान के अंतिम दिन कुल 09 (नौ) मामलों को सुलझाने में सफलता मिली और दोनों पक्ष राजी-खुशी से अपने मामलें को समाप्त करने के लिए तैयार हो गये। अन्य मामलों में अभी अंतिम स्तर की बातचीत बाकी है, इसलिए वे मामले विशेष मध्यस्थता के पास अगले स्तर की सुनवाई के लिए लंबित है।

## छात्राओं के साथ अभद्रता मामले में कार्रवाई की मांग

- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने घटना को लेकर कोतवाली नगर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने छात्राओं के साथ अभद्र व्यवहार करने वाले युवक की तत्काल गिरफ्तारी और छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने कोतवाली नगर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपते हुए प्रशासन से इस मामले में सख्त कार्रवाई की अपील की है।

**घटना सोशल मीडिया पर वायरल :** एबीवीपी की केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य एवं प्रदेश सह मंत्री दिशा दित्या ने बताया कि 6 दिसंबर, शुक्रवार सुबह लगभग 7:22 बजे रांची के अपर बाजार स्थित बनारसी मिष्ठान्न गली में स्कूली छात्राओं के साथ एक युवक द्वारा अभद्रता और छेड़खानी करने की घटना सामने आयी। यह घटना सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी है, जिससे छात्राओं और उनके अभिभावकों में भय और आक्रोश है।

दिशा दित्या ने कहा कि इस घटना की जांच कर आरोपी की अविलंब गिरफ्तारी होनी चाहिए। ऐसे मामलों में कठोरतम कार्रवाई की जाये ताकि समाज में एक उदाहरण पेश हो सके। उन्होंने महिला सुरक्षा के लिए राज्य में कठोर कानून बनाने और अपराधियों को सख्त दंड देने की मांग की। विद्यार्थी परिषद ने राज्यपाल से मिलकर इस विषय में उचित कदम उठाने की योजना भी बनाई है।

**रांची में बढ़ते अपराधों पर चिंता :** एबीवीपी के प्रदेश मीडिया संयोजक गुड्डू राय ने बताया कि एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, रांची में महिलाओं के साथ दुष्कर्म और छेड़छाड़ के मामलों में वृद्धि हो रही है। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि भयमुक्त रांची बनाने के लिए ऐसी घटनाओं पर सख्त कदम उठाए जायें।

**मिशन साहसी के तहत आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम :** महिला सशक्तिकरण की दिशा में विद्यार्थी परिषद ने मिशन साहसी के तहत विभिन्न शैक्षणिक परिसरों में निशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की है। इस अभियान का उद्देश्य छात्राओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। एबीवीपी ने स्पष्ट किया कि महिला सुरक्षा के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और वे इस मामले को उच्च स्तर तक ले जाएंगे।

## राजधानी का सुंदरीकरण किया जायेगा : सचिव

- प्रथम चरण में कचहरी चौक इलाके का पुनर्विकास किया जायेगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने राजधानी रांची को उसके नाम एवं गरिमा के अनुरूप विकसित करने का जुडको को निर्देश दिया है। प्रधान सचिव ने शुक्रवार को प्रोजेक्ट भवन में कार्यालय कक्ष में हुई बैठक के क्रम में यह निर्देश दिया। जुडको की ओर से प्रथम चरण में कचहरी चौक और उपायुक्त कार्यालय के आसपास के इलाकों की सुदंरीकरण एवं विकास के लिये तैयार किये गये खाका का प्रस्तुतिकरण प्रधान सचिव के समक्ष किया गया। प्रधान सचिव ने प्रस्तुतिकरण देखने के बाद कहा कि कचहरी चौक की ही तरह शहर के अन्य प्रमुख क्षेत्रों के विकास एवं सौंदर्यीकरण से संबंधित प्रस्ताव जल्द तैयार किया जाये।

शहर के प्रमुख केंद्र कचहरी क्षेत्र में विभिन्न सरकारी कार्यालय है। जिससे यातायात का भारी दबाव रहता है। इसे सुगम बनाने के लिये समेकित विकास के प्रस्तावों का प्रस्तुतिकरण किया गया। वर्तमान में मौजूद सड़कों का चौड़ीकरण, सुंदरीकरण, फुटपाथ का निर्माण और ड्रेनेज प्रणाली तथा लाइटिंग का प्रावधान कर इस परिक्षेत्र को आकर्षक बनाया जायेगा। इसके तहत उपायुक्त कार्यालय, आयुक्त कार्यालय के आगे पीछे, आयुक्त कार्यालय से लाइनटैंक तालाब, शारदा बाबू लेन सहित अन्य संपर्क पथों को समेकित विकास की योजना तैयार की गयी है। प्रधान सचिव ने निर्देश दिया कि जो भी सरकारी खाली जमीन और पुराने सरकारी भवन हैं उनका विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर उनके समक्ष प्रस्तुत किया जाये। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में 24 घंटे आमलोगों को उपलब्ध होने वाली जनसुविधाओं का उल्लेख किया जाये। वाकिंग मार्केट, पार्क, वृक्षारोपण तथा लाइटिंग का प्रावधान किया जाये। इससे शहर की हृदयस्थली में बसे इस कचहरी क्षेत्र का दृश्य खूबसूरत दिखे। उन्होंने शहर में बेतरतीब ढंग से फैले विद्युत तारों को उर्जा विभाग के साथ तालमेल सुव्यवस्थित कराने का निर्देश दिया। साथ ही, एलपीएन शाहदेव चौक से कांके मार्ग के सुंदरीकरण पर रिपोर्ट बनाने के लिये कहा। जुडको द्वारा तैयार किये गये कचहरी प्ररिक्षेत्र के इस प्रस्तुतिकरण को देख कर प्रस्ताव पर सहमति जताते हुये राजधानी के अन्य इलाकों अलबर्ट एक्का चौक, लालपुर चौक, डंगराटोली चौक, बरियातु और रिम्स चौक, सुजाता चौक, शहीद चौक, करमटोली, मोराबादी तथा अन्य सभी प्रमुख चौक चौराहों के सुंदरीकरण का काम जोन में बांट कर प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। प्रस्तुतिकरण के दौरान जुडको के परियोजना निदेशक, तकनीकी गोपाल जी, महा प्रबंधक विनय कुमार, परियोजना प्रबंधक शितांषु वैभव, उप परियोजना प्रबंधक प्रत्युष आनंद और सुशांत सिन्हा उपस्थित थे।

## टैंकर में आगजनी और फायरिंग करने वाले पांच अपराधी गिरफ्तार



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्लांट में घुसकर टैंकर में आगजनी और फायरिंग करने वाले पांच अपराधियों को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसएसपी चंदन सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए सलीम अंसारी उर्फ बादल, दीपक कुमार, सद्दाम हुसैन उर्फ छोटू, लालमुनी राम उर्फ मुनीलाल और बबलू खान को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो देशी पिस्टल, एक देसी कप्ता, गोलियां, 9 मोबाइल फोन और दो बाइक जब्त किया गया है। पकड़ा गया अपराधी मुनि लाल का संबंध उग्रवादी संगठन टीपीसी से रहा है। शुक्रवार को एसएसपी चंदन सिन्हा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी।

**क्या है मामला**

बीते 30 नवंबर की रात ओरमांझी थाना क्षेत्र के रुक्का स्थित हुटुप ओपी के समीप श्री राम इंटर प्राइजेज प्लांट में अपराधियों ने उत्पात मचाया था। चार अपराधियों ने प्लांट में घुसकर पानी ढुलाई करने वाले टैंकर में सोए चालक अखिलेश कुमार को उतारा और टैंकर को पेट्रोल छिड़क कर आग के हवाले कर दिया। जाते समय अपराधियों ने चालक अखिलेश कुमार का मोबाइल लूट लिया। इसके बाद फायरिंग कर गाली-गलौज करते हुए वे भाग निकले थे।

## चोरी की बाइक रखने के जुर्म में दो आरोपियों को मिली सजा

**रांची।** 14 वर्ष पुराने चोरी की मोटरसाइकिल रखने को लेकर दर्ज मामले में सुनवाई करते हुये प्रथम सैनिक के न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की अदालत में दो आरोपी मोहम्मद इमरान और मोहम्मद अल्ताफ उर्फ पिंटू को दोषी ठहराते हुए 9-9 माह की सजा दी है। इस घटना को लेकर मोटरसाइकिल मालिक विजय नायर ने 19 जनवरी 2010 को लालपुर थाने में प्राथमिक की दर्ज कराया था। अनुसंधान के दौरान लालपुर पुलिस ने खेत मोहल्ला हिंदपीढ़ी निवासी मोहम्मद इमरान और मोहम्मद अल्ताफ को मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी मोटरसाइकिल को चुराकर उसका नंबर बदलकर इस्तेमाल कर रहा था। मामले में जांच की कार्रवाई मई 2010 में ही पूरी हो गई थी। लेकिन आरोपी अल्ताफ फरार था। उसे 6 दिसंबर 2024 को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया । इसके बाद अदालत ने मामले में फैसला सुनाया। कोर्ट में अभियोजन पक्ष की ओर से चार गवाहों का बयान दर्ज कराया गया था। जिसके आधार पर अदालत में दोनों आरोपियों को भादवि की धारा 411 में दोषी पाकर उक्त सजा सुनाई।

# कृषि विभाग के अधिकारी सप्ताह में दो दिन फील्ड विजिट पर रहें : शिल्पी नेहा तिर्की

- मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने की अपनी पहली विभागीय समीक्षा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने अपनी पहली विभागीय समीक्षा के बाद अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे सप्ताह में दो दिन फील्ड विजिट पर रहें। नेपाल हाउस में आयोजित इस बैठक के दौरान नसीहत देते कहा कि इसका उद्देश्य ग्राउंड लेवल पर विभाग की योजनाओं की हकीकत जानना है। अधिकारी विभाग के बंद कमरों से बाहर निकलकर धरातल पर योजनाओं की हकीकत को समझने का काम करें।

शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि समीक्षा बैठक में विभाग के सामने चुनौतियों को चिन्हित करते हुए उसके समाधान की दिशा में बढ़ने पर चर्चा हुई है। इसके साथ ही विभागीय बजट को लेकर भी अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वो खुले विचार से लोगों के सुझाव को ग्रहण करने की सोच को अपनायें।

**हाट बाजारों को किया जाएगा विकसित :** मंत्री ने कहा कि विभाग ग्रामीण हाट बाजारों को विकसित करेगा। ग्रामीण इलाकों में जर्जर हाट बाजार को दुरुस्त करने के लिए विभाग राशि भी खर्च करेगा। विभाग की योजनाओं की संपूर्ण जानकारी के लिए ब्लॉक स्तर पर योजना कैलेंडर जारी किया जाएगा। दरअसल योजना की सही जानकारी के अभाव में लाभुकों तक विभाग की योजना का लाभ नहीं पहुंच पाता है। समीक्षा बैठक के दौरान केंद्र सरकार की योजनाओं को लेकर अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दे दिया गया है।

मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते कहा कि केंद्र सरकार की योजना का पहले विभागीय स्तर पर समीक्षा की जाए। योजना को लेकर विभागीय सहमति बनने के बाद विभाग उस पर काम करेगा। झारखंड में पशु बाजार को बढ़ावा देने के लिए विभाग विशेष पहल करेगा। ग्रामीण इलाकों में पशु की खरीद-बिक्री के लिए ऐसे बाजार उपयोगी साबित होंगे।

मंत्री ने कहा कि नये कोल्ड स्टोरेज बनाने के बजाय पुराने कोल्ड स्टोरेज को चालू करने पर विभाग का फोकस रहेगा। किसानों के उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण स्तर के बाजार को विभाग बढ़ावा देगा। मेधा डेयरी को तेजी के साथ प्रमोट करने का निर्णय लिया गया है। झारखंड में किसान खरीफ में ज्यादा और रवि फसल पर ध्यान देते हैं। इसमें समय के साथ बदलाव करने की जरूरत है। राज्य में आलू की खेती के लिए पहले स्टोरेज और प्रोसेसिंग यूनिट की आवश्यकता होगी। इसके लिए विभाग के अधिकारी उद्योग विभाग के साथ सामंजस्य बैठा कर इस दिशा में पहल करेंगे।

## खबर एक नजर में

### नियोजन पदाधिकारी भर्ती की संख्या को दोगुनी करें : मंत्री संजय प्रसाद यादव



रांची। श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड ने राज्य में वर्ल्ड स्किल सेंटर के निर्माण का लक्ष्य तय किया है। शुक्रवार को विभागीय मंत्री संजय प्रसाद यादव की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक शौर्य सभागार, रांची में आयोजित हुई। इस दौरान मंत्री ने वर्ल्ड स्कील सेंटर के अलावा अन्य बिंदुओं पर भी जरूरी निर्देश दिए। कहा कि लेबर सेस की वसूली को दोगुना किया जाए। भविष्य को ध्यान में रखते नये सेक्टर में स्कील की ट्रेनिंग दी जाए जैसे सोलर, डीभी, एआई। श्रमिक अस्पतालों में बेहतर सुविधाएं मुहैया करायी जाए। वरीय अधिकारी क्षेत्र भ्रमण करें। सभी फैक्ट्री का सेफ्टी ऑडिट किया जाए। स्कील डेवलपमेंट सेंटर में निगरानी का स्तर बढ़ाया जाए। प्रशिक्षण की गुणवत्ता और प्लेसमेंट पर जोर दिया जाए। नियोजन पदाधिकारी भर्ती की संख्या को दोगुनी करें। बैठक में विभागीय सचिव, निदेशक, श्रमायुक्त सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे।

### राज्यपाल से मिला भक्तिवेदांत का शिष्टमंडल



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को कुमार विवेक के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल मिला। इस अवसर पर शिष्टमंडल ने राज्यपाल को दिनांक 20-22 दिसंबर 2024 तक आड्रे हाउस में आयोजित होने वाले फिल्म फेस्टिवल के उदघाटन समारोह के लिये आमंत्रित किया। इधर, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को भक्तिवेदांत विद्याभवन गुरुकुल के परियोजना निदेशक असीम कृष्ण दास के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की। शिष्टमंडल ने राज्यपाल महोदय को आगामी गीता महोत्सव कार्यक्रम के लिये आमंत्रित किया।

### युवा कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिला



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से युवा कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल रोहित सिन्हा के नेतृत्व में मिलकर उन्हें नई सरकार के लिए शुभकामनाएं दी। युवा कांग्रेस नेताओं ने मुख्यमंत्री से मांग की कि झारखंड के युवाओं को रोजगार और बेहतर शिक्षा सुविधा मुहैया कराए। जिससे कि राज्य के युवाओं को अन्य प्रदेशों में नहीं जाना पड़े। इसके साथ ही युवाओं को राज्य में शिक्षा ग्रहण करने में खर्च भी कम आएगा। नेताओं ने सभी क्षेत्र में मुख्यमंत्री द्वारा किए जा रहे जनहित व विकास के कार्यों की सराहना की। रोहित ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच का ही परिणाम है कि आज लाखों महिलाओं को मईया योजना का लाभ मिल रहा है। जिससे महिलाओं में मुख्यमंत्री और सरकार के प्रति उत्साह है। प्रतिनिधिमंडल में रोहित सिन्हा, सौरभ अग्रवाल, कुलदीप कुमार रवि, गौरव सिंह और नूर मोहम्मद सहित अन्य शामिल थे।

### पीएमएलए कोर्ट में सीएम समेत 12 ने लगायी हाजिरी

**रांची।** पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने शुक्रवार को बड़गाई अंचल के 8.46 एकड़ जमीन घोटाले में चार्जशीटेड मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित 12 आरोपियों ने हाजिरी लगाई। जेल में बंद आरोपियों की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। जमानत पर चल रह आरोपियों की ओर से अधिवक्ता ने हाजिरी दी। हेमंत सोरेन जमानत पर चल रहे हैं। उनकी ओर से वकील ने हाजिरी दी। पेशी के बाद अदालत ने हेमंत सोरेन, बड़गाई अंचल के निलंबित राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद, झामुमो नेता अंतु तिर्की, मो सद्दाम, मो अफसर अली, विपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय, इरसाद अख्तर, शेखर कुशवाहा, हजारीबाग के कोर्ट कर्मी मो इरशाद, कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के कर्मी तापस घोष और चौकीदार संजीत कुमार की न्यायिक हिरासत अवधि 23 कमब तक बढ़ा दी है।अगली पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ही की जायेगी।

### जेएसएससी-सीजीएल पास अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों की जांच के लिए पांच पदाधिकारी प्रतिनियुक्त

**रांची।** झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के अंतर्गत संबंधित विभागों के द्वारा दी गयी रिक्ति के अनुसार अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों की जांच के लिए झारखंड सचिवालय सेवा के पांच पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग में की गयी है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी की है। इनकी हुई प्रतिनियुक्ति : सुनील कुमार, अवर सचिव कार्मिक विभाग, संगीत कुमार भगत, एसओ, कार्मिक, दीप्ति शिखा हेरेंज, उद्योग, कार्तिक बानरा, पर्यटन विभाग, चंद्रदीप एक्का, स्कूली शिक्षा विभाग हैं।

### राष्ट्रीय लोक अदालत, 10 लाख से अधिक को नोटिस

**रांची।** राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत शनिवार को राज्य के सभी न्यायालयों में लोक अदालत लगेगी। झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद इसका ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे। लोक अदालत में मामलों के निपटारे के लिए 300 से अधिक बेंच का गठन किया गया है। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ऑनलाइन 1030 नए विधि सेवा केंद्रों, 90 दिनों के जागरूकता और आउटरीच कैंपेन की शुरूआत भी करेंगे। लोक अदालत में मामलों के निष्पादन के लिए झालसा के निर्देश पर दस लाख से अधिक पक्षकारों को नोटिस दिया गया है। इस साल का यह अंतिम लोक अदालत है। लोक अदालत में छोटे-छोटे आपराधिक मामले, बैंक से संबंधित मामले, मोटर वाहन दुर्घटना वाद, वैवाहिक विवाद के मामले, श्रम विवाद, भू-अर्जन, राजस्व, सेवानिवृत्ति लाभ, मनरेगा, पानी-बिजली के बिल, करों से संबंधित मामले, वन अधिनियम, छावनी परिषद, रेलवे दावा, आपदा, अनुकंपा पर नियुक्ति और अपील से जुड़े मामलों का निपटारा होगा।

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा**
पाण्डेय गणपत राय भवन प्रथम तल्ला, समाहरणालय, लोहरदगा पिन -835302
E-mail :- ssaloh@rediffmail.com / lohardagassa@gmail.com

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024-25 हेतु लोहरदगा जिलान्तर्गत अवस्थित 05-कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, 02-झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय एवं 01-नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में आवश्यक खाद्य / अखाद्य सामग्री आदि के क्रय हेतु विद्यालयवार निविदा प्राप्त नहीं होने के कारण निविदादाताओं से मुहरबंद निविदा (दूसरी बार) **PR 341818 (LOHARDAGA) 2024-25D** द्वारा आमंत्रित किया गया था जिसमें टंकन भूलवश क्रमांक 1 से 5 में एक ही विद्यालय, कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, भण्डरा अंकित हो गया है, इसे संशोधित रुप में निम्न रुप से पढ़ा जाए।

| क्र0 | विद्यालय का नाम | पैकेज का नाम |
|---|---|---|
| 1 | कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, भण्डरा | (क), (ख), (ग), (घ) |
| 2 | कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, किस्को | (क), (ख), (ग), (घ) |
| 3 | कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, कुडू | (क), (ख), (ग), (घ) |
| 4 | कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, लोहरदगा | (क), (ख), (ग), (घ) |
| 5 | कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, सेन्हा | (क), (ख), (ग), (घ) |
| 6 | झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय, कैरो | (क), (ख), (ग), (घ) |
| 7 | झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय, पेशरार | (क), (ख), (ग), (घ) |
| 8 | नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, हिरही, लोहरदगा | (क), (ख), (ग), (घ) |

इच्छुक निविदादाता दिनांक 11.12.2024 से दिनांक 24.12.2024 पूर्वाह्न 10:00 बजे से निविदा प्रपत्र एवं अन्य विस्तृत जानकारी झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। निविदा डालने की अंतिम तिथि 24.12.2024 को 04:00 बजे अपराह्न तक होगी। निविदा से संबंधित जानकारी जिले के बेबसाईट **https://lohardaga.nic.in** पर देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी -सह-
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा

PR 341975 Lohardaga(24-25)#D

खबर मन्त्र
रांची. शनिवार . 14 दिसंबर 2024
अभिव्यक्ति
epaper.khabarmantra.net

# प्रियंका का प्रहार

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शुक्रवार को सरकार पर तीखा प्रहार किया और दावा किया कि यदि लोकसभा चुनाव के नतीजे इस तरह नहीं आते तो यह सरकार संविधान बदलने का काम करती। उन्होंने लोकसभा में भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा में भाग लेते हुए आरोप लगाया कि एक व्यक्ति को बचाने के लिए देश की जनता को नकारा जा रहा है। वायनाड से लोकसभा सदस्य निर्वाचित होने के बाद सदन में उनका यह पहला भाषण था। उन्होंने कहा, हमारा संविधान लोगों के लिए सुरक्षा कवच है जो देशवासियों को सुरक्षित रखता है। यह न्याय, एकता, और अभिव्यक्ति की आजादी का कवच है। लेटरल एंट्री के जरिये आरक्षण को कमजोर किया जा रहा है।अगर लोकसभा में ये नतीजे नहीं आए होते तो ये (सत्तारूढ़ दल) संविधान बदलने का काम करते। लोकसभा चुनाव में इन्हें (भाजपा) हारते-हारते जीतने से एहसास हुआ कि इस देश में संविधान बदलने की बात नहीं चलेगी। प्रियंका गांधी का कहना था कि आज जाति जनगणना का जिक्र सत्तापक्ष कर रहा है क्योंकि ऐसे नतीजे आए। कांग्रेस सांसद का तात्पर्य इस बात से था कि लोकसभा चुनाव में भाजपा बहुमत से दूर रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आर्थिक न्याय का कवच तोड़ रही है। कांग्रेस सांसद ने दावा किया कि आज किसान भगवान भरोसे है। प्रियंका गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका नाम पुस्तकों से मिटाया जा सकता है, भाषणों से मिटाया जा सकता है, लेकिन आजादी और देश के निर्माण में उनकी भूमिका को नहीं मिटाया जा सकता। निश्चित तौर पर प्रियंका का पहला भाषणा कांग्रेस की नीति और एजेंडा के अनुसार ही था। प्रियंका के पहले भाषण को संसद में सराहा गया।

## कार्टून वर्ल्ड






**मेष :** दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। शुभांक-1-3-6

**वृष :** संतोष से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-8

**मिथुन :** मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहे। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-5-7

**कर्क :** स्वास्थ्य में ताजगी बनने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-5-7-8

**सिंह :** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-1-2-5

**कन्या :** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-3-5-7

**तुला :** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। वैचारिक उत्तेजना पर नियत्रंण रखें। शुभांक-5-6-8

**वृश्चिक :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। अच्छे समय का इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-2-5-7

**धनु :** सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यो से लाभ। मनोबल ऊंचा रखें। शुभांक-5-6-7

**मकर :** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढने.के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-5-7-8

**कुंभ :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। शुभांक-5-7-8

**मीन :** पूर्व में किये कार्यो से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। शुभांक-1-4-5

# एआई के दौर में बराबरी के अवसरों का वादा

भारत में एआई की स्थिति अभी तक अस्पष्ट है। लगता है कि कंपनियों के निदेशक मंडलों में एआई पर गंभीर चर्चा बहुत कम हो रही है।

साल खत्म होने को है और इस वक्त पीछे मुड़कर देखना स्वाभाविक ही है। गुजरता साल कई चुनावों में हार-जीत का गवाह बना और भूराजनीतिक उथलपुथल के भी दूरगामी असर रहे। मगर भारत में तेज होड़ और समान अवसरों के वादे के बीच बहुत कुछ और भी हुआ, जिसकी बात नीचे की जा रही है।

कारोबार के चलन की बात करें तो क्विक कॉमर्स बिला शक 2024 का बादशाह रहा। बीसेक उत्साही उद्यमियों और फूड डिलिवरी दिग्गज स्विगी तथा जोमैटो से आए लोगों द्वारा शुरू किए गए जेप्टो जैसे छोटे से स्टार्टअप ने क्विक कॉमर्स का जो मॉडल खड़ा किया, उसे एमेजॉन और फ्लिपकार्ट जैसी भारी-भरकम कंपनियों को भी आजमाना पड़ रहा है। वक्त ऐसा बदला कि कभी बड़ी कंपनियों की तर्ज पर चलने वाली छोटी कंपनियां अब उन्हें ही अपना कारोबारी मॉडल बदलने और तेज-तर्रार बनने पर मजबूर कर रही हैं।


इसके बाद उपग्रह संचार (सैटकॉम) के लिए स्पेक्ट्रम पूरे साल विवाद का मसला रहा और उसे पक्ष तथा विपक्ष में खेमे बन गए। स्पेक्ट्रम की नीलामी (अंतरराष्ट्रीय अनुभवों और प्रयोगों के मुताबिक बहुत चुनौती भरी) की वकालत करने वाले खेमे का तर्क है कि सैटकॉम में भी नीलामी होने से मोबाइल टेलीफोनी के साथ होड़ करने के समान अवसर मिलेंगे। भारतीय दूरसंचार क्षेत्र से जुड़े अधिकारियों को किसी भी खेमे के प्रभाव में आने के बजाय सैटकॉम को जल्द से जल्द शुरू कर देना चाहिए। दूरसंचार मंत्री ने हाल ही में संसद में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि सैटकॉम कंपनियों को प्रशासनिक व्यवस्था के जरिये यानी नीलामी के बगैर ही स्पेक्ट्रम देकर भी बराबरी का मैदान सुनिश्चित किया जाएगा।

विवाद का असली कारण उच्चतम न्यायालय का फरवरी 2012 में आया फैसला है, जिसमें दूरसंचार स्पेक्ट्रम जैसे दुर्लभ सार्वजनिक संसाधनों के आवंटन के लिए नीलामी को प्राथमिकता देने की बात कही गई थी। हालांकि अदालत ने इस फैसले पर अभी तक पुनर्विचार नहीं किया है मगर सरकार मानती है कि दूरसंचार विधेयक में सैटकॉम के लिए बने कानून तरंगों को बिना नीलामी आवंटित करने की इजाजत देते हैं। बराबरी सुनिश्चित करने की बहस के बीच उम्मीद है कि सैटकॉम सुदूर इलाकों में



कनेक्टिविटी का एक और स्तर तैयार कर देंगे। आजकल कारोबार में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) और जेनएआई के बिना सब कुछ अधूरा है। सेंटा क्लारा की कंपनी एनविडिया के मुख्य कार्य अधिकारी जेनसेन ह्वांग की भारत यात्रा और एआई की संभावनाओं के भविष्य पर रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी के साथ उनकी बातचीत ने इस क्षेत्र में साझेदारी की कई चचाओं को हवा दी।

फिर भी भारत में एआई की स्थिति अभी तक अस्पष्ट है। लगता है कि कंपनियों के निदेशक मंडलों में एआई पर गंभीर चर्चा बहुत कम हो रही है। इस क्षेत्र में काम कर रहे एक सलाहकार का कहना है कि भारतीय कंपनियां एआई में बड़ी रकम निवेश करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहीं। फिर भी बड़ी कंपनियां धीरे-धीरे ही सही एआई की दिशा में बढ़ रही हैं। कुछ कंपनियों ने अपने हरेक अधिकारी के लिए एआई का प्रशिक्षण लेना अनिवार्य कर दिया है। इनमें कुछ सबसे बड़ी कंपनियां भी शामिल हैं।



-निवेदिता

> ऐसा इत्तफाक आम तौर पर होता नहीं है, जब किसी देश के बड़े कारोबारी घराने अलग-अलग वजहों से एक साथ चर्चा में रहें। 2024 में देश के तीन सबसे बड़े औद्योगिक घराने टाटा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और अदाणी सुर्खियों में रहे। नमक से लेकर सॉफ्टवेयर तक बना रहे टाटा समूह ने सेमीकंडक्टर और सैन्य विमान विनिर्माण के नए कारोबारों में कदम रखा। टाटा कंपनी की कमान नोएल टाटा को दिए जाने की हुई।

ऐपल और भारत से उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में इसकी बढ़ती हिस्सेदारी भी इस साल चर्चा का विषय रही। वर्ष 2022-23 में ऐपल ने फॉक्सकॉन और दूसरी कंपनियों द्वारा बनाए गए 5 अरब डॉलर के आईफोन निर्यात किए थे और अगले साल यानी 2023-24 में निर्यात का आंकड़ा दोगुना होकर 10 अरब डॉलर पर पहुंच गया। अब इस बात पर नजर रहेगी कि ऐपल के पूरी दुनिया में होने वाले उत्पादन की तुलना में भारत में उत्पादन कैसा रहेगा और कहां तक बढ़ेगा।

इस साल आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की संख्या ने भी सुर्खियां बटोरीं। 2024 खत्म होने जा रहा है, इसलिए आंकड़ा शायद 100 तक नहीं पहुंच पाएगा। वैसे तो आंकड़ा बहुत बड़ा नहीं है मगर दक्षिण कोरियाई वाहन कंपनी ह्युंडै के आईपीओ ने तहलका मचा दिया। भारत के कारोबारी इतिहास का यह सबसे बड़ा आईपीओ रहा। इसके बाद दक्षिण कोरिया में मची राजनीतिक खलबली के बीच ही वहां की कंपनी एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने भी आईपीओ के लिए दस्तावेज जमा करा दिया। तो क्या अब सैमसंग भी इन दोनों के नक्शेकदम पर चलकर आईपीओ लाएगी? नए साल में रिलायंस जियो और फ्लिपकार्ट जैसी बड़ी कंपनियां भी आईपीओ की तैयारी में जुट सकती हैं।

ऐसा इत्तफाक आम तौर पर होता नहीं है, जब किसी देश के बड़े कारोबारी घराने अलग-अलग वजहों से एक साथ चर्चा में रहें। 2024 में देश के तीन सबसे बड़े औद्योगिक घराने टाटा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और अदाणी सुर्खियों में रहे। नमक से लेकर सॉफ्टवेयर तक बना रहे टाटा समूह ने सेमीकंडक्टर और सैन्य विमान विनिर्माण के नए कारोबारों में कदम रखा। मगर उससे भी ज्यादा चर्चा रतन टाटा के निधन और टाटा ट्रस्ट्स की कमान उनकी जगह उनके सौतेले भाई नोएल टाटा को दिए जाने की हुई। रिलायंस इंडस्ट्रीज गुजरात के जामनगर में आकाश अंबानी के भव्य ब्याह के लिए चर्चा में रही। अदाणी को सुर्खियां तब मिलीं, जब अमेरिकी पूंजी बाजार नियामक और न्यूयॉर्क के ईस्टर्न डिस्ट्रिक्ट के अटॉर्नी कार्यालय से सौर ऊर्जा कारोबार के सिलसिले में उन पर हमले बोले गए। ये हमले राजनीतिक हलकों में भी गूंजते रहे।

गुजरते साल में चार बड़ी घटनाएं और हुई हैं, जिन्हें इस फेहरिस्त में ऊपर के दस नामों में डाला जाना चाहिए। उदाहरण के लिए विस्तारा का एयर इंडिया में विलय बड़ी घटना थी मगर अभी तक वह विस्तारा ही बनी हुई है। कोविड 19 के दौर में शुरू हुए वर्क फ्रॉम होम से पीछा छुड़ाने की तमाम कोशिशें की गईं मगर 2024 में भी इसने कंपनियों का पीछा नहीं छोड़ा।

लक्जरी मकानों की कीमतें तो उतनी हो गईं, जितनी बड़ी कंपनियों के आला अफसरों का वेतन होता है। आईआईटी से निकले एक स्नातक को करियर की शुरूआत में ही लगभग 4 करोड़ रुपये सालाना का वेतन ऑफर किया गया, जो पहली नौकरी के लिहाज से अब तक का सबसे अधिक वेतन है। आखिर में इस साल के बजट में घोषित आम आदमी के काम की दो बड़ी योजनाएं इंटर्नशिप योजना और 70 साल से अधिक उम्र वालों के लिए आयुष्मान भारत योजना शुरू कर दी गईं मगर दोनों ही कोई धमाका नहीं कर सकीं। अब सरकार दोनों योजनाओं को दुरुस्त करने में जुटी है ताकि इनका ज्यादा असर हो सके। तब तक इस फेहरिस्त की पहली दस घटनाएं अपनी छाप छोड़ती रहेंगी।

## लेटर टू एडिटर

### स्वदेशी तकनीक

भारतीय स्वदेशी तकनीक की वैश्विक मांग बढ़ रही है। वंदे भारत ट्रेन जैसे उदाहरण ने इसे साबित किया है; इस ट्रेन की मांग कई देशों, जैसे चिली, कनाडा और मलेशिया, में बढ़ी है। इसकी मुख्य वजह भारत में इसका कम मूल्य है—वहीं अन्य देशों में ऐसी ट्रेनें 160 से 180 करोड़ में बिकती हैं, जबकि भारत में ये 120 से 130 करोड़ में उपलब्ध हैं। भारतीय निर्माण की गति भी बेहतर है। यह सब ह्यमेक इन इंडियाह्व के सपने को साकार कर रहा है।

**-अमृतलाल मारू, रांची**

### जंग नहीं समाधान

**इस्राइल** ने गाजा और दक्षिणी लेबनान पर बड़े हवाई हमले किए, जिसमें हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाया गया। जिसने ही चल रहे संघर्ष को जन्म दिया। हिजबुल्लाह ने जवाब में उत्तरी इस्राइल में रॉकेट दागे, जिसमें हाइफा जैसे शहर शामिल थे। वैसे जंग किसी भी समस्या का हल नहीं है।

**– रोहित शाह, हजारीबाग**

## ट्वीट

13 दिसंबर 2001 को लोकतंत्र के मंदिर संसद भवन पर हुए कायराना आतंकी हमले को विफल कर माँ भारती के सम्मान की रक्षा करने वाले वीर सपूतों को नमन।

देश की संप्रभुता और स्वाभिमान के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर बलिदानियों का यह राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा। जय हिंद!

**– कल्पना मुर्मू सोरेन विधायक गांडेय**

**जय** हिंद !जय बाबा बैद्यनाथ! बाबा बैद्यनाथ समस्त राज्यवासियों को स्वस्थ जीवन, सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करें। हर हर महादेव!

**– हेमंत सोरेन सीएम**

# बांग्लादेश के साथ संतुलित साझेदारी कैसे बनाए रखें

**-डॉ सत्यवान सौरभ**

## सामयिक

बांग्लादेश के साथ बिगड़ते सम्बंधों के कारण पूर्वोत्तर में भारत की पहुँच खतरे में पड़ गई है और संकरी ₹चिकन नेक₹ और भी अधिक असुरक्षित हो गई है। अस्थिर म्यांमार सीमा और बिगड़ते भारत-बांग्लादेश सम्बंध भारत के पूर्वोत्तर में अशांति और उग्रवाद को बढ़ा सकते हैं। शेख हसीना के बाहर जाने सहित राजनीतिक परिवर्तनों ने द्विपक्षीय व्यापार और मुक्त व्यापार समझौते वार्ता के विकास को रोक दिया है। बांग्लादेश में घरेलू राजनीतिक परिवर्तन और वैचारिक बदलाव भारत विरोधी भावनाओं को बढ़ावा दे सकते हैं, जो संभावित रूप से मजबूत सामाजिक और सांस्कृतिक सम्बंधों को कमजोर कर सकते हैं। बांग्लादेश के राजनीतिक बदलाव चीन को बांग्लादेश में भारत की उपस्थिति और प्रभाव को चुनौती देने का अवसर प्रदान करते हैं।

भारत और बांग्लादेश के बीच समृद्ध इतिहास है, जिसमें सांस्कृतिक, आर्थिक और रणनीतिक सम्बंध गहरे हैं। दक्षिण एशिया में भारत के सबसे महत्त्वपूर्ण पड़ोसियों में से एक के रूप में बांग्लादेश भारत की पड़ोस कूटनीति में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बांग्लादेश की रणनीतिक स्थिति भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के साथ व्यापार और संपर्क बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अंतर्देशीय जल पारगमन और व्यापार पर भारत-बांग्लादेश प्रोटोकॉल भारत के पूर्वोत्तर राज्यों और देश के बाकी हिस्सों के बीच संपर्क की सुविधा प्रदान करता है, जिससे व्यापार और क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा मिलता है। बांग्लादेश दक्षिण एशिया में भारत का सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है और भारत एशिया में बांग्लादेश का दूसरा सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है, हाल के वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

वित्त वर्ष 2022-23 में, कुल द्विपक्षीय व्यापार 15.9 बिलियन अमरीकी डॉलर बताया गया है, जो दोनों देशों के बीच बढ़ती आर्थिक निर्भरता और व्यापार सहयोग को दशार्ता है। बांग्लादेश आतंकवाद और सीमा प्रबंधन सहित कई सुरक्षा मुद्दों पर भारत के साथ सहयोग करता है। अभ्यास सम्प्रीति भारत और बांग्लादेश के बीच एक वार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास है जो सुरक्षा सहयोग को बढ़ाता है। भारत और बांग्लादेश के बीच साझा नदियाँ स्थायी उपयोग के लिए जल संसाधन प्रबंधन में सहयोग को आवश्यक बनाती हैं। 1996 की भारत-बांग्लादेश जल संधि गंगा नदी से जल बंटवारे को नियंत्रित करती है, जिससे दोनों देशों के लिए जल संसाधनों तक समान पहुँच सुनिश्चित होती है। भारत और बांग्लादेश के बीच समृद्ध सांस्कृतिक सम्बंध हैं, जो उनके राजनयिक सम्बंधों को मजबूत करते हैं। उदाहरण के लिएः बंगाली संस्कृति, जो दोनों देशों में आम है, कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देती है, आपसी समझ और सद्भावना को बढ़ावा देती है।

बांग्लादेश सार्क, बिम्सटेक और बीबीआईएन जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों में अपनी सदस्यता के माध्यम से क्षेत्रीय सहयोग में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बांग्लादेश में राजनीतिक परिवर्तनों के बीच संतुलित साझेदारी बनाए रखने में भारत के सामने आने वाली चुनौतियाँ राजनीतिक अस्थिरता हैं। बांग्लादेश में 2024 का राजनीतिक संकट, जो विरोध प्रदर्शनों, नेतृत्व परिवर्तनों और अशांति से चिह्नित है, उसने दोनों देशों की भागीदारी में अनिश्चितता पैदा की, विशेष रूप से सीमा सुरक्षा और व्यापार मामलों पर। धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हमलों के कारण कूटनीतिक तनाव पैदा हुआ है, जिससे लोगों के बीच आपसी सम्बंध और दोनों देशों के बीच समग्र सहयोग प्रभावित हुआ है। भारत मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत में तेजी लाकर आर्थिक सम्बंधों को और मजबूत कर सकता है। एक व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता व्यापार बाधाओं को दूर करने और आपसी आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। भारत को क्षेत्रीय सुरक्षा, विशेष रूप से आतंकवाद और सीमा प्रबंधन पर बांग्लादेश के साथ सहयोग को गहरा करना चाहिए। उदाहरण के लिएः सुरक्षा समन्वय में सुधार और सीमा पार आतंकवाद से निपटने के लिए ₹अभ्यास सम्प्रीति₹ जैसी संयुक्त सुरक्षा पहलों का विस्तार किया जा सकता है। भारत को बांग्लादेश के साथ एक निष्पक्ष और न्यायसंगत समझौते पर बातचीत करके तीस्ता नदी जल-बंटवारे के विवाद को हल करने को प्राथमिकता देनी चाहिए।

सांस्कृतिक, शैक्षिक और पर्यटन आदान-प्रदान लोगों के बीच मजबूत सम्बंध बना सकते हैं, अविश्वास को कम कर सकते हैं और सहयोग बढ़ा सकते हैं। पर्यटन मार्गों और बंगाली त्योहारों जैसे लोगों के बीच आदान-प्रदान का विस्तार करने से आपसी समझ बढ़ेगी।

# भाजपा के खिलाफ 27 में फिर बदलेगा सियासी समीकरण

**अजय कुमार**

## राजनीति

**उत्तर** प्रदेश में बीजेपी के खिलाफ एक बार फिर से सियासी समीकरण काफी तेजी के साथ बदल रहा हैं। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी और योगी सरकार की विरोध की हांडी नहीं पक पाने के कारण प्रदेश में एक बार फिर से नए सियासी समीकरण उभरते नजर आ रहे हैं। इस नये समीकरण में तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी का अहम रोल हो सकता है। इसी वजह से समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन की कमान ममता बनर्जी को दिये जाने की मांग का भी समर्थन कर रहे हैं। हो सकता है 2027 के विधानसभा चुनाव के समय तक समाजवादी पार्टी कांग्रेसी पंजे से अपना हाथ छुड़ाकर ममता बनर्जी के कहने पर एक बार फिर से मायावती के सात बुआ भतीजे वाला रिश्ता निभाते नजर आए। ऐसा होता है तो यूपी में कांग्रेस को बड़ा झटका लग सकता है। यह संभावना है इसलिए बढ़ रही है क्योंकि पिछले कुछ दिनों या महीनों से कांग्रेस समाजवादी पार्टी के मुस्लिम वोट बैंक में सेंधमारी की कोशिश कर रही है। सपा-कांग्रेस के बीच दूरियां लगातार बढ़ने के साथ एक-दूसरे के खिलाफ सार्वजनिक मंचों से बयानबाजी भी हो रही है। महाराष्ट और हरियाणा के चुनाव में कांग्रेस की नाकामी भी इसमें एक अहम कड़ी समझा जा रहा है। यही दूरियां ही हैं कि संसद के अंदर भी सपा-कांग्रेस विभिन्न मुद्दों पर मजबूती से एक साथ नहीं दिख रहे हैं।सपा नेताओं का कहना है कि संभल मामले में उसके सांसद पर मुकदमे दर्ज किए जाने का कांग्रेस ने उस तरह विरोध नहीं किया जैसी उससे अपेक्षा थी। बताते हैं कि लोकसभा में फैजाबाद (अयोध्या) के सपा सांसद अवधेश प्रसाद की सीट पीछे होने पर भी दोनों दलों के रिश्तों में दरार आई है। सपा का मानना है कि सीटिंग प्लान पर बात के समय कांग्रेस ने उसे भरोसे में नहीं लिया। वहीं, कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि सदन में अदाणी मामले में उसे सपा का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है। हाल यह है कि जेल में बंद सपा के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री आजम खान ने भी इंडिया ब्लॉक को जेल से एक संदेश भेजा है। इसमें उन्होंने कहा है कि इंडिया ब्लॉक को मुसलमानों पर हो रहे हमलों पर अपनी नीति स्पष्ट करनी चाहिए। साथ ही उन्होंने समाजवादी पार्टी को भी लिखा कि संभल की घटना के जैसे ही रामपुर में हुए अत्याचार का मुद्दा भी संसद में उतनी ही मजबूती से उठाना चाहिए। कांग्रेस और सपा के बीच दूरियां तब और बढ़ गईं जब सपा कि तरफ से कहा जाने लगा कि इंडिया गठबंधन का नेतृत्व कांग्रेस की जगह तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी को दिए जाने पर सपा को एतराज नहीं है। बता दें लोकसभा चुनाव के बाद कई चुनावों में कांग्रेस की लगातार हार के बाद इंडिया गठबंधन में अंतर्विरोध बढ़ रहे हैं। उधर दूसरी तरफ चर्चा यह भी है कि यूपी की राजनीति एक बार फिर पलट सकती है। सपा और कांग्रेस के बीच आई दूरियों के बीच मायावती का रुख नई राजनीतिक समीकरणों को जन्म दे सकता है। बहराल, सपा नेताओं का कहना है कि संभल मामले में उसके सांसद पर मुकदमे दर्ज किए जाने का कांग्रेस ने उस तरह विरोध नहीं किया जैसी उससे अपेक्षा थी। बताते हैं कि लोकसभा में फैजाबाद (अयोध्या) के सपा सांसद अवधेश प्रसाद की सीट पीछे होने पर भी दोनों दलों के रिश्तों में असहजता पैदा हुई है। सपा का मानना है कि सीटिंग प्लान पर बात के समय कांग्रेस ने उसे भरोसे में नहीं लिया। वहीं, कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि सदन में अदाणी मामले में उसे सपा का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है। रिश्तों में खटास का ही नतीजा है कि सपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरणमय नंदा ने कहा कि ममता बनर्जी वरिष्ठ नेता हैं। पार्टी हाईकमान भी यही चाहता है कि इंडिया गठबंधन का नेतृत्व ममता बनर्जी करें। सपा के प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल भी कह चुके हैं कि वे राहुल गांधी को इंडिया गठबंधन का नेता नहीं मानते हैं। इंडिया गठबंधन की समन्वय समिति में शामिल सपा के एक नेता बताते हैं कि कांग्रेस गठबंधन को लेकर गंभीर नहीं है। उसके नेता चुनाव के वक्त ही सक्रिय होते हैं जिससे जनाधार नहीं बढ़ता। ऐसे में बेहतर होगा कि गठबंधन का नेतृत्व ममता बनर्जी करें।

बात बीएसपी की की जाए तो हरियाणा व महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव और यूपी के उपचुनाव में कांग्रेस व सपा के बीच बढ़ी दूरियों का सियासी लाभ बसपा को मिलने की उम्मीद है। पार्टी तेजी से बदले राजनीतिक घटना पर नजर बनाए हुए है। यदि कांग्रेस और सपा के बीच बात नहीं बनी तो इसकी वजह से बनने वाले तीसरे मोर्चा का बसपा अंग बन सकती है। जानकारों की मानें तो वर्तमान में पार्टी को अपना वजूद बचाने और देश की राजनीति में अपनी प्रासंगिकता को बरकरार रखने के लिए इसकी जरूरत भी है। बसपा के इतिहास पर नजर डालें तो वर्ष 2007 के यूपी विधानसभा चुनाव में उसे बहुमत मिला था। इससे पहले बसपा दूसरे दलों की मदद से सरकार बनाती रही, जिसका लाभ उसे लोकसभा चुनावों में भी मिलता गया। वर्ष 2012 में बसपा ने फिर अकेले दम पर चुनाव लड़ने का फैसला लिया, जो गलत साबित हुआ। यही हाल 2017 के विधानसभा चुनाव में भी हुआ। 2019 में बसपा ने सपा के साथ गठजोड़ कर लोकसभा चुनाव लड़ा और 10 सांसदों वाली पार्टी बनी। हालांकि इसके बाद वर्ष 2022 का विधानसभा चुनाव और 2024 का लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने से उसे भारी नुकसान का सामना करना पड़ गया। अब पार्टी की उम्मीदें तीसरा मोर्चा बनने पर टिकी हैं। वैसे तो मायावती सपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी दोनों दलों को एक मंच पर ला सकती हैं। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो कांग्रेस को दरकिनार कर अगर तीसरा मोर्चा बना तो ममता बनर्जी उसकी निर्विवाद नेता बन सकती हैं। पहले उन्हें मायावती से चुनौती मिलने के जो समीकरण बने थे, वो बीते चुनावों में बसपा के लगातार घटते जनाधार की वजह से ध्वस्त हो चुके हैं। अब बसपा को अपना खोया हुआ जनाधार वापस पाने के लिए दूसरे दलों का सहारा लेना पड़ सकता है। मायावती अपने पुराने बसपाईयों को बुलावा दिया है।

## स्पीड न्यूज

### बलकुदरा में मना खान सुरक्षा सप्ताह



भुरकुंडा (रामगढ़)। सीसीएल बरका-सयाल प्रक्षेत्र की भुरकुंडा परियोजना के आउट सोर्सिंग खदान माईन अ बलकुदरा में गुरुवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच 67वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह समारोह पूर्वक संपन्न हो गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि रोहिणी प्रोजेक्ट के पीओ सह कार्यक्रम के कंवेनर राजेन्द्र प्रसाद ने झंडोत्तोलन कर किया। तत्पश्चात अतिथियों, अधिकारियों और सीसीएल कर्मियों ने सुरक्षा की सामुहिक शपथ लिया। साथ ही दो मिनट का मौन धारण कर दुर्घटनाओं और कोरोना काल के दिवंगत साथियों को याद करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। समारोह की शुरूआत अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद अधिकारियों ने सुरक्षा मापदंडो का भी निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये।

### वर्कर्स यूनियन ने सौंपा मांग पत्र



भुरकुंडा (रामगढ़)। कोल माइंस वर्कर्स यूनियन और आरए मीनिंग कंपनी प्रबंधन के बीच गुरूवार को सयाल परियोजना कार्यालय में एजेंडा मीटिंग हुई। वार्ता में आरए मीनिंग की ओर से सयाल पीओ सुबोध कुमार, इंचार्ज जितेंद्र सिंह मौजूद थें। एजेंडा मीटिंग में और यूनियन के बरका-सयाल क्षेत्रीय सचिव डॉ. आशीष कुमार ने माईनिंग में काम करने वाले मजदूरों को कोल इंडिया का हाई पावर कमेटी का वेतन लागू करने, मजदूरों से 8 घंटा काम लेने, सीएमपीएफ देने, सड़कों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव करने आदि की मांग की। जिसपर मीनिंग प्रबंधन जितेंद्र सिंह ने सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जहां ही जरूरत होगी वहां पानी का छिड़काव किया जाएगा। यूनियन के तरफ से जो मांग पत्र दिया गया उसपर सकारात्मक पहल की जायेगी। डॉ. आशीष कुमार ने कहा है कि हमारी मांगों पर पहल नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में कंपनी के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा। वार्ता में शाखा सचिव राहुल सिंह व प्रबंधन की ओर से मैनेजर असलम खान, विनोद कुमार पांडेय, आलोक कुमार आदि मौजूद थे।

### रोटरी क्लब ने दिव्यांग को दिया व्हील चेयर



भुरकुंडा (रामगढ़)। रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा ने अपने सामाजिक दायित्व के तहत उरीमारी गरसुला बीहड़ टोला निवासी विनोद बेदिया की पुत्री दिव्यांग अनिता कुमारी को व्हील चेयर प्रदान किया है।अनिता को व्हील चेयर उरीमारी ओपी प्रभारी रामकुमार राम व रोटरी क्लब भुरकुंडा अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने सौंपा। प्रवीण शर्मा ने कहा कि रोटरी का उद्देश्य ही जरूरतमंदों की सेवा करना है। दिव्यांग की मदद करना पुण्य का कार्य है। अब अनिता इस व्हील चेयर के उपयोग से आवागमन की परेशानियों को दूर कर सकेगी। मौके पर रोटरी क्लब भुरकुंडा के सचिव रंजीत गुप्ता, डा एनके सिंह, अजय गोयल, चंद्रशेखर अग्रवाल, कर्मवीर सिंह, सुरेंद्र प्रसाद, बालेश्वर बेदिया, उमेश बेदिया, सिकासन करमाली, लाल बहादुर मांझी, सुरेंद्र बेदिया, पवन बेदिया, मुकुंद बेदिया सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### जनता मजदूर संघ की बैठक



भुरकुंडा (रामगढ़)। 17 सूत्री मांगो के लेकर जनता मजदूर संघ और भुरकुंडा प्रबंधन के बीच भुरकुंडा परियोजना कार्यालय में शुक्रवार को बैठक हुई। यूनियन ने प्रबंधन को अपनी सभी 17 मांगों से अवगत कराया। जिसपर प्रबंधन ने सबों मांगों पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। बैठक में भुरकुंडा जनता मजदूर संघ के सचिव बैजनाथ कुमार, अध्यक्ष सन्नारायण ठाकुर, राहुल झा, रेणुका देवी, गणेश भौमिक, अर्जुन साहू, एरिया के पदाधिकारी चमन मुंडा, दशरथ कुर्मी, अशोक शर्मा, महेंद्र सिंह, राजु मल्होत्रा, लोकेश कुमार और प्रबंधन की ओर से मैनेजर कमर फहीम, प्रोजेक्ट इंजीनियर अंकुर विश्वनाथ, सिविल इंजीनियर बालमुकुंद कर, पर्सनल मैनेजर भंडारी, रामकुंदन महतो, मैनेजर अंडरग्राउंड राजीव रंजन, जितेंद्र तिवारी उपस्थित थे।

### सांसद प्रतिनिधियों का कुजू में स्वागत



कुजू। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग व रामगढ़ जिला के लिए सांसद प्रतिनिधि प्रतिनियुक्त किया है। जिसमें हजारीबाग जिला के सांसद प्रतिनिधि के रूप में अनिल मिश्रा, सत्येंद्र नारायण सिंह, रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल शामिल है। सभी नव नियुक्त सांसद प्रतिनिधियों का भाजपा कार्यकताओं ने कुजू चौक स्थित एमआर कॉम्प्लेक्स में फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधियों ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल ने जिस आशा और विश्वास के साथ हम सभी को अपना प्रतिनिधि प्रतिनियुक्त किया है, हम सभी उस पर खरा उतरने के साथ क्षेत्र के जनता के समस्याओं को दूर करने का काम करेंगे। स्वागत करने वालों में रामगढ़ जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, प्रदीप सिन्हा, मंडल अध्यक्ष तोकेश सिंह, महामंत्री अशोक कुमार, उपाध्यक्ष रतन प्रसाद, अरविंद कुमार, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रवि साहू, भाजपा नेता आशीष साहू, गणेश सोनी, शंभूलाल ठाकुर, पंचित महतो, सूरज महतो, वीरेंद्र करमाली, श्रवण साह, रामू तूरी, राजू प्रसाद आदि शामिल थे।

# उपायुक्त ने की सीएसआर योजनाओं की समीक्षा

## संचालित योजनाओं की सूची दें सभी कंपनियां

खबर मन्त्र संवाददाता



हजारीबाग। उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में सीएसआर समिति की बैठक गुरूवार को हुई। बैठक में उपायुक्त ने सीएसआर मद से क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित कंपनियों को उनके द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति तथा उनके द्वारा किए जा रहें कार्यों की सूची उपलब्ध करवाने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने कहा कि विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा निश्चित रूप से अच्छे कार्य किए गए है जो एक सकारात्मक पहल है। सीएसआर मद से जिला स्तर पर गैप फिलिंग का कार्य किया जाता है। इस मद का सदुपयोग कर और भी कई इनोवेटिव कार्य किए जा सकते है। बैठक में अडानी इंटरप्राइजेज, एनटीपीसी, एनएमडीसी, सीसीएल, जेडब्लूएस, ओएनजीसी, प्रभा एनर्जी के पदाधिकारी ने उपायुक्त को बताया कि उनके द्वारा बच्चों को सोलर लाइट सिस्टम, आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण, स्ट्रीट लाइट,आंगनबाड़ी केंद्रों में बर्तन, डीप बोरिंग,महिलाओं को रोजगार परक प्रशिक्षण व कई सीएसआर एक्टिविटी कराई जा रही है। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी से संचालित सभी योजनाओं की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

बैठक में उपायुक्त ने कंपनी के पदाधिकारियों को सीएसआर मद से संचालित योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया ताकि लोकहित में नई योजनाओं को धरातल पर उतारा जा सके। बैठक में उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद,योजना पदाधिकारी पंकज कुमार तिवारी व विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# रामगढ़ जिले में कल से शुरू होगी धान की खरीद : डीसी

## बिचौलियों से रहे सावधान केंद्र पर ही बेचें धानः उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता



रामगढ़ । खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में खरीफ विपणन मौसम 2024 - 25 के तहत 15 दिसंबर से धान अधिप्राप्ति का कार्य शुरू होना है। इस संबंध में उपायुक्त चंदन कुमार ने रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी किसानों से अपील करते हुए कहा है कि वे किसी भी हालत में बिचौलियों से सावधान रहे एवं अपने नजदीकी धान अधिप्राप्ति केंद्र पर ही धान की बिक्री करें। उन्होंने जिला एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारियों को विभिन्न माध्यमों का इस्तेमाल करते हुए सभी किसानों को इसके प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया है। इस वर्ष किसानों से क्रय किए जाने वाले धान के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 प्रति क्विंटल के दर से निर्धारित है एवं बोनस के रूप में प्रति क्विंटल ?100 भी दिए जाने हैं। इस तरह प्रति क्विंटल धान के लिए किसानों को ?2400 का भुगतान किया जाएगा ।

वहीं, धान की बिक्री करते ही 50 फीसदी राशि तत्काल रूप से पीएफएमएस के माध्यम से किसानों को भुगतान कर दी जाएगी। रामगढ़ जिले में धान अधिप्राप्ति कार्य के लिए अलग-अलग प्रखंडों में कुल 24 पैक्स केंद्रों गोला प्रखंड में 5, चितरपुर प्रखंड में 3, रामगढ़ में 2 दुलमी में 5 पतरातू में 4 एवं मांडू 5 पैक्स के केंद्रों को चिन्हित किया गया है।

### फिल्म डिजिटल अरेस्ट यूट्यूब पर हुआ रिलीज दर्शकों ने की सराहना

दारू। शराबखोरी, प्रौढ़ शिक्षा, ह्यूमन ट्रैफिकिंग, कोविड 19 , जामताड़ा साइबर क्राइम जैसे ज्वलंत मुद्दों पर फिल्म बना चुके दारू प्रखंड के दारु खैरका निवासी फिल्म निर्माता निर्देशक पंकज हिंदुस्तानी पिता रामचंद्र प्रसाद ने इस बार वर्तमान में चल रहे साइबर क्राइम पर आधारित लघु फिल्म डिजिटल अरेस्ट बनाई है । फिल्म को 12 दिसंबर को यूट्यूब चैनल पंकज हिंदुस्तानी शो में रिलीज कर दिया गया है । रिलीज के साथ ही इस फिल्म को हजारों लोग देख चुके हैं और इसे लोगों द्वारा काफी सराहा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मन की बात में डिजिटल अरेस्ट के बारे में लोगों को जागरूक किया था उसी से प्रेरित होकर पंकज हिंदुस्तानी ने इस लघु फिल्म को बनाया है । इस फिल्म के मुख्य कलाकार मानिक चक्रवर्ती, पंकज हिंदुस्तानी, और राकेश गुप्ता हैं ।

# जविप्र में कालाबाजारी का खेल

- जविप्र प्रतिनिधि केवाइसी के लिए पीओएस मशीन लेकर पहुंचा मुंबई
- बसरिया के अंशु महिला मंडल ने किया 61 क्विंटल चावल और तीस क्विंटल गेहूं का गबन,
- एमओ ने जांच में पाया गड़बड़ी

खबर मन्त्र संवाददाता



चौपारण। प्रखंड में जन वितरण प्रणाली में गड़बड़झाला का मामला प्रकाश में आया है। पूरा मामला अपने आप में अनूठा है। आरोप लगाया गया कि अंशु महिला मंडल बसरिया द्वारा दिसंबर माह का अनाज वितरण नहीं किया जा रहा है। संबंधित महिला मंडल के पीओएस मशीन को ईकेवाईसी के लिए संचालक राजाराम इंद्र गुरु द्वारा मुंबई ले जाया गया है। इस शिकायत पर एमओ भुपनाथ महतो ने जांच शुरू की। स्थलीय जांच में उन्होंने पाया कि दिसंबर माह का न तो अनाज वितरण किया जा रहा है और न ही लाभुकों का ईकेवाईसी ईपोस मशीन से हो रहा है। जब ईपोस मशीन की खोज की गई तो पाया गया कि महिला मंडल के प्रतिनिधि द्वारा मशीन को मुंबई ले जाया गया है। एम ओ ने बताया कि जांच में पाया गया कि अंशु महिला मंडल द्वारा कुल आंबटित चावल में 114 क्विंटल में 53 क्विंटल पाया और गेहूं में 46.43 क्विंटल में 16.5 क्विंटल पाया गया। यानि कुल गबन 61 क्विंटल चावल तथा तीस क्विंटल गेहूं का पाया गया। उक्त मंडल पहले भी कई बार चर्चा का केंद्र बिंदु रहा है। बताया जाता है कि उक्त गाँव के बहुसंख्यक लोग मुंबई में रहते हैं। संचालक ने मशीन को लेकर मुंबई की दौड़ लगा दी। इस घोटाले पर सबकी नजर है, देखना है की प्रशासन इसपर कोई कार्रवाई करती है या जांच की बात जांच तक ही रह जाती है।

### सुभाष चंद्र बोस स्कूल में रंगोली और साइंस एग्जीबिशन आयोजित



हजारीबाग। मटवारी स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को रंगोली और साइंस एग्जीबिशन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। प्रधानाचार्य देवेंद्र गोस्वामी ने विधायक का स्वागत किया और पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। सदर विधायक ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों के जरिये प्रस्तुत रंगोली और विज्ञान मॉडल्स की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करते हैं। प्रधानाचार्य देवेंद्र गोस्वामी ने कहा कि विद्यालय का मुख्य उद्देश्य बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा देना है। रंगोली और विज्ञान प्रदर्शनी जैसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करते हैं। इन आयोजनों से बच्चों में प्रतिस्पर्धा के साथ सहयोग की भावना का भी विकास होता है। इस कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों ने भी छात्रों के प्रयासों की सराहना की।

# प्रखंड में अब अवैध लेनदेन नहीं चलेगा : तिवारी महतो

खबर मन्त्र संवाददाता

- मांडू प्रखंड मुख्यालय में किया विधायक ऑफिस का उद्घाटन
- समस्याओं के लिए जनता से कार्यालय आने का किया आग्रह



कुजू। मांडू प्रखंड में अब किसी भी प्रकार का अवैध लेनदेन अब नहीं चलेगा। ना हम खाएंगे और ना ही किसी भी पदाधिकारी को खाने देंगे। उक्त बातें मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने कही। महतो शुक्रवार को मांडू प्रखंड मुख्यालय में विधायक कार्यालय उद्घाटन समारोह में लोगों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मेरे शासनकाल में अब किसी भी प्रखंड में भ्रष्टाचारियों व दलालों की दाल नहीं गलेगी। चाहे अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास या फिर कोई भी योजना हो। उन्होंने कहा कि मुझे हमेशा शिकायत मिलती थी कि लाभुकों से 15 से 20 हजार की वसूली की जाती है। इस पर उन्होंने प्रखंड के सारे पदाधिकारियों को किसी भी कार्य में कमीशन नहीं लेने का निर्देश दिया। इधर उन्होंने कहा कि मांडू को अनुमंडल और करमा को प्रखंड तथा बालू को फ्री करने की मांग को लेकर विधानसभा में मामला उठाया और लिखित आवेदन विधानसभा अध्यक्ष को दिया गया है। साथ ही कहा कि कोई भी शिकायत हो सीधा मेरे कार्यालय में आकर जमा करे, निश्चित तौर पर समाधान किया जायेगा। इससे पूर्व विधायक ने विधायक कक्ष का फीता काट कर उद्घाटन किया। मौके पर प्रमुख चंद्रमनी देवी, बीडीओ ऋतिक कुमार, सीओ विमल कुमार सिंह, प्रखंड कृषि पदाधिकारी विनीता सिंह, प्रखंड अध्यक्ष नरेश महतो, जिला सचिव लालचंद महतो, जयकिशोर महतो, गुडू सिंह, मदन महतो, बैजनाथ राम, विवेक गुप्ता, अमित ठाकुर, अक्षय महतो सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

## एक नजर में

### मथुरा नगर की रास्ता खाई में तब्दील



टाटीझरिया। मांडू विधान सभा क्षेत्र के डहरभंगा पंचायत अंतर्गत गोधीया गांव के मथुरा नगर टोला के समीप टाटीझरिया प्रखंड सह अंचल कार्यालय और टाटीझरिया थाना क्षेत्र को जोड़ने वाला रास्ते की स्थिति काफी जर्जर होकर रास्ता खाई में तब्दील हो गया। इसी रास्ते से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में झरपो,भराजो,खैरा, डहरभंगा पंचायत से विभिन्न गांवों के लोगों का आवागमन प्रखंड सह अंचल कार्यालय टाटीझरिया और टाटीझरिया थाना,मंगल बाजार पैदल, साइकिल,मोटर साइकिल,चार पहिया वाहनों से जान को जोखिम डालकर आवागमन होता है। भराजो पंचायत के समाज सेवी प्रभु यादव ,भराजो झामुमो पंचायत अध्यक्ष अजित कुमार, इब्राहिम अंसारी, ने कहा कि अब तक इसी रास्ते से आवागमन कर रहे हजारों लोगों को अब तक आवागमन करने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा ।कई लोगों का हाथ , पैर टूटे तो कई लोग जख्मी हो गए। इसी रास्ते अब तक कई नेता मंत्रियों का आवागमन होता है लेकिन अब तक किसी ने समस्या का समाधान नहीं करवाया। वही मथुरा नगर निवासी बरकट्ठा विधान सभा क्षेत्र और मांडू विधान सभा क्षेत्र के सीमा वर्ती निवासी बसंत प्रजापति ने कहा कि अब तक कई मांडू विधान सभा क्षेत्र में विधायक भोट के समय आते है और सड़क पुल पुलिया के निर्माण को लेकर सिर्फ आश्वासन देते रहते है।

### प्याऊ केंद्र व विवाह भवन मरम्मत का उद्घाटन



बरकट्ठा । प्रखंड मुख्यालय में पंचायत समिति के 15 वित्त योजना से निर्मित प्याऊ केंद्र और विवाह भवन मे विशेष मरम्मत कार्य का उदघाटन प्रमुख रेणु देवी, उपप्रमुख सुरजी देवी ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, पंस सदस्य प्रीति गुप्ता, यूसुफ अंसारी, रामचंद्र साव, मंजू देवी, बालेश्वर पंडित, संजय कुमार गुप्ता, सूरज मोदी, दिलीप दास समेत आदि लोग मौजूद थे।

### भागवत कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा सयाल मोड़ स्थित माता शीतला मंदिर प्रांगण में बुधवार से चल रहे सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन शुक्रवार को आरती के साथ कथा वाचन की शुरूआत हुई। जिसमें कथा वाचक पुरोहित पंडित रामकुमार पाठक ने श्रद्धालुओं को ध्रुव की कथा सती की कथा एवं राजा परीक्षित के श्राप की कथा का सार बताया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति विभोर के साथ कथा का श्रवण किया। तत्पश्चात महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ तीसरे दिन की कथा का समापन किया गया। बताया गया कि प्रतिदिन 3 बजे से शाम 5 बजे तक आगामी 17 दिसंबर तक श्री भागवत कथा का प्रवचन किया जायेगा। धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में किशोर यादव, भोला सिंह, पिंटू लाल, अशोक सिंह, अजय यादव, मुन्ना यादव, भीम सिंह, मीणा देवी, रीना देवी, उत्तम सिन्हा, राजन नायक सहित दर्जनो श्रद्धालु जुटे हैं।

### कुजू में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



कुजू। कुजू चौक में शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल स्कीम के सम्बंध में अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक कुमार दुबे के मार्गदर्शन में चलंत लोक अदालत विधिक जागरूकता शिविर लगाया गया। इस दौरान शिविर में मुख्य रूप से शामिल लीगल एंड डिफेंस काउंसिल मोहन महतो, अधिकार मित्र आशीष कुमार, चंदन कुमार ने स्थानीय लोगों को लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल सिस्टम, राष्ट्रीय लोक अदालत, विधिक अधिकारों और सरकारी योजनाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बताया कि लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आर्थिक या अन्य अक्षमताओं के कारण किसी भी नागरिक को न्याय हासिल करने से वंचित नहीं किया जा सकता है।

### बच्चों को दें बेसिक शिक्षा : बीडीओ




कटकमदाग। प्रखंड के अडरा पंचायत अंतर्गत बिरहोर टंडा सलगा का कटकमदाग बीडीओ शिव बालक प्रसाद ने शुक्रवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बिरहोर परिवार से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। टंडा स्थित नव प्राथमिक विद्यालय सलगा का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से कई सवाल कर नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। बच्चों को मनोरंजनात्मक बेसिक शिक्षा पर विशेष जोर देने के लिए शिक्षकों को मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बच्चों की शतप्रतिशत उपस्थिति होनी चाहिए। साथ ही विद्यालय के बच्चों को एमडीएम भोजन गुणवत्तापूर्ण मीनू के अनुरूप देने का निर्देश दिया। उन्होंने टंडा में निमार्णाधीन आवास का भी जायजा लिया। मौके पर पीएम आवास के प्रखंड समन्वयक सुनील कुमार, राजीव कुमार शर्मा व स्वयंसेवक अजय कुमार उपस्थित थे।

# खेत में पड़ी है धान की फसल ले जाने नहीं देते

## बच्चें के साथ थाना व अंचल का चक्कर लगा रहा किसान

खबर मन्त्र संवाददाता





**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के हेंदेबिल्ली का एक किसान धनेश्वर महतो को गांव के ही स्व सावना गंझु के बेटे तुलसी गंझु, विरेंद्र गंझु व शंकर गंझु द्वार खेत से धान उठाने नही दिया जा रहा है। अपने खेत में धान की फसल लगाया था। फसल भी अच्छी हुई और काटकर ले जाने की तैयारी की तभी उसे रोक दिया गया। जिसे लेकर किसान व उसके स्वजन काफी परेशान हैं। उन्हे चिंता है कि खेत में पड़े-पड़े मेहनत से पैदा की हुई धान की फसल बर्बाद न हो जाए। अब किसान अपने बेटा उमेश महतो व बेटी रिंकी कुमारी के साथ अंचल व थाना का चक्कर लगा रहा है। थाना पहुंचा धनेश्वर महतो ने बताया कि खाता 24, प्लाट संख्या 279 व 307 में 1.10 एकड़ जमीन है। उसे उसके पिता लुदू महतो द्वारा खरिदा गया है। खेती करने के दौरान किसी प्रकार का विवाद नही हुआ। जबकि जमीन के सभी दस्तवेज उसके पास है। बताया इससे पूर्व में भी उन लोगों द्वारा किसान के दस्तवेज का जाली ठहराते हुए जमीन पर दावा किया गया था। विवाद होने पर ओरमांझी थाना द्वारा धारा 144 लगा दिया गया था। विवाद का निपटारा न्यायलय अनुमंडल दंडाधिकारी द्वारा किया जा चूका है। जिसमें दस्तवेज का सही ठहराया गया है। बावजूद फिर से विवाद कर धान की फसल को खेत से लाने पर रोका जा रहा है। पुलिस गांव में जाकर दोनो पक्ष के बीच सुलह कराते हुए किसान को धान उठाने के लिए बोल दिया गया था। जब किसान धान उठाने जाते हैं तो दावा करने वाले उसे धान उठाने नही देते हैं।

# डीएवी स्कूल में नेत्र जांच शिविर व वार्षिक प्रतियोगिता का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता




**बेड़ो।** विनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को रामकृष्ण मिशन मोराबादी के द्वारा स्वामी शुखमयानंद जी के नेतृत्व में नेत्र जांच शिविर और बच्चों के बीच वार्षिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नेत्र जांच में साठ बच्चों का टेक्नीशियन गोविंद कुमार के द्वारा आंख जांच किया गया जिसमें छः बच्चों का दृष्टि दोष पाया गया जिन्हें रामकृष्ण मिशन के द्वारा ही मुफ्त में चश्मा बनाकर दिया जाएगा। वही सभी बच्चों को विटामिन ए की गोली दी गई। स्वामी शुखमयानंद जी ने बच्चों को आंखो की स्वस्थ रखने के लिए गाजर और हरी शब्जी खाने की सलाह दी। स्वामी शुखमयानंद जी के द्वारा नैतिक शिक्षा के कार्यशाला में बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ खेल कूद और शारीरिक व्यायाम करने की सलाह दी अगर शरीर स्वस्थ रहेगा तो पढ़ाई भी अच्छे से होगी। उन्होंने कहा कि बच्चों से कहा कि मन को एकाग्र पढ़ाई में केंद्रित करनी चाहिए। रामकृष्ण मिशन के योग प्रशिक्षक उज्वल आनंद ने बच्चों को योग के द्वारा कैसे अपने शरीर को कैसे स्वस्थ रखा जा सकता है और ध्यान के द्वारा कैसे अपने मन को कैसे कन्ट्रोल कर सकते हैं। वहीं स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने कहा कि नेत्र जांच शिविर बच्चों के लिए बहुत लाभकारी होगा। रामकृष्ण मिशन के द्वारा उन्हें मुफ्त में चश्मा भी दी जाएगी यह बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने कहा कि आज के बच्चों को नैतिक शिक्षा की भी बहुत आवश्यकता है। सोशल मीडिया के युग में बच्चे अपनी नैतिकता खोते जा रहे हैं और अच्छे बुरे को पहचान नहीं पा रहे हैं। इस प्रकार की कार्यशाला से बच्चों में नैतिक गुणों का विकाश होगा और बच्चे अपने कर्तव्यों को समझेंगे और एक अच्छे नागरिक बनेंगे। इस अवसर पर रामकृष्ण मिशन के स्वामी शुखमयानंद, उज्वल आनंद, आशुतोष सर, घनश्याम और गोविंद कुमार मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### जमशेदपुर के युवक की बाईक चोरी, मामला दर्ज

**नामकुम।** कुलुप्टागा बस्ती आदित्यपुर के रहनेवाले सुमीत नाग ने अज्ञात बाईक चोरो पर अपनी होंडा साईन बाईक चोरी कर लेने का आरोप लगाते हुए नामकुम थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। थाने में दिए आवेदन में सुमीत ने बताया है कि वह जमशेदपुर आदित्यपुर का रहने वाला है। वह अपने दोस्त दीपक शर्मा के घर थानाक्षेत्र के अमेठिया नगर आया हुआ था। उसी दौरान वह सब्जी खरीदने दीपक के साथ नामकुम बाजार अपनी बाईकसंख्या जेएच05बीयू3078 से चला गया। उसने अपनी बाईक बाजार के सामने प्रदीप होटल समीप लगायी थी। वापस लौटने पर उसकी बाईक गयब थी। मामले में थानेदार ब्रहमदेव प्रसाद ने बताया कि पुलिस ने सुमीत के आवेदन पर मामला दर्ज कर छानबी शुरू कर दी है।

### अनगड़ा में फुटबॉल का महा मुकाबला आज

**अनगड़ा।** प्रखंड के लूपूंग स्थित स्थित मिनी स्टेडियम में 14 दिसम्बर शनिवार को फूटबॉल का महा मुकाबला होगा। यह मुकाबला टीम रेड डाईगर और ग्रीन फाईटर के बीच होगा। इन दोनो टीम में प्रखंड के कई पुराने दिग्ज खिलाड़ी भी अपने खेल का जौहर दिखाएंगे। इस फूटबॉल मैच की प्रखंड के लोगों में काफी चर्चा है। और इस महा मुकबला को देखने के लिए स्टेडीयम में काफी संख्यां में दर्शकों की उपस्थित रहने की संभावना है। मैच की सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी है।

### आजसू पार्टी की विस चुनाव को लेकर समिक्षा बैठक आज

**सिल्ली।** सिल्ली के लगाम स्थित खेलगांव में शनिवार 14 दिसंबर को पूर्वाह्न 11 बजे गत विधानसभा चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष सह पुर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल ने इसकी जानकारी देते हुए आजसू पार्टी सिल्ली विधानसभा के सभी केंद्रीय, जिला एवं प्रखंड के पदाधिकारी, क्षेत्रीय प्रभारी, पंचायत प्रभारी, बुद्धिजीवी मंच के सदस्य, जिप सदस्य, पुर्व जिप सदस्य, प्रमुख, उप प्रमुख, पुर्व प्रमुख व उप प्रमुख, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, पुर्व मुखिया व पंसस, वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकताओं को उपस्थित का आग्रह किया है।

# प्रसव के दौरान महिला की मौत, परिजन और गांव वालों ने जमकर किया हंगामा

खबर मन्त्र संवाददाता





**पिस्का नगड़ी।** नगड़ी के कटहल मोड़ स्थित रिंचि हास्पिटल में प्रसव के दौरान महिला की मौत पर उसके परिजन और गांव के लोगों ने जमकर हंगामा किया। साथ ही कटहल मोड़ चौक को टायर जलाकर सुबह 10 बजे से 12 बजे तक जाम रखा। जिससे वाहनों की लंबी लाइन लगी रही। घटना की सूचना मिलने पर नगड़ी,रातु थाना और दलादिली व पुंदाग टीओपी के प्रभारी पुलिस बल के साथ कटहल मोड़ पहुंचे। वहीं नगडी सीओ राजेश कुमार और रिंचि हास्पिटल के प्रबंधक द्वारा काफी समझने के बाद ग्रामीणो ने दो घंटे बाद सड़क जाम हटाया। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार नगड़ी के लाल गुटवा निवासी विष्णु महतो की पत्नी 25 वर्षीय पूजा कुमारी को 11 दिसंबर को प्रसव के लिए कटहल मोड़ स्थित रिचि अस्पताल में डाक्टर चुन्नी झा के वार्ड में भर्ती भर्ती कराया गया था। इस क्रम में गुरुवार शाम उसे लेबर पेन होने पर ओटी में ले जाया गया जहां रात साढ़े आठ बजे प्रसव के दौरान उसकी मौत हो गई। आधे घंटे तक उसकी मौत की खबर को परिजनों से छुपाया गया उनके पुछने पर वहां कार्यरत नर्सों द्वारा टालमटोल किया जाता रहा। रात नौ बजे जैसे ही उसकी मौत की खबर परिजनों को बताई गई सभी नाराज हो गए और अस्पताल में ईलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। सुबह जब ग्रामीणों को इसकी जानकारी हुई तो दर्जनों ग्रामीण अस्पताल पहुंचे और वहां हो हंगामा करने के बाद सभी सड़क पर उतर आए और कटहल मोड़ चौक को जाम कर दिए। इस संबंध में रिचिं अस्पताल के प्रबंधन का कहना है कि महिला का प्रसव जटिल था और उसका आपरेशन जरूरी था वहीं परिजन नार्मल डिलीवरी चाह रहे थे। मरिज की जान बचाने के लिए आपरेशन किया जा रहा था लेकिन तभी उसकी मौत हो गई। सड़क जाम किए नाराज परिजन और ग्रामीणों को रिंचि हास्पिटल के कुशाग्र मंहसरिया और अस्पताल प्रबंधन द्वारा काफी समक्षाने के बाद सभी वहां हटे। पूजा की शादी वर्ष 2020 में हुई थी और शुक्रवार को ही उसका सालगिरह था।

## एक नजर में

### प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने मायापुर पंचायत का औचक निरीक्षण किया



**खलारी।** खलारी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार व प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी ने मायापुर पंचायत अंतर्गत चल रहे कार्य मनरेगा व अबुआ आवास का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बीडीओ ने पंचायत में पूर्ण योजनाओ का निरीक्षण किया। बीडीओ ने मुनेशा प्रवीण का सिंचाई कूप, सकील अंसारी का बिरसा हरित ग्राम बागवानी योजना, मांगरी उरांव का सिंचाई कूप, सफीक अंसारी का बिरसा हरित ग्राम बागवानी योजना, कोशिमा खातून का सिंचाई कूप, और सुका उरांव का डोभा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम रोजगार सेवक लालमोहन राम और लाभुक उपस्थित थे।

### चान्हो में दो बाइक के बीच टक्कर, पांच घायल

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के ताला मोड़ के पास दो बाइक के बीच हुई टक्कर में पांच युवक घायल हो गए। घटना शुक्रवार की रात लगभग साढ़े आठ बजे की है। घायलों में चान्हो थाना क्षेत्र के बरहे निवासी संदीप उरांव, बीरेंद्र उरांव और ऋतिक उरांव तथा खलारी थाना क्षेत्र के डकरा साइडिंग निवासी राजकुमार दास और गोलू गुप्ता शामिल हैं। हादसे में घायल बरहे निवासी संदीप उरांव को छोड़कर चारों को रिम्स रेफर किया गया, जहां राजकुमार और बीरेंद्र की हालत गंभीर बनी है। बताया जाता है कि बरहे गांव निवासी संदीप, बीरेंद्र और ऋतिक किसी शादी समारोह में शामिल होने के बाद अपने घर लौट रहे थे। उधर रास्ते में रांची से घर लौट रहे राजकुमार दास और गोलू गुप्ता की बाइक से उनकी टक्कर हो गई। दुर्घटना के बाद चान्हो पुलिस की मदद से घायलों को चान्हो सीएचसी लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चारों को रिम्स रेफर कर दिया गया।

### खूंटी एफसी फाइनल में, टेबल टेनिस में दीया, श्रेया, आल्या ने जीता स्वर्ण



**सिकिदिरी।** जनकल्याण समर्पण संस्थान सिकिदिरी खेल महोत्सव में 20 वें दिन शुक्रवार को फुटबॉल सेमी फाइनल मैच में खूंटी एफसी की टीम ने नीलांबर पीतांबर रामगढ़ की टीम को पेनाल्टी शूटआउट 5-4 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कर खूंटी एफसी के अभिषेक हेंब्रम को मिला। टेबल टेनिस बालिका सीनियर वर्ग में दिया थापा क्षेत्री विजेता व लतिका कुमारी उपविजेता बनी। जूनियर में आल्या विजेता व श्रेया उपविजेता बनी। टेबल टेनिस डबल सिनियर में दिया ग्रुप विजेता वहीं लतिका ग्रुप उपविजेता बनी। जूनियर वर्ग में श्रेया ग्रुप विजेता व आल्या ग्रुप उपविजेता बनी। मुख्य अतिथि भाजयुमो के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अमित कुमार, विशिष्ट अतिथि अनिल कुमार सिंह, भाजयुमो खूंटी जिला प्रभारी रजनी आनंद ने पदक, ट्रॉफी, सर्टिफिकेट व नगद पुरस्कार देकर विजेता खिलाडियों को पुरस्कृत किया। अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार एवं संचालन कोषाध्यक्ष रमण कुमार ने किया।

### दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का समापन

**पिस्कानगड़ी।** प्रखंड के कतरपा स्थित विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल में शुकवार को श्री धनेश्वर साहू दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का समापन हुआ। खेल महोत्सव के मुख्य अतिथि 19 झारखण्ड बटालियन एन सी सी रांची के कमांडिग ऑफिसर कर्नल दीपक सिसोदिया ने विधार्थियो को प्रेरित करते हुए कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ खेल में भी अपना भविष्य तलास करना चाहिये। कर्नल की उपस्थिति में केडेट के द्वारा एन सी सी परेड किया गया। मौके पर स्कूली बच्चे द्वारा रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खेल में विजेता सभी प्रतिभगयो को मेडल देकर सम्मानित किया गया। सम्पूर्ण खेल में प्रथम नेहरू हाउस, द्वितीय गांधी हाउस, तृतीय अब्दुल कलाम विजेता रहा। सभी को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर तपेश्वर केशरी, केशव भगत, सुरेश साहू, किरण देवी, विधा रानी, प्रकाश साहू, रामलाल गोप, संजय मिंज सहित विधार्थियो अभिभावक एवम शिक्षक उपस्थित थे।

# पाईप लाईन के लिकेज से प्रतिदिन सैकड़ों लीटर पानी हो रहा बर्बाद



**सिल्ली।** सिल्ली के हाट बगान के समीप सप्लाई पाईप लाईन के लिकेज से प्रतिदिन सैकड़ों लीटर पानी बहोर्बाद रहा है। लोगों को पानी की समस्या हो रही है। लीकेज के कारण उपभोक्ताओं के घरों तक पहुंचने वाला पानी पर्याप्त नहीं है पानी का प्रेशर भी कम रहता है। लिखेज पानी रास्ते में बहने से लोगों को भी आवागमन में परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह समस्या पिछले एक महीने से है। वहीं लोगों ने बताया कि जब इसकी शिकायत मुखिया से की गई तो उन्होंने यह कह कर पल्ला झाड़ लिया कि अब यह काम मेरे द्वारा संचालित नहीं हो रहा है। वहीं विभाग के कनीय अभियंता जीत मोहन मुंडा ने बताया कि पाइप लीकेज की जानकारी मुझे नहीं है। इसे देखकर ठीक कर लिया जाएगा।

# खलारी : भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में उत्तीर्ण बच्चों को किया गया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीर नगर ऊपर टोला प्रंगण में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार गायत्री शक्तिपीठ डकरा के द्वारा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा वर्ष 2024-25 का प्रमाण पत्र वितरण किया गया। प्रमाण पत्र का वितरण विद्यालय के प्रार्थना सभा में किया गया। गायत्री शक्तिपीठ डकरा के पर्यवेक्षक मिथलेश प्रजापति मंच का संचालन करते हुए प्रधानाध्यापक रंथु साहु सहायक अध्यापक राजेश कुमार साहु और अरुण उरांव के हाथों प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले नीलम कुमारी, वतन मुंडा, मुकुन मुंडा, रामवृत मुंडा, दिव्या कुमारी, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले अनिशा कुमारी, आदित्य नायक, शुभम कुमार, अर्चना कुमारी व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले में सरगम कुमारी, करण गंझु, सिदरा तसनीम, खुशी कुमारी को मोमेंटो, साहित्य और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान पर्यवेक्षक ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा देने से अनेकों प्रकार के लाभ को अवगत कराये। बच्चे सुनकर अति प्रभावित हुए और अंत में प्रतिदिन सुबह-सुबह माता और पिता का चरण छूकर विद्यालय आने की सलाह दिये।

# संकट मोचन हनुमान मन्दिर का प्राण प्रतिष्ठा सह तीन दिवसीय पूणार्हुति यज्ञ का शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता



**बुढ़मू।** बड़कामुरु गांव में नवनिर्मित श्री श्री संकट मोचन हनुमान मन्दिर का प्राण प्रतिष्ठा सह तीन दिवसीय पूणार्हुति यज्ञ का शुभारंभ शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ 551 कन्याओं ने जल भर कर नगर भ्रमण किया। कलश यात्रा बड़कामुरु से प्रारंभ होकर ईचापीरी, मक्का महुआ टोली, नगड़ू, सोसई, उमेडण्डा होते हुए पुनः यज्ञ स्थल बड़कामुरु पहुंच कर कलश स्थापित किया गया। इस दौरान जय श्री राम, जय बजरंगबली हर हर महादेव, राम लखन जानकी जय बोलो हनुमान की जैसे गगन चुंबी जयकारे से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा में जिप अध्यक्ष निर्मला वीरेंद्र भगत, पूर्व जिप उपाध्यक्ष पार्वती देवी, सनातन सेना की सुमन मिश्रा, जीप सदस्य रामजीत गंझू, थाना प्रभारी रितेश कुमार, प्रखंड प्रमुख सत्यनारायन मुंडा, पूर्व प्रमुख सुमन पाहन, पूर्व प्रमुख रामेश्वर पाहन, उपप्रमुख हरदेव साहू, मोहन जयसवाल, तपेश्वर मिश्रा, दिनेश यादव सहित अन्य शामिल हुए.

# जान से मारने की धमकी देकर रंगदारी मांगी, प्राथमिकी दर्ज

**नामकुम।** थानाक्षेत्र के जोरार के रहनेवाले निखिल गोप ने कुलदीप गोप राजेश गोप सहित अज्ञात अपराधी पर रंगदारी मांगने और जान से मार देने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में निखिल ने बताया है कि उसके माबाईल पर एक मैसेज आया जिसमें लिखा था कि कुलदीप गोप ने तुम्हे जान से मारने के लिए चार लाख रूपये की सुपारी दी है अगर तुम दो लाख रूप्या बढा कर छह लाख रूपया दे दोगे तो हम कुलदीप की हत्या कर देगें। इसपर उसने कहा कि कुलदीप मेरा भाई है, वह ऐसा नही करेगा तो दुसरे ओर से उसे एक महिने में अंजाम भुगतने की धमकी देते हुए काम तमाम करने की बात कही। तुम डेमो देखने के लिए तैयार रहो। निखिल ने बताया कि इसके ठीक कुछ देर बाद जोरार का ही रहनेवाला राजेश गोप उसके पास पहुंचा और गाली देते हुए बोला कि मैसेज देख लिया ना अब तैयार रहो। मामले में थानेदार ब्रहमदेव प्रसाद ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी हैं।

## बेड़ो प्रखंड का केंद्रीय टीम ने किया दौरा

# 35 एकड़ की भूमि पर बागवानी देख हुए प्रभावित

▸▸ योजनाओं की क्रियान्वयन व देखभाल के तरीका की जानकारी लिया

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेड़ो।** केंद्रीय लाइवलीहुड की अगुवाई में एक टीम ने शुक्रवार को बेड़ो प्रखंड के ईंटा पंचायत का दौरा किया। इस आठ सदस्यीय टीम में लाइवली हुड के व्युविनियेर अंथोनी और अमित कुमार सिंह, डिजिटल ग्रीन के डाक्टर रितेश कुमार, श्रद्धांजलि नर्सरी के विश्वजीत दास, सीएफएल के डायरेक्टर गौरव मिश्रा, टीआरआइ के मोहम्मद करीम, रणजीत कुमार मिश्रा, ग्रामीण विकास विभाग के निहारा रंजन महाराणा आदि शामिल थे। टीम ने ईंटाचिल्द्री गांव में 35 एकड़ जमीन पर लगे आम की बागवानी को देखकर प्रभावित हुए और किसानों की प्रशंसा किया। मौके पर महिला समूह की दीदी, महिला मेट एवं लाभुकों से आम बागवानी के संबंध में कई जानकारी लिया। जिसमें योजनाओं की क्रियांवयन, देखभाल का तरीका सहित अन्य जानकारी ली गई। लाभुकों ने बताया कि पंचायत और प्रखंड की ओर से आम बागवानी सहजता पूर्वक प्राप्त हुआ है। साथ ही हमारी वार्षिक आमदनी में इजाफा भी हुआ है। इधर पंचायत के पूर्व मुखिया और समाज सेवी बुधराम बाड़ा ने गांव के विकास की गाथा बताते हुए कहा कि 49 लाभुकों के 35 एकड़ जमीन पर आम बागवानी के तहत पौधे लगाए गए हैं। यहां के किसान प्रत्येक वर्ष 30 से 40 हजार का आम बाजार में बेचता है। आम का पौधा इस ढंग से लगाया जाता है कि बागवानी की जमीन में खेती भी आसानी के साथ की जा सके। जिस कारण यहां के किसानों का वर्ष भर खेती-बाड़ी का सिलसिला भी चलता है। साथ ही आम बागवानी से अतिरिक्त लाभ हासिल हो जाता है। उन्होंने बताया कि शुरूआत के समय किसानों को समझाने के साथ-साथ कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा था। लेकिन अब यहां के किसान बाकी जगहों के लिए एक मिसाल बन गए हैं। टीम के सदस्यों ने यहां लगे हुए बागवानी का अवलोकन किया और बागवानी के बीच में की जाने वाली विभिन्न फसलों की खेती से भी प्रभावित हुए। वहीं मौके पर मनरेगा के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, ग्राम प्रधान सह पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा, मुखिया अनीता बाड़ा, मुकेश कुमार सिन्हा, सचिन, नेहा सहित महिला समूह की दीदी, महिला मेठ, जनप्रतिनिधि, योजनाओं के लाभुक व ग्रामीण आदि मौजूद थे।

## सरकारी स्कूल में स्मार्ट कक्ष आईटीसी लैब खुला

# कपड़े मिलने से बच्चों के चेहरे पर आयी मुस्कान





खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय चुटूपालू ओरमांझी में शुक्रवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर स्मार्ट कक्ष व आइसीटी लैब का उद्घाटन किया गया। वहीं स्कूली बच्चों को बीच गर्म कपड़े, ड्रेस व शू वितरण किया गया। लैब के साथ कपड़े व शू मिलने पर बचें काफी खुश थें और चेहरे पर मुस्कान खिले थें। उद्घाटन व वितरण मुखिया बिरेंद्र मुंडा द्वारा किया गया। बताया गया सीसीएल द्वारा सीएसआर योजना के तहत प्रखंड क्षेत्र के कई विद्यालयों में बच्चों को तकनीकी ज्ञान देने के उदेश्य से स्मार्ट कक्ष व आइसीटी लैब खोले जा रहें है। जिससे बच्चों को विद्यालय में किताबी ज्ञान के साथ अब तकनीकी ज्ञान भी मिल सकेगा। मुखिया बिरेंद्र मुंडा ने सीसीएल के प्रति अभार जताते हुए कहा ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को स्मार्ट क्लासेस उपलब्ध कराकर उनके शिक्षा के स्तर को बढ़ावा देने का कार्य किया गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्र में रहने बच्चे भी अब स्मार्ट बन सकेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय के प्राचार्या सविता प्रसाद, संध्या कुमारी, पिंकी नारायण, गुड़िया कुमारी, नारायण कुमार, नीतु कुमारी, ममता कुमारी व बच्चों के माता पिता व अभिभवक आदि उपस्थित थें।

# गाबा पर इतिहास दोहराने उतरेगी रोहित की विराट सेना



मैच का समय
भारतीय समयानुसार सुबह 5.50 बजे से।

भारत की संभावित प्लेइंग-11: रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह, यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत, रविचंद्रन अश्विन/वॉशिंगटन सुंदर, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप/प्रसिद्ध कृष्णा, नीतीश कुमार रेड्डी।

आस्ट्रेलिया की घोषित प्लेइंग-11: पैट कमिंस (कप्तान), जोश हेजलवुड, एलेक्स कैरी, ट्रेविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिच मार्श, नाथन मैकस्वीनी, स्टीव स्मिथ, मिचल स्टार्क।

### रोहित व कोहली को अच्छा खेलना होगा

आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने दोनों पर अब तक उछाल और सीम से हमले बोले हैं और यहां भी पिच से अच्छी सीम मिलने की उम्मीद है। रोहित और कोहली के पास प्रतिभा की कमी नहीं है, लेकिन इस समय फॉर्म साथ नहीं दे रहा। भारत के लिए सबसे बड़ी समस्या पहली पारी में निराशाजनक बल्लेबाजी रही है। पिछले एक साल में भारत में और विदेश में खेले गए टेस्ट में छह बार पहली पारी का स्कोर 150 या कम रहा है। रोहित और कोहली ने 2024-25 सत्र में पहली पारी में 6.88 और 10 की खराब औसत से रन बनाए हैं।

### बुमराह पर काफी दारोमदार

गेंदबाजी में भारत के पास जसप्रीत बुमराह हैं। उन्होंने सीरीज के बाकी सभी गेंदबाजों को अपने सामने बौना साबित कर दिया है। उन्हें हालांकि दूसरे छोर से अधिक सहयोग की जरूरत है। इसके साथ ही उन्हें रोहित और कोहली जैसे बल्लेबाजों से अच्छे रनों की भी दरकार है ताकि वह खुलकर गेंदबाजी कर सकें। रोहित और कोहली के खराब फॉर्म को लेकर लगातार चर्चा हो रही है और आधुनिक क्रिकेट के इन दोनों महानायकों के लिए यह टेस्ट काफी महत्वपूर्ण होगा।

### प्रसिद्ध और आकाश में किसी एक को मौका

पहले दो टेस्ट में ऑफ स्पिनर आर अश्विन और वॉशिंगटन सुंदर का प्रदर्शन ठीक ठाक रहा, लेकिन बल्लेबाजी में गहराई के लिए रविंद्र जडेजा बेहतर विकल्प हैं। तेज गेंदबाजी में आकाश दीप के पास विविधता है, लेकिन कप्तान रोहित को हर्षित राणा की दिलेरी पसंद है। इसके अलावा कई पूर्व क्रिकेटरों ने हर्षित की जगह हिट दी डेक गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को शामिल करने की बात कही थी। प्रसिद्ध और आकाश में से किसी एक के खेलने की संभावना अधिक दिखती है।

### आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी भी खराब रही

आस्ट्रेलिया की बात करें तो उसकी बल्लेबाजी भी चिंता का सबब है। हेड की हालत आजकल ऋषभ पंत की तरह हो गई है। स्टीव स्मिथ का खराब फॉर्म चिंता का सबब है। मार्नस लाबुशेन ने एडिलेड में अर्धशतक जड़ा, लेकिन वह पुराने फॉर्म में नहीं दिख रहे। आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बुमराह के पहले स्पैल को सावधानी से खेलना चाहेंगे क्योंकि उन्हें पता है कि इसमें कामयाब रहने पर बाकी भारतीय गेंदबाजों से उन्हें इतना खतरा नहीं है।



### रोहित आस्ट्रेलियाई धरती पर कुछ खास नहीं कर सके


कोहली ने पर्थ टेस्ट में शतक लगाया, लेकिन रोहित से कप्तानी पारी का इंतजार है। रोहित के पास इतना अनुभव तो है कि वह बखूबी जानते हैं कि पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड जैसे शानदार गेंदबाजों को हर गेंद पर पीटा नहीं जा सकता। बाजू में खिंचाव के कारण एडिलेड टेस्ट से बाहर रहने के बाद हेजलवुड टीम में लौटे हैं। रोहित सफेद गेंद के बादशाह रहे हैं, लेकिन अगर गाबा पर वह अच्छी पारी खेल जाते हैं तो महान क्रिकेटरों में उनका नाम शुमार होगा। हालांकि, इसके लिए उन्हें सबसे पहले उन्हें अपना बल्लेबाजी क्रम तय करना होगा। रोहित पारी की शुरूआत करेंगे या छठे नंबर पर उतरेंगे, यह उन्हें देखना है क्योंकि ऐसे में अगर शीर्षक्रम धीमा खेलता है तो वह पुरानी कूकाबूरा गेंद पर आक्रामक खेल सकते हैं।

### गाबा में आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत का खराब है रिकॉर्ड



कुल मुकाबले 07

| भारत जीता | ड्रॉ | आस्ट्रेलिया जीता |
|---|---|---|
| 01 | 01 | 05 |



**एजेंसी**

**ब्रिसबेन।** एडीलेड में मिली हार के बाद गाबा पर वापसी के इतिहास को दोहराने के इरादे से भारतीय टीम शनिवार से शुरू हो रहे बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट में जब आस्ट्रेलिया से खेलेगी तो नजरें रोहित शर्मा और विराट कोहली के बल्लों पर लगी होंगी। श्रृंखला 1-1 से बराबर होने के बाद ब्रिसबेन टेस्ट निर्णायक साबित हो सकता है। भारतीय गेंदबाज आस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों की कमजोरी का फायदा उठाना चाहेंगे जिनके लिए ट्रेविस हेड दूसरे टेस्ट में संकटमोचक साबित हुए। स्टीव स्मिथ और कोहली दोनों ही लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। गेंदबाजी में भारत के पास जसप्रीत बुमराह है जिसने श्रृंखला के बाकी सभी गेंदबाजों को अपने सामने बौना साबित कर दिया है। उन्हें हालांकि दूसरे छोर से अधिक सहयोग की जरूरत है। इसके साथ ही उन्हें रोहित और कोहली जैसे बल्लेबाजों से अच्छे रनों की भी दरकार है ताकि वह खुलकर गेंदबाजी कर सके। रोहित और कोहली के खराब फॉर्म को लेकर लगातार चर्चा हो रही है और आधुनिक क्रिकेट के इन दोनों महानायकों के लिए यह टेस्ट काफी महत्वपूर्ण होगा। उनकी गैर मौजूदगी में भारत ने 2021 में यहां वापसी करके शानदार जीत दर्ज की थी। आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने दोनों पर उछाल और सीम से हमले बोले हैं और यहां भी पिच से अच्छी सीम मिलने की उम्मीद है। रोहित और कोहली के पास प्रतिभा की कमी नहीं है लेकिन इस समय फॉर्म साथ नहीं दे रहा। भारत के लिए सबसे बड़ी समस्या पहली पारी में निराशाजनक बल्लेबाजी रही है। पिछले एक साल में भारत में और विदेश में खेले गए टेस्ट में छह बार पहली पारी का स्कोर 150 या कम रहा है। रोहित और कोहली ने 2024-25 सत्र में पहली पारी में 6.88 और 10 की खराब औसत से रन बनाए हैं। कोहली ने पर्थ टेस्ट में शतक लगाया लेकिन रोहित से कप्तानी पारी का इंतजार है। रोहित के पास इतना अनुभव तो है कि वह बखूबी जानते हैं कि पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड जैसे शानदार गेंदबाजों को हर गेंद पर पीटा नहीं जा सकता। बाजू में खिंचाव के कारण एडीलेड टेस्ट से बाहर रहने के बाद हेजलवुड टीम में लौटे हैं। रोहित सफेद गेंद के बादशाह रहे हैं लेकिन अगर गाबा पर वह अच्छी पारी खेल जाते हैं तो महान क्रिकेटरों में उनका नाम शुमार होगा। इसके लिये सबसे पहले उन्हें अपना बल्लेबाजी क्रम तय करना होगा। वह पारी की शुरूआत करेंगे या छठे नंबर पर उतरेंगे, यह उन्हें देखना है क्योंकि ऐसे में अगर शीर्षक्रम धीमा खेलता है तो वह पुरानी कूकाबूरा पर आक्रामक खेल सकते हैं। पहले दो टेस्ट में ऑफ स्पिनर आर अश्विन और वॉशिंगटन सुंदर का प्रदर्शन ठीक ठाक रहा लेकिन बल्लेबाजी में गहराई के लिये रविंद्र जडेजा बेहतर विकल्प हैं। तेज गेंदबाजी में आकाश दीप के पास विविधता है लेकिन कप्तान रोहित को हर्षित राणा की दिलेरी पसंद है। आस्ट्रेलिया की बात करें तो उसकी बल्लेबाजी भी चिंता का सबब है। हेड की हालत आजकल ऋषभ पंत की तरह हो गई है। स्टीव स्मिथ का खराब फॉर्म चिंता का सबब है। मार्नस लाबुशेन ने एडीलेड में अर्धशतक जड़ा लेकिन वह पुराने फॉर्म में नहीं दिख रहे। आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बुमराह के पहले स्पैल को सावधानी से खेलना चाहेंगे क्योंकि उन्हें पता है कि इसमें कामयाब रहने पर बाकी भारतीय गेंदबाजों से उन्हें इतना खतरा नहीं है।



### तीसरे टेस्ट मैच में बारिश की है संभावना

**ब्रिस्बेन:** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट मैच ब्रिस्बेन के गाबा क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। मुकाबले की शुरूआत शनिवार से हो रही है। हालांकि, उससे पहले इस मैच को लेकर रिपोर्ट ने टेंशन ने बढ़ा दी है। शनिवार, 14 दिसंबर को लेकर यह माना जा रहा है कि ब्रिस्बेन में सुबह में हल्की-फुल्की बारिश हो सकती है। एक्यूवेदर के अनुसार पहले दिन गरज के साथ बारिश होने की 88 प्रतिशत की संभावना है। इसके अलावा आसमान में पूरे दिन बादल छाए रहने की भी उम्मीद है। सिर्फ शनिवार को ही नहीं, खेल के अगले दो जिन यानी रविवार और सोमवार को भी बारिश की प्रबल संभावना है। रविवार को जहां 58 प्रतिशत बारिश होने के चांस हैं तो सोमवार को 60 प्रतिशत तक उम्मीद है कि बारिश होगी। शुरू के तीन दिन निश्चित रूप से ओवरकास्ट कंडीशन रहने वाला है। वहीं चौथे दिन भी पूरी संभावना बन रही है कि बारिश के कारण खेल में बाधा होगी।

### भारत ने की टी-20 श्रृंखला और वनडे के लिए टीम की घोषणा

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की महिला चयन समिति ने वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली तीन टी-20 और एकदिवसीय घरेलू सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी हैं। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय महिला टीम में नंदिनी कश्यप, सजना सजीवन और राघवी बिष्ट को शामिल किया है। आस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाली अरुंधति रेड्डी को एकदिवसीय और टी-20 टीमों में जगह नहीं मिली। स्मृति मंधाना टीम की उप कप्तान होंगी। तीनों टी-20 मैच नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले जाएंगे।

### अजीतेश ने विश्व समुद्र ओपन खिताब जीता

**नयी दिल्ली।** चंडीगढ़ के गोल्फर अजीतेश संधू ने शुक्रवार को यहां एक अंडर का कार्ड खेलकर 5 शॉट की जीत से शुरूआती विश्व समुद्र ओपन खिताब अपने नाम किया। संधू (69-67-69-71) ने कुल 12 अंडर 276 का स्कोर बनाया जिससे उन्होंने 30 लाख रुपए की पुरस्कार राशि का चेक हासिल किया।

## रहाणे की धमाकेदार पारी, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में मुंबई



**एजेंसी**

**बेंगलुरु।** अजिंक्य रहाणे की शानदार 98 रन की पारी और सूर्यांश शेज की संयमित फिनिशिंग की बदौलत मुंबई ने बड़ौदा पर 6 विकेट से जीत दर्ज करके सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। 159 रनों का पीछा करते हुए रहाणे की शानदार पारी ने मुंबई के लिए जीत की नींव रखी। अनुभवी बल्लेबाज ने 56 गेंदों की अपनी पारी में 11 चौके और पांच छक्के लगाए और बड़ौदा के गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ा दीं। वह शतक से चूक गये, लेकिन उनके प्रदर्शन ने सुनिश्चित किया कि मुंबई पूरे लक्ष्य का पीछा करते हुए नियंत्रण में रहे। रहाणे को श्रेयस अय्यर का अच्छा साथ मिला जिन्होंने 30 गेंदों पर 46 रनों की तेज पारी खेली। दोनों ने 88 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की जिसने मुंबई को जीत की दहलीज पर पहुंचा दिया। अय्यर के आउट होने के बाद सूर्यकुमार यादव एक रन बनाकर आउट हो गए और शिवम दुबे ने लय बनाए रखी, इससे बाद सूर्यांश शेज ने डेब्यू करने वाले शाश्वत रावत की गेंद पर छक्का लगाकर मैच को अपने नाम किया। मुंबई ने 16 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। बड़ौदा के गेंदबाजों ने मुंबई की मजबूत बल्लेबाजी लाइनअप पर दबाव बनाने में विफल रहते हुए कड़ी चुनौती पेश की। अतीत शेठ और अभिमन्यु सिंह राजपूत ने एक-एक विकेट लिया, जिसमें राजपूत ने पारी के अंत में रहाणे को आउट किया-मुंबई को जीत की ओर ले जाने वाला एक सांत्वना विकेट। रहाणे की शानदार पारी ने उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिलाया जिसने मुंबई के सफल लक्ष्य का पीछा करने में उनकी भूमिका को रेखांकित किया। इस जीत के साथ मुंबई फाइनल में पहुंच गई, जहां उनका लक्ष्य एक चुनौतीपूर्ण प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ चैंपियनशिप जीतना है।

### दिल्ली को हराकर मध्यप्रदेश फाइनल में

**एजेंसी**

**बेंगलुरु।** कप्तान रजत पाटीदार (नाबाद 66) की अर्धशतकीय और हरप्रीत सिंह (नाबाद 46) की आतिशी पारियों के दम पर मध्यप्रदेश ने शुक्रवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में दिल्ली को सात विकेट से हराकर फाइनल में जगह बना ली हैं। फाइनल में मध्यप्रदेश का मुकाबला मुंबई से होगा। दिल्ली के 146 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी मध्यप्रदेश की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने मात्र 20 रन पर अपने दो विकेट गवां दिये। अर्पित गौड़ (शून्य), शुभ्रांशु सेनापति (सात) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद हरप्रीत सिंह ने हर्ष गवली के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में हिमांशु चौहान ने हर्ष गवली (30) को आउट कर मध्यप्रदेश को तीसरा झटका दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान रजत पाटीदार ने हरप्रीत सिंह के साथ तूफानी अंदाज में रन बटोरते हुए अटूट साझेदारी कर अपनी टीम को जीत दिलाई। कप्तान रजत पाटीदार 28 गेंदों में चार चौके और छह छक्के उड़ाते हुए (नाबाद 66) रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। वहीं हरप्रीत सिंह ने 38 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए (नाबाद 46) रन बनाये। मध्यप्रदेश ने 15.4 ओवर में तीन विकेट पर 152 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला जीत लिया।

### गूगल ने विश्व शतरंज चैंपियनशिप के अंतिम दौर के जश्न में बनाया रंगीन डूडल

**नयी दिल्ली।** गूगल ने शुक्रवार को शतरंज चैंपियनशिप के अंतिम दौर के जश्न को मानते हुए डूडल को शतरंज के विभिन्न रंगों वाले मोहरों के रूप में प्रदर्शित किया। गूगल ने फिडे विश्व शतरंज चैंपियनशिप 2024 के अवसर पर एक विशेष तरह का एनीमेशन डूडल बनाया है। इसमें पीले, लाल, नीले और सफेद रंग के शतरंज के मोहरों दिखाया गया हैं।

### तमिलनाडु सरकार गुकेश को देगी पांच करोड़ रुपए का पुरस्कार

**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने शुक्रवार को सबसे युवा विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश को पांच करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने आज तमिलनाडु को गौरवान्वित करने वाले गुकेश को उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन के अनुरोध पर पांच करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की।

## बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल 2024 से बाहर हुई ट्रीसा जॉली, गायत्री गोपीचंद की भारतीय युगल जोड़ी

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** भारतीय महिला युगल जोड़ी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद शुक्रवार को हांग्जो में अपने ग्रुप ए मुकाबले में जापानी जोड़ी नामी मात्सुयामा और चिहारू शिदा के खिलाफ सीधे गेम में हारकर बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल 2024 से बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी करो या मरो वाले मैच में 17-21, 13-21 से हार गई, जहां एक जीत उन्हें टूनामेंट के सेमीफाइनल में जगह दिला सकती थी। ट्रीसा और गायत्री, (सीजन के अंतिम टूनामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाले एकमात्र भारतीय) को ग्रुप के अपने शुरूआती मैच में विश्व नंबर 1 लियू शेंग शू और चीन के टैन निंग के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने अपने दूसरे मैच में मलेशियाई जोड़ी पर्ली टैन और थिना मुरलीधरन के खिलाफ जीत के साथ वापसी की और अपनी सेमीफाइनल की उम्मीदों को जिंदा रखा। हालांकि, हालिया हार के बाद, वे तीन मैचों में केवल एक अंक के साथ अपने समूह में तीसरे स्थान पर रहे। चीनी और जापानी जोड़ी समूह में क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर रहते हुए अगले चरण में आगे बढ़ी।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## मोहन बागान और केरला के बीच मुकाबले में डिफेंस की अहम भूमिका होगी

**एजेंसी**



**कोलकाता।** मोहन बागान सुपर जायंट्स शनिवार शाम विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग 2024-25 मुकाबले में केरला ब्लास्टर्स एफसी से भिड़ेंगे। इस सीजन में दोनों टीमों की राहें एकदम विपरीत रही हैं। जहां मोहन बागान सुपर जायंट ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है, वहीं केरला ब्लास्टर्स लय पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। मैरिनर्स अपने घरेलू मैदान पर मजबूत रक्षापंक्ति और शानदार फिनिशिंग के दम पर एक मजबूत टीम नजर आ रहे हैं, जबकि ब्लास्टर्स को घर से बाहर डिफेंस में मुश्किलें हो रही हैं। मोहन बागान सुपर जायंट्स 10 मैचों में सात जीत, दो ड्रा और एक हार से 23 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर है। वहीं, केरला ब्लास्टर्स एफसी 11 मैचों में तीन जीत, दो ड्रा और छह हार से 11 अंक लेकर तालिका में दसवें स्थान पर है। मोहन बागान ने इस सीजन में अपने पिछले चारों घरेलू मैच जीते हैं। वे अक्टूबर और दिसंबर 2022 के बीच अपने सर्वश्रेष्ठ आंकड़े लगातार पांच घरेलू जीत को दोहराने के करीब हैं। मोहन बागान ने अपने पिछले सात आईएसएल मैचों में से छह क्लीन शीट रखी हैं। घरेलू मैदान पर, उन्होंने लगातार तीन क्लीन शीट दर्ज की हैं, जो उनकी रक्षात्मक मजबूती को दशार्ता है। ब्लास्टर्स ने अपने पिछले छह अवे मैचों में सिर्फ एक जीता है। उन्हें घर से बाहर लगातार हार का सामना करना पड़ा है। ब्लास्टर्स ने इस सीजन में खेले 11 मैचों में 21 गोल खाए हैं। डिफेंसिव कमजोरियों के कारण वे दिसंबर 2023 से घर के बाहर मोहन बागान सुपर जायंट के खिलाफ क्लीन शीट रखने में विफल रहे हैं। मोहन बागान सुपर जायंट के स्पेनिश हेड कोच जोस मोलिना को सकारात्मक परिणाम प्राप्त करने के लिए पूरी टीम से एकजुट प्रयासों की उम्मीद है। उन्होंने कहा, मैं अपनी टीम में 11 खिलाड़ी नहीं चाहता। मैं 26 ऐसे खिलाड़ी चाहता हूं जो टीम की मदद करने की कोशिश करें। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मैदान पर कौन है, हम सुनिश्चित कर सकते हैं कि वे लड़ सकते हैं और अच्छा खेलेंगे। मुझे लगता है कि हम उस मुकाम को हासिल कर रहे हैं। केरला ब्लास्टर्स एफसी के स्वीडिश हेड कोच मिकेल स्टाहरे अपनी संभावनाओं के बारे में आशावादी हैं, लेकिन कहा कि उनकी टीम को दबाव से निपटने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, फुटबॉल में दबाव से निपटना भी शामिल है। ट्रेनिंग सत्र में कुछ करना अलग बात है, लेकिन मैच में उसका पालन करना महत्वपूर्ण है। फिर भी, हमने अच्छा खेला है और यही कारण है कि मैं अभी भी आशावादी हूं। बता दें कि आइएसएल में दोनों टीमों के बीच आठ मैच खेले गए हैं, जिनमें मोहन बागान सुपर जायंट छह बार जीते हैं जबकि केरला ब्लास्टर्स एफसी ने केवल एक मैच जीता है।

### बेंगलुरू एफसी पर लगातार चौथी जीत दर्ज करने का गोवा का इरादा

**बेंगलुरू।** श्री कांतीरवा स्टेडियम में शनिवार शाम इंडियन सुपर लीग 2024-25 के डबल हेडर की शुरूआत बेंगलुरू एफसी और एफसी गोवा के बीच मुकाबले से होगी। इस सीजन में इन दोनों टीमों का प्रदर्शन जबर्दस्त रहा है। बेंगलुरू एफसी 11 मैचों में सात जीत, दो ड्रा और दो हार से 23 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर है। एफसी गोवा 10 मैचों में पांच जीत, तीन ड्रा और दो हार से 18 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है। उनकी प्रतिद्वंद्विता बहुत पुरानी है, जब एफसी गोवा को बेंगलुरू एफसी ने मार्च 2019 में मुंबई फुटबॉल एरिना में फाइनल में हराकर 2018-19 में आइएसएल खिताब अपने नाम किया था। शानदार फॉर्म में चल रही एफसी गोवा के स्पेनिश हेड कोच मैनोलो मार्कुएज (6 जीत, 3 ड्रा) बेंगलुरू एफसी के खिलाफ नौ मुकाबलों में कभी हारे नहीं हैं। ब्लूज ने इस सीजन में अपने छह घरेलू मैचों में पांच जीत हासिल की हैं और एक ड्रा खेला है। छह मैचों के बाद घर पर उनके 16 अंक सबसे अधिक हैं। बेंगलुरू एफसी ने अपने शुरूआती सभी पांच मैचों में क्लीन शीट रखते हुए इस सीजन की शानदार शुरूआत की। लेकिन इसके बाद से उन्होंने अगले छह मुकाबलों में से प्रत्येक में गोल (13 गोल) खाए हैं। गोवा ने बेंगलुरू एफसी के खिलाफ अपने पिछले तीन मैचों जीते हैं, जिसमें इस सीजन की शुरूआत में रिवर्स फिक्स्चर में मिली 3-0 की जीत शामिल है।

### अफगानिस्तान ने जिम्बाब्वे को 50 रनों से दी शिकस्त

**हरारे।** डरविश रसूली (58) रन की अर्धशतकीय पारी के बाद नवीन उल हक और राशिद खान (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर अफगानिस्तान ने शुक्रवार को दूसरे टी-20 मुकबाले में जिम्बाब्वे को 50 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज में एक-एक से बराबरी कर ली हैं। अफगानिस्तान के 153 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे की पूरी टीम 17.4 ओवर में 103 रन पर ढ़ेर हो गई। नवीन उल हक और राशिद खान के गेंदबाजी आक्रमण के आगे जिम्बाब्वे का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक पिच पर नहीं टिक सका। कप्तान सिकंदर रजा ने टीम के लिए सर्वाधिक (35) रनों की पारी खेली। ब्रायन बेनेट (27) और ताशिंगा मुसेकीवा (13) रन बनाकर आउट हुये। जिम्बाब्वे के आठ बल्लेबाज दहाई अंक तक भी नहीं पहुंच सके।

स्पीड न्यूज



## टाटा स्टील के शिविर में 246 यूनिट रक्त संग्रह

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआईएसएल ने जमशेदपुर ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर लगाया, जो सामाजिक जिम्मेदारी और सामुदायिक कल्याण के प्रति अपनी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस पहल में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और उत्साही कर्मचारियों ने कुल 246 यूनिट रक्तदान किया। टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा और जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडे उपस्थित रहे। उनके समर्थन और प्रोत्साहन ने प्रतिभागियों को प्रेरित किया और सामुदायिक कल्याण के प्रति संगठन के समर्पण की पुष्टि की।

## वार्ड सदस्य मंगल की हृदयाघात से मौत, शोक



**गम्हरिया।** प्रखंड के जगन्नाथपुर पंचायत के वार्ड 20 के वार्ड सदस्य मंगल गगराई (60) की गुरुवार की दोपहर करीब दो बजे हृदयाघात से मौत हो गयी। बताया गया है कि सीने में अचानक दर्द होने के बाद आनन फानन में परिजनों द्वारा उन्हें इलाज के लिए टीएमएच ले जाया जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में ही उनकी मौत हो गयी। अपने पीछे वे पत्नी, दो पुत्र व एक पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। निधन पर पंचायत प्रतिनिधियों व जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों ने शोक जताया है।

## राहगीरों के लिए की जा रही अलाव की व्यवस्था



**जमशेदपुर।** उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार बढ़ते ठंड को देखते हुए सभी प्रखंड व नगर निकायों के प्रमुख चौक चौराहों में अलाव की व्यवस्था की जा रही ताकि राहगीरों का ठंड से बचाव हो सके। फुटपाथ में सोने वाले बेघर और लाचार लोगों के बीच कम्बल वितरण भी किया जा रहा, साथ ही फुटपाथ से शिफ्ट कर उन्हें आश्रय गृहों में भेजा जा रहा है। वहीं सभी जिलावासियों से अपील है कि अपनी स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अनावश्यक संध्या समय के बाद घरों से बाहर नहीं निकलें। तापमान में गिरावट के कारण लगातार ठंड बढ़ रहा है ऐसे में जरूरी है कि घरों से बाहर निकलने पर गर्म कपड़े पहन कर निकलें जिससे पूरी तरह बचाव हो सके व जानमाल का कोई नुकसान नहीं हो। वहीं बेघर लोगों को आश्रय गृह में शरण लेने की अपील की ताकि ठंड से सभी सुरक्षित रहें।

## अग्रवाल सम्मेलन के मामले की सुनवाई

**जमशेदपुर।** कार्यपालक दंडाधिकारी, धालभूम अनुमंडल, जमशेदपुर के कार्यालय में शुक्रवार को जिला अग्रवाल सम्मेलन के मामले की सुनवाई हुई। जिसमें शिकायतकर्ता के अलावे विपक्षी सुशील कुमार अग्रवाल एवं संदीप मुरारका की उपस्थिति रही। अभिषेक अग्रवाल गोल्डी अनुपस्थित थे। सुशील अग्रवाल ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि उनका मनोनयन राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया है। पूर्व जिलाध्यक्ष को राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रदेश अध्यक्ष बना दिया था और वैसी स्थिति में जिला में कोई अध्यक्ष नहीं था। उन्होंने आगे यह भी स्पष्ट किया कि संविधान के अनुसार मनोनयन गलत है।

## बैठक बुलाकर करें विवाद का निराकरण

**जमशेदपुर।** संदीप मुरारका ने मारवाड़ी समाज के लोगों और अग्रवाल सम्मेलन के सदस्यों के नाम एक अपील जारी की। उन्होंने बताया कि धर्मचंद्र पोद्दार ने अनुमंडलाधिकारी, धालभूम, पूर्वी सिंहभूम के न्यायालय के पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन के विरुद्ध एक शिकायत दर्ज करायी है, जो बेबुनियाद, झूठी, भ्रामक, काल्पनिक और पूर्णतः नकारात्मक है। शिकायतकर्ता धर्मचंद्र पोद्दार से पूछा जाना चाहिए कि वे अग्रवाल सम्मेलन के सदस्य कब बने?

# सरकारी संस्थानों और सेवाओं की गुणवत्ता के लिए निगरानी-अनुश्रवण जरूरी : उपायुक्त

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त अनन्य मित्तल द्वारा सभी प्रखंडों व नगर निकायों के नोडल पदाधिकारी के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार की जन कल्याकारी योजनाओं का लाभ योग्य लोगों को मिल रहा है या नहीं इसकी जांच करें, विद्यालयों में पठन-पाठन व अन्य पाठ्येत्तर गतिविधियां, स्वास्थ्य सुविधा, खाद्य वितरण, संबंधित पंचायत में कृषि व बागवानी क्षेत्र की संभावनाओं, माताओं व बच्चों का ससमय टीकाकरण, जल जीवन मिशन की स्थिति, मनरेगा, पेंशन, झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना व अन्य विकास कार्यों की धरातल पर स्थिति से अवगत होते हुए रिपोर्ट करेंगे। पंचायत स्तर पर सरकार की संस्थाएं एवं उनके माध्यम से लोगों को दी जा रही बुनियादी सेवायें, सुविधायें तथा कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किस तरीके से धरातल पर हो रहा है, इसकी वस्तुस्थिति की जानकारी हासिल करने के उद्देश्य से जिला स्तर के नोडल पदाधिकारियों को क्षेत्र में भेजा जा रहा है।

जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि सभी नोडल पदाधिकारी प्रत्येक शनिवार को अनिवार्य रूप से अपने प्रखंड व नगर निकाय का क्षेत्र भ्रमण करेंगे। किसी परिस्थिति में जिला मुख्यालय से बाहर जाते हैं तो इस क्रम में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त को लिखित में सूचित करेंगे तथा उक्त अवधि के लिए नोडल पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति के पश्चात ही जिला मुख्यालय छोड़ेंगे। सभी नोडल पदाधिकारी को एक दिन पहले प्रत्येक शुक्रवार की संध्या तक पंचायत का नाम बताया जायेगा। निकाय/पंचायत निरीक्षण के क्रम में वहां अवस्थित आंगनबाड़ी केन्द्र, प्राथमिक, मिडिल व हाई स्कूल, जन वितरण प्रणाली दुकान, स्वास्थ्य केन्द्र, पंचायत भवन, मनरेगा की दो योजना, गोदाम आदि का निरीक्षण कर जिला द्वारा दिए गए फॉर्मेट में आने वाले सोमवार को रिपोर्ट समर्पित करेंगे। अगले निरीक्षण के एक दिन पूर्व अर्थात शुक्रवार को उन सभी पदाधिकारी/ कर्मियों के साथ बैठक कर निरीक्षण के दौरान दिए गए अनुपालन आदेश में प्रगति की समीक्षा की जायेगी। उन्होंने कहा कि यह अभ्यास संबंधित पंचायत क्षेत्र में अवस्थित सभी सरकारी संस्थान व सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने के उद्देश्य से किया जा रहा है।



समाहरणालय सभागार में नोडल पदाधिकारी के साथ बैठक।

### प्रखंडों व नगर निकायों के नोडल पदाधिकरियों का विवरण

1. उप विकास आयुक्त- गोलमुरी सह जुगसलाई (जमशेदपुर)
2. परियोजना निदेशक आईटीडीए- घाटशिला
3. अपर उपायुक्त- पटमदा
4. निदेशक एनईपी- गुड़ाबांदा
5. विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी- धालभूमगढ़
6. अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था)- मुसाबनी
7. जिला आपूर्ति पदाधिकारी- डुमरिया
8. अनुमंडल पदाधिकारी, धालभूम- बोड़ाम
9. अनुमंडल पदाधिकारी, घाटशिला- चाकुलिया
10. भूमि सुधार उप समाहर्ता, घाटशिला- बहरागोड़ा
11. भूमि सुधार उप समाहर्ता, धालभूम- पोटका
12. जिल पंचायती राज पदाधिकारी- जमशेदपुर अक्षेस
13. जिला भू-अर्जन पदाधिकारी- मानगो नगर निगम
14. जिला परिवहन पदाधिकारी- जुगसलाई नगर परिषद

# साप्ताहिक जनता दरबार में फरियादियों से मिले उपायुक्त

- योग्य लाभुकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ लाभ प्रदान करें पदाधिकारी : डीसी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**सरायकेला।** समाहरणालय परिसर में उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के निराकरण हेतू आए लोगों से क्रमवार मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हो उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदन का नियमानुसार यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिये, साथ ही सभी योग्य लाभुकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभ देने का निर्देश दिया गया।

जनता दरबार में मुख्य रुप से भूमि संबंधित मामले, रैयती जमीन बिक्री पर लगे रोक को जांचोपरांत हटाने, चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में अवैध लॉटरी बिक्री पर रोक लगाने, चांडिल अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सिद्धि विनायक मेटकॉम लीमटेड, एमआर ऑयल लिमिटेड, शिवा रामा लिमिटेड तथा आयरन स्पॉज कम्पनी के द्वारा प्रदूषण फैलाने तथा शिक्षा विभाग, आपूर्ति विभाग संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनो में कई मामलों का ऑन द स्पॉट निराकरण किया गया अन्य सभी आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को अग्रसरित किया गया। उपायुक्त ने योग्य लाभुकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ लाभ प्रदान करने हेतु भी पदाधिकारियों को निर्देशित किया।



जनता दरबार में फरियादियों से मिले उपायुक्त।

## शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने किया सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का दौरा





- बच्चों को बेहतरीन शिक्षा मुहैया करवाने पर जोर



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** घाटशिला विधायक रामदास सोरेन ने शिक्षा मंत्री बनने के बाद पहली बाद विद्यालय का दौरा किया। साकची स्थित बालिका उच्च विद्यालय सी एम स्कुल ऑफ एक्सिलेन्स का दौरा कर शैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं से बातचीत की और बच्चों को बेहतरीन शिक्षा मुहैया करवाने पर जोर की बात कही।

## एक नजर में

### परीक्षा-मूल्यांकन केंद्र चयन को लेकर हुई बैठक



**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम उपायुक्त के निदेर्शानुसार जिला समाहरणालय स्थित सभागार में जिला शिक्षा पदाधिकारी टोनी प्रेमराज टोप्पो, चाईबासा विधायक प्रतिनिधि राजाराम गुप्ता, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, इंटरमीडिएट शिक्षक संघ के अध्यक्ष व अन्य की उपस्थिति में वार्षिक, माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 हेतु परीक्षा केंद्र एवं मूल्यांकन केंद्र चयन के निमित्त बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में माध्यमिक परीक्षा के लिए कुल 20422 परीक्षार्थियों हेतु कुल 50 परीक्षा केंद्र और इंटरमीडिएट परीक्षा हेतु कुल 11749 परीक्षार्थी के लिए 26 परीक्षा केंद्र चयन करने के संबंध में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इसके अलावा बैठक में सभी परीक्षा केंद्र पर आधारभूत एवं मूलभूत सुविधा, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था, परीक्षा के संदर्भ में विद्यार्थियों को ससमय सभी प्रकार की सूचना उपलब्ध करवाने सहित अन्य प्रमुख बिंदुओं पर भी चर्चा किया गया।

### सरायकेला में चला सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान




**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां के जिला परिवहन पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो एवं सड़क सुरक्षा सदस्यों के द्वारा सरायकेला राजनगर मार्ग में मोटरसाइकिल वाहन चालको के बीच जागरूकता अभियान चलाया गय। लगभग 60-70 वाहन चालकों को यातायात नियमो के प्रति सड़क सुरक्षा टीम ने रोड सेफ्टी काउंसलिंग किया। लोगों को यातायात नियमों एवं वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल कर सड़क दुर्घटनाओं को कम करने को जागरूक किया गया। बताया गया की यातायात नियमों का उपयोग कर हम स्वयं व अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा करते है। इस दौरान मुख्य रूप से जिला परिवहन पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो, सड़क सुरक्षा प्रबंधक कुंदन वर्मा , आशुतोश कुमार सिंह एवं धृत कुमार शामिल थे।

### गीता थिएटर ने किया नन्हे बातें नाटक का मंचन



**जमशेदपुर।** मानगो मुंशी मोहल्ला स्थित नजरिया उर्दू स्कूल में गीता थिएटर के सौजन्य से नन्हें बातें नामक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पश्चिम जमशेदपुर के विधायक सरयू राय शामिल हुये। गीता थिएटर की अध्यक्ष गीता कुमारी ने अतिथि का स्वागत पुष्प गुच्छ व अंग वस्त्र देकर किया। नाट्य में अभिनय कर रहे बच्चों का नाटक देखकर उपस्थित बच्चों को सम्मान पत्र सह मेडल देकर प्रोत्साहित किया। श्री राय ने कहा कि जमशेदपुर लौहनगरी अब कला और कलाकारों के लिए भी पूरे हिन्दुस्तान में जाना जा रहा है, गीता थिएटर जैसी संस्था अगर सरकारी विद्यालयों में कला सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगी तो सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को मंच मिलेगा और उनके अंदर की प्रतिभा बाहर आयेंगी। कार्यक्रम आयोजित करने के लिए गीता थिएटर, विद्यालय प्रबंधन तथा छात्र-छात्राओं के अभिभावक का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विधायक सरयू राय के अलावा जयालक्ष्मी नाट्य कला मंदिरम से ए बाबु राव, हिंद आईटीआई से ताहिर हुसैन, नजरिया उर्दू स्कूल से प्रधानाचार्य सुनीसा बिंद्रा, अध्यापक मोहम्मद सहिद, गीता थिएटर सदस्य रजनी सिंह और नमिता सिंह शामिल हुए। अंत में गीता थिएटर के सचिव प्रेम दीक्षित ने उपस्थित छात्र-छात्राओं, प्रधानाचार्य, अध्यापक- अध्यापका और तमाम अतिथि को आभार व्यक्त किया।

### पिता की प्रथम पुण्यतिथि पर किया कंबल वितरण



**जमशेदपुर।** संदीप पाटिल ने अपने पिता स्वर्गीय सुधीष्ट कुमार यादव के प्रथम पुण्यतिथि पर नव जागृत मानव समाज कुष्ठ आश्रम अंत्योदया भवन परिसर के पास स्थित स्लम एरिया में निवास कर रहे लगभग 200 लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था और कम्बल वितरण किया। कार्यक्रम में स्वर्गीय सुधिष्ट कुमार यादव के तस्वीर के समक्ष पुष्प अर्पित भी किया गया।

### किसानों की दशा बदलेगा आटी पुआल मशरूम



**जमशेदपुर।** स्टार्ट अप इंडिया के तहत डॉक्टर अमरेश महतो की नई खोज आटी, पुआल मशरुम आज के वर्तमान समय में किसानों की दिशा और दशा बदलने का काम करेगी। उक्त बातें एबीआईएफ (आईआईटी खड़गपुर) के मैनेजर दिव्यांशु टेम्ब्रे ने कही। श्री टेम्ब्रे अपने सहयोगी शंभूनाथ बिस्वई (टळर) के साथ डॉक्टर अमरेश महतो जो आटी पुआल मशरूम (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के सीएमडी हैं, उनके प्रधान कार्यालय का दौरा किया और किसानों के साथ एक बैठक के दौरान उनका अनुभव भी सुने। इस दौरान उन्होंने किसान से बात चित कर आटी पुआल मशरुम, कसावा, स्वीट पोटैटो, सीआरएस धान 310 आदि की नई तकनीक से खेती करने की प्रक्रिया से अवगत हुए। साथ ही डॉ अमरेश महतो के मार्गदर्शन में किसानों द्वारा किए जा रहे मशरूम, कसावा, स्वीट पोटैटो आदि की खेती का भ्रमण कर निरीक्षण भी किया और इस नई तकनीक से रु व रु होकर खुशी जाहिर की। वहीं डॉक्टर अमरेश महतो ने बताया कि अगर हमारे राज्य व देश के गरीब किसान इस नई पद्धति से मशरुम, कसावा, स्वीट पोटैटो आदि की खेती करते हैं।

जमशेदपुर में पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम ऑटो पर निर्भर

# प्रशासन ऑटो चालकों को दे सुविधाएं: डॉ पवन पांडेय

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टेंपो चालक संघर्ष युनियन के संरक्षक सह एनसीपी पार्टी युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता डॉ पवन पांडेय ने प्रशासन के द्वारा ऑटो चालकों के लिए निर्गत आदेश के आलोक में कहा है कि जिला प्रशासन को सबसे पहले ऑटो चालकों के लिए अपने माध्यम से आईडी कार्ड बनवाना चाहिए। फिर उसकी चेकिंग अभियान चलाया जाएगा तब उसका सार्थक परिणाम निकलेगा। जबतक आईडी कार्ड बनवाया ही नहीं गया है तब फिर चेकिंग अभियान चलाया जाना निरर्थक साबित होगा। साकची में जितनी ऑटो स्टैंड हैं, सभी निजी स्टैंड हैं और उनकी क्षमता से कहीं ज्यादा ऑटो है शहर में।



डॉ पवन पांडेय, प्रवक्ता।

# समय पर दवा व पौष्टिक आहार लें टीबी मरीज तभी बनेगा स्वस्थ समाज : शताब्दी मजूमदार

- रेड क्रॉस भवन में पीएम टीबी फ्री इंडिया अभियान के तहत मासिक पौष्टिक आहार किट वितरण कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पीएम टीबी फ्री इंडिया अभियान टीबी मरीजों के लिए पौष्टिक आहार प्रदान करने के उद्देश्य के साथ उन्हें जल्द से जल्द रोगमुक्त कर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु की गयी है, टीबी मरीजों को चाहिए कि वो निर्धारित समय पर अपनी दवा व पौष्टिक आहार ग्रहण कर स्वस्थ समाज के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी करें। उक्त बातें एसडीओ शताब्दी मजूमदार ने रेड क्रॉस भवन में आयोजित टीबी मुक्त भारत अभियान के मासिक पौष्टिक आहार किट प्रदान वितरण कार्यक्रम में कही। उन्होने रेड क्रॉस द्वारा नियमित रूप से पिछले 29 माह से टीबी मरीजों के लिए चल रहे पोषण अभियान की सराहना की। कार्यक्रम में इस माह के मुख्य संयोजक छगनलाल दयालजी सन्स लि. के हार्दिक आडेसरा ने कहा कि उनका परिवार इस अभियान से जुड़कर समाज के प्रति एक जिम्मेवारी को वहन करने का प्रयास कर रहा है। उन्हें खुशी है कि कार्यक्रम के लिए रेड क्रॉस की पहल से वे जुड़ सके। कार्यक्रम की नियमित सहयोगी समाजसेवी पूरबी घोष ने टीबी मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।



पीएम टीबी फ्री इंडिया अभियान के तहत हुआ पौष्टिक आहार किट वितरण।

# रैंप वॉक कर बच्चों ने दिया पानी की स्वच्छता और जलचर प्राणियों की सुरक्षा का संदेश

- चिन्मया विद्यालय साउथ पार्क में सातवें केजी नाइट का आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** चिन्मया विद्यालय साउथ पार्क में सातवें केजी नाइट का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जेपीएस की प्राचार्या एवं डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग कॉर्डिनेटर नमिता अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का रंगारंग शुभारंभ किया। कार्यक्रम जलचर प्राणियों पर आधारित था, जो हमारे मन में प्राणियों के प्रति हमदर्दी प्रदर्शित करता है । नन्हें-मुन्हें बच्चों द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया, बच्चों द्वारा एक नाटक का मंचन किया गया, जो कालिया नाग एवं कृष्ण के युद्ध पर आधारित एक सुन्दर प्रस्तुति थी। बच्चों द्वारा जलचर प्राणी बनकर रैंप वॉक किया गया, एक नाटक प्रस्तुत किया गया, जो हमें पानी की स्वच्छता एवं जलचर प्राणियों की सुरक्षा करने का भी संदेश देता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मिक्की सिंह, केजी शिक्षिका एम नूतन, जेसिका, छाया, शैली सहित सह-संयोजिका विनिता मिश्रा का सराहनीय योगदान रहा।



दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं अतिथि।

# मंईयां अपमान योजना बन गयी है मंईयां सम्मान योजना : रश्मि साहू

खबर मन्त्र ब्यूरो



**गम्हरिया।** भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष रश्मि साहू ने मंईयां सम्मान योजना में सरकार द्वारा रखी गई नई शर्तों व नियमों पर आपत्ति व्यक्त किया है। इस बाबत एक बयान जारी कर उन्होंने कहा है कि विधानसभा चुनाव से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंईयां सम्मान योजना के तहत झारखंड की सभी महिलाओं को इसका लाभ देने की घोषणा की थी। इस दौरान आनन फानन में महिलाओं से आवश्यक दस्तावेज के साथ प्रपत्र लेकर उनके खाते में एक हजार की राशि भेजकर उन्हें सम्मान देने की बात भी कही। चुनाव के वक्त ही मुख्यमंत्री ने उनके खातों में 11 दिसंबर तक 2500/- रुपए राशि भेजने का वादा भी किया था। इस लाभ को लेकर हेमंत सोरेन चुनाव भी जीत गए। किन्तु, चुनाव जीतने के बाद जब उनकी सरकार बनी तो अब तक यह 2500/- की राशि लाभार्थियों के खातों में नहीं पहुंची।

# इंडिया वर्कप्लेस इक्वेलिटी इंडेक्स 2024 में टाटा स्टील को लगातार चौथे वर्ष मिला गोल्ड एंप्लॉयर का सम्मान

- नीतियों में विविधता और समावेशन को प्रभावशाली ढंग से अपनाने के लिए कंपनी को मिला विशेष सम्मान
- एलजीबीटी+ समुदाय की बदलती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए एचआर नीतियों को नियमित रूप से किया अपडेट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील को इंडिया वर्कप्लेस इक्वेलिटी इंडेक्स ( आई डब्ल्यू ई आई ) 2024 में लगातार चौथे वर्ष गोल्ड एम्प्लॉयर के रूप में मान्यता मिली है। यह सम्मान एलजीबीटी+ समावेशन के प्रति कंपनी की अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ता है। आई डब्ल्यू ई आई ने टाटा स्टील की नीतियों, नियोजन प्रक्रियाओं और बाहरी संचार में विविधता और समावेशन को प्रभावी रूप से शामिल करने के लिए इसकी उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की है।

टाटा स्टील ने एक समावेशी कार्यस्थल बनने की दिशा में अपनी यात्रा को एचआर नीतियों, प्रक्रियाओं और संगठनात्मक संस्कृति के हर पहलू में व्यापक और प्रभावशाली प्रयासों के साथ आगे बढ़ाया है। कंपनी ने प्रगतिशील नीतियां अपनाई हैं, जिनमें एलजीबीटी+ पार्टनर्स के लिए समान लाभ शामिल हैं। ये लाभ केवल चिकित्सा कवर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि हनीमून पैकेज, कर्मचारियों के लिए जेंडर ट्रांजिशन सपोर्ट, और जेंडर-न्यूट्रल पेरेंटल लीव्स जैसी सुविधाएं भी प्रदान करते हैं।

समावेशी नियुक्ति प्रक्रियाओं के साथ, टाटा स्टील ने एलजीबीटी+ समुदाय के लिए एक सहायक नेटवर्क तैयार करने हेतु कर्मचारी संसाधन समूहों (ईआरजी) को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित किया है। कंपनी ने स्वीकृति और समझ की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए आउटरीच कार्यक्रमों, सामुदायिक पहलों और साझेदारियों में भी सक्रिय भूमिका निभाई है।

टाटा स्टील, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट की वाइस प्रेसिडेंट अत्रयी सन्याल ने कहा कि ₹लगातार चौथे वर्ष इंडिया वर्कप्लेस इक्वेलिटी इंडेक्स द्वारा गोल्ड एम्प्लॉयर के रूप में मान्यता प्राप्त करना हमारे लिए एक सम्मान की बात है। हमने न केवल समय के साथ विकसित नीतियां अपनायी हैं।

# झामुमो ने शव यात्रा निकालकर किया विधायक का पुतला दहन

खबर मन्त्र संवाददाता


पुतला दहन करते झामुमो नेता।

**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने शुक्रवार को विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी का टाउन हॉल के मैदान से रंका मोड़ तक शव यात्रा निकालकर पुतला दहन किया। साथ ही उनके द्वारा विधानसभा में निर्लजता से कही हुई झूठ की कड़ी निंदा की। मौके पर जिलाध्यक्ष तनवीर आलम ने कहा कि विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी अपने आचरण के अनुरूप विधानसभा में भी निर्लजता का परिचय देते हुए सफेद झूठ परोसने का काम कर रहे हैं। वह अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने में इतने अंधे हो गए हैं कि किसी के मौत पर गंदी राजनीति करने से बाज नहीं आ रहे हैं। दुख की घड़ी में एक पंचायत प्रतिनिधि के परिवार के साथ खड़ा होने की बजाय उसकी इज्जत को सरेआम लोकतंत्र की मंदिर में तार-तार करने का काम किया है। उन्होंने उस परिवार, उनके समाज, गढ़वावासी सहित पूरे पंचायत प्रतिनिधियों का अपमान किया है। इस तरह का झूठा लांछन लगाकर विधायक अपनी गिरी मानसिकता और घिनौनी राजनीति का परिचय दे रहे हैं। अगर विधायक के वक्तव्य में जरा सी भी सच्चाई है तो वह उसे प्रमाणित करने का काम करें अन्यथा इस तरह से सरेआम सदन में गढ़वा वासियों की इज्जत और मर्यादा को तार-तार करने का प्रयास का खुलकर विरोध होगा। मौके पर केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चैबे, कंचन साहु, मनोज गुप्ता, दीपक सोनी, दिव्य प्रकाश केषरी, संजय कांस्यकार, दिलीप गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, राजेश गुप्ता, वंदना जायसवाल, चंदा देवी, आशीष अग्रवाल, दशरथ प्रसाद गुप्ता, भरत केषरी, भोला केषरी, संजय सिंह छोटू, सलीम जाफर, चैतू सिंह खरवार, कार्तिक पांडेय, दीप माला आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# थाना प्रभारी को व्यवसायिक संघ ने किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता


सम्मानित करते संघ के सदस्य।

**मझिआंव।** थाना प्रभारी आकाश कुमार का स्थानांतरित कर दिया गया है। स्थानांतरण के बाद थाना प्रभारी के द्वारा स्थानांतरित थाना रामना में योगदान देने के बाद मझिआंव थाना लौटने पर गुरुवार की शाम में नगर पंचायत के व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष प्रतिनिधि नीरज कमलापुरी के नेतृत्व में थाना परिसर में थाना प्रभारी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया तथा उन्हें विदाई दी। इधर व्यवसायिक संघ अध्यक्ष नीरज कमलापुरी ने बताया कि थाना प्रभारी आकाश कुमार का कार्यकाल काफी सराहनीय रहा तथा हम सभी व्यवसायी एवं थाना क्षेत्र के तमाम ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए 24 घंटा तत्पर रहते थे। किसी के द्वारा सूचना पर सभी गरीब-अमीर सहित आम ग्रामीणों का फरियाद सुनते थे और उसे निस्तारण करते थे। कई कांडों का उद्भेदन करने में उन्हें सफलता मिली थी। उनका स्थानांतरण से यहां सभी व्यवसाईयों, ग्रामीण काफी मर्माहत हैं। युवा समाजसेवी मारुति नंदन सोनी ने कहा की थाना प्रभारी के कार्यकाल को हम सब कभी नहीं भूल पाएंगे। आप विशेष कर गरीबों के प्रति देखे गए और उनके कार्यों को निष्पादन किया। सरकारी प्रक्रिया के तहत ट्रांसफर तो कर दिया गया लेकिन आप यहां बहुत कम समय में ही लोगों को सहयोग कर अपनी पहचान छोड़कर जा रहे हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि सभी लोगों का हमें भरपूर सहयोग मिला जिससे हर कार्यों को अच्छे तरीके से निष्पादन किया गया और मामला को उद्भेदन किया गया। हमें भी आप सबों का सहयोग निरंतर याद रहेगा। मौके पर खुशी जायसवाल, विवेक सोनी, चंदन कमलापुरी, मनीष गुप्ता, सुमित कुमार, उज्जवल कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।

# नदी से बरामद शव का पुलिस ने किया खुलासा, महिला सहित चार गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता


प्रेस कॉन्फ्रेंस करते एसडीपीओ।

**गढ़वा।** गढ़वा पुलिस ने थाना क्षेत्र के बेलचंपा कोयल नदी से बरामद महिला के शव के मामले का उद्भेदन कर लिया है। उक्त मामले में गढ़वा पुलिस ने छत्तीसगढ के बलरामपुर थाना क्षेत्र के जवाहर नगर से घटना में शामिल एक महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में बलरामपुर थाना क्षेत्र के जवाहर नगर निवासी रमेश मंडल, लतिका मंडल, संतोषी नगर निवासी शांति मंडल व पीरुडीह गांव निवासी वीरा लकड़ा का नाम शामिल है। इसकी जानकारी एसडीपीओ नीरज कुमार ने गढ़वा थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी।

एसडीपीओ ने बताया कि गत 30 सितम्बर को बेलचंपा कोयल नदी पुल के पाया संख्या 11 से एक महिला का शव बरामद किया गया था। जिसकी पहचान बलरामपुर थाना क्षेत्र के गुरूचंद मंडल की पत्नी रीना गिरी के रूप में की गई थी। जिसकी प्राथमिकी रीना के भाई बदला गिरी ने गढ़वा थाना में दर्ज कराया था। प्राथमिकी के आधार पर पुलिस छानबीन शुरू की। पुलिस की जांच पड़ताल के दौरान मामला सामने आया कि रीना गिरी का ससुराल में विवाद होते रहता था। जिसे लेकर उसके ससुराल वाले रीना को रास्ते से हटना चाहते थे। जिसके बाद उसके ससुराल वालों ने रमेश मंडल के साथ प्लान बनाकर हत्या की योजना बनाई। 29 सितंबर को रीना गिरी का अपहरण कर उसके शव को फेंकने के लिए गढ़वा लाया गया। जहां वीरा लकड़ा व रमेश मंडल ने अपने चारपहिया वाहन से गढ़वा पहुंचे। जहां सबसे पहले उसका गला दबाया। उसके बाद हत्या कर उसे कोयल नदी पुल से नीचे फेंक दिया। एसडीपीओ ने बताया कि इस घटना में शामिल उसके पति को घटना के दो दिन बाद ही बलरामपुर पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। जहां बलरामपुर थाना में ही उसका पति खुदखुशी कर लिया था। उन्होंने बताया कि इस घटना में चार लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया गया था। पुलिस ने तीन नामजद सहित घटना में शामिल चार को गिरफ्तार किया है। सभी ने अपना गुनाह स्वीकार कर लिया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस अवर निरीक्षक मुकेश यादव, प्रदीप यादव, आरक्षी राहुल कुमार, धर्मेंद्र कुमार, सहायक पुलिस प्रियंका मिंज आदि उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### वाहन चेकिंग अभियान में 10 मोटरसाइकिल जब्त

**कांडी।** एसपी दीपक कुमार पांडेय के निर्देशानुसार थाना प्रभारी अविनाश राज के नेतृत्व में एएसआई मनोज कुमार एवं पुलिस बल के द्वारा शुक्रवार को थाना गेट के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें बिना हेलमेट एवं दस्तावेज के साथ 10 मोटरसाइकिल को जप्त कर थाना लाया गया। जिसे आगे की कार्रवाई के लिए परिवहन विभाग में भेजा गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी अविनाश राज ने बताया कि यह चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहेगा। सभी मोटरसाइकिल सवार को अपने-अपने हेलमेट लगाकर एवं दस्तावेज के साथ चलने का निर्देश दिया गया है, अन्यथा पकड़े जाने पर उन्हें गाड़ी को चालान कर दिया जाएगा।

### हाथियों ने दो घरों को किया क्षतिग्रस्त



**धुरकी।** प्रखंड के लोग प्रत्येक वर्ष हाथियों का आंतक झेल रहे हैं। धुरकी प्रखंड अंतर्गत कनहर तटीय गांव में गजराज ने आतंक मचाया है। गुरुवार की रात्रि में कनहर तटीय बलचैरा गांव में हाथियों ने दो घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। हाथियों ने धुरकी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अंबाखोरेया पंचायत के बालचैरा गांव में दो घरों का अपना निशाना बनाते हुए घर को गिरा दिया। साथ ही घर में रखें खाद्य सामग्री सहित सभी समान को नष्ट करते हुए जंगल में निकल गये। ग्रामीणों ने बताया कि जान बचाकर भागने में वे लोग सफल रहे। उन्होंने कहा कि वन विभाग द्वारा कोई ठोस कदम उठाया जाए जिससे हम लोगों को राहत मिल सके। इसकी सूचना मिलते ही वनपाल प्रमोद कुमार यादव, वनरक्षी मारीयूनुस कच्छप मौके पर पहुंचकर भुक्तभोगियों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा सरकारी लाभ दिलाया जाएगा।

### पंचायत भवन का शिलान्यास तीन करोड़ की लागत से निर्माण



**भागलपुर।** जिले के सन्हौला प्रखंड के अरार गांव में शुक्रवार को पंचायत सरकार भवन का शिलान्यास किया गया। इस भवन का निर्माण तीन करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। शिलान्यास कार्यक्रम की अगुवाई पंचायत मुखिया कृष्णा नंद सागर ने की। इस बाबत मुखिया कृष्णा नंद सागर ने कहा कि इस भवन के बनने से पंचायत के लोगों को अब 25 किलोमीटर दूर सन्हौला जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। पंचायत सरकार भवन में जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र, राशन कार्ड और अन्य सरकारी कार्य एक ही छत के नीचे पूरे किए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह भवन ग्रामीणों के लिए एक बड़ी सुविधा साबित होगा और सरकारी सेवाएं प्राप्त करने में आसानी होगी। स्थानीय ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि यह भवन गांव के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस मौके पर पंचायत के कई गणमान्य लोग और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### दिव्यांग को मिला ट्राई साइकिल


ट्राई साइकिल देती बीडीओ।

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र के दवनकारा गांव निवासी राजू पासवान के 16 वर्षीय पुत्र सह दिव्यांग सींटू कुमार पासवान को सीडीपीओ सह बीडीओ श्रीमती कनक एवं सीओ प्रमोद कुमार ने संयुक्त रूप से ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराया। ट्राई साइकिल मिलते ही दिव्यांग का चेहरा खिल उठा। इधर प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत उन्हें ट्राई साइकिल दी गई है। कहा कि जरूरतमंद दिव्यांगों को जरूरत के सारी उपकरण यंत्र नि:शुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वंचित दिव्यांगों जनों के लिए पेंशन की भी सुविधा है। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा के लिए सभी योग्य लाभकों को दिव्यांगता पेंशन दिलाने का काम सरकार प्राथमिकता के आधार पर कर रही है। इधर प्रशासनिक अधिकारियों ने अपने अधीनस्थ विभागीय कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा है कि ग्रामीण क्षेत्र में भौतिक सत्यापन कर दिव्यांगों को चिन्हित करते हुए चयन करें। सूची तैयार कर जरूरत के अनुसार दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल एवं अन्य उपकरण यंत्र का लाभ सुनिश्चित करते हुए देने का निर्देश दिया गया है। मौके पर पुरहे पंचायत के मुखिया शंभू पासवान, दिव्यांग के माता सहित सीडीपीओ कार्यालय के पर्यवेक्षक प्रभा देवी, सुमित्रा देवी उपस्थित थीं।

### मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा को लेकर जिला केन्द्र चयन समिति की बैठक


बैठक करते लोग डीडीसी व अन्य।

**गढ़वा।** झारखण्ड अधिविद्य परिषद, रांची द्वारा 2025 में आयोजित माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्रों के निर्धारण एवं मूल्यांकन केंन्द्रो का चयन करने सम्बन्धी बैठक डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिले भर के कुल 46 हाई स्कूल एवं 23 प्लस टू विद्यालयों को परीक्षा केंद्र के रूप में चयनित किया गया। जबकि दो विद्यालयों का चयन मूल्यांकन केंद्र के रूप में किया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा परीक्षा केन्द्रो की सूची प्रस्तुत किए जाने के उपरांत डीडीसी श्री मिश्रा ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों में आवश्यकता अनुसार विभिन्न आवश्यक सुधार करने के लिए डीईओ को निर्देशित किया। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक राहुल देव बड़ाईक, जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा, पलामू सांसद के प्रतिनिधि प्रमोद चैबे, झारखण्ड प्लस टू शिक्षक संघ, गढ़वा के अध्यक्ष, माध्यमिक शिक्षक संघ, गढ़वा के अध्यक्ष, झारखण्ड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ गढ़वा के अध्यक्ष आदि उपस्थित थे।

## अभाविप ने डीईओ को सौंपा चार सूत्री मांग पत्र


मांग पत्र सौंपते अभाविप कार्यकर्ता।

**गढ़वा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गढ़वा ने जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा को चार सूत्री मांग पत्र सौंपा है। सौंपे गये मांग पत्र में अभाविप ने उच्च विद्यालय एवं प्लस टू उच्च विद्यालयों में परीक्षा फॉर्म में झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक राशि लेने वाले विद्यालय प्रशासन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने, परीक्षा फॉर्म भरने के उपरांत विद्यार्थियों को रसीद देने, कांडी प्लस टू उच्च विद्यालय में गणित, इतिहास, हिन्दी सहित विभिन्न विषयों के शिक्षकों की व्यवस्था करने एवं जिले के विभिन्न विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति करने की मांग की है। विभाग सह संयोजक शशांक ने कहा कि विद्यालयों में परीक्षा फॉर्म भरने में निर्धारित शुल्क से ज्यादा राशि लेना गलत है। ज्यादा शुल्क लेने वाले विद्यालयों में जांच कर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। जिला संयोजक शुभम तिवारी ने कहा कि जिले के विद्यालयों में शिक्षकों की कमी है, जिसे जल्द से जल्द दूर करने का आग्रह किया गया। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजा यादव, प्रिंस सिंह, सचिन चैबे, सुगंध बघेल, कमलेश कुमार आदि का नाम शामिल है।

## धारदार हथियार से अधेड़ की हत्या

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत भंडार गांव निवासी छोटू भुईयां उर्फ भगत जी 60 वर्षीय की धारदार हथियार से काटकर हत्या कर दी गई। घटना गुरुवार की शाम की है। जानकारी के अनुसार छोटू भुईयां प्रतिदिन की भांति जंगल में अपने गाय एवं बकरी लेकर अन्य चरवाहे के साथ चराने जाता था, लेकिन उस दिन अपने गाय व बकरी को अकेला लेकर जंगल गया था। जंगल जाने के पश्चात जैसे-जैसे शाम होते गई वैसे-वैसे उसके परिजन उसके आने का इंतजार करने लगे। काफी शाम होने के बाद उसके परिजन इधर-उधर खोजबीन करने लगे लेकिन कोई पता नहीं चला। इसके बाद छोटू भुईयां की बड़ी बहू ने गांव के अगल-बगल लोगों को इसकी जानकारी दी तथा सभी ने मिलकर जंगल की ओर गए लेकिन वहां भी कुछ पता नहीं चल पा रहा था। छोटू भुईयां अपने पास मोबाइल भी रखता था। इस समय चरवाहे के मोबाइल पर जब फोन लगाया गया तो मोबाइल बज रहा था लेकिन कोई फोन रिसीव नहीं कर रहा था। फोन लगाकर ही जंगलों में अगल-बगल खोजने लगे तभी अचानक मोबाइल बजने की आवाज सुनाई दी। मोबाइल बजाने की आवाज की जगह जब गए तो वहां छोटू भुईयां को मृत पाया गया तथा उसके शरीर पर धारदार हथियार टांगी से काटने का निशान था। इसकी सूचना धुरकी थाना को दी। धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की पूर्ण जानकारी ली एवं शव को पंचनामा कर अंत्य परीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। थाना प्रभारी ने कहा कि प्रथम दृष्टि से पता चलता है कि धारदार हथियार से काटकर निर्मम हत्या कर दी गई है। यह घटना काफी मार्मिक है। घटना की अनुसंधान की जा रही है। अनुसंधान के क्रम में जो भी दोषी होंगे, उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी। ज्ञात हो कि मृतक की पत्नी मौत कई वर्ष पहले ही हो गई थी। मृतक के दो पुत्र एवं एक पुत्री हैं।

## दुर्घटना में घायल पैक्स अध्यक्ष की इलाज के दौरान मौत

एजेंसी



**नवादा।** जिले के लालपुर पंचायत के नव निर्वाचित पैक्स अध्यक्ष अशोक यादव की शुक्रवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। वे लगभग 45 वर्ष के थे। सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद 15 दिन से पटना के मेदांता हॉस्पीटल में ईलाजरत थे। उनके पार्थिव शरीर को निजी आवास लालपुर लाया गया। यहां उनके अंतिम दर्शन के लिए शुभचिन्तकों का तांता लगा रहा। प्रखण्ड प्रमुख रीना राय, उप प्रमुख नवीन यादव, पैक्स अध्यक्ष संजय यादव, नरेंद्र सिंह, रामाश्रय सिंह, रजनीश कुमार, सुनील साव, कौआकोल के सरपंच प्रतिनिधि शैलेष कुमार आर्य, लालपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बिनोद यादव, सोखोदेवरा के मुखिया प्रतिनिधि मंटू यादव सहित कई जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं सरकारी, गैर सरकारी कर्मियों ने पैक्स अध्यक्ष अशोक यादव के निधन पर गहरा शोक जताते हुए मृत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को सहनशक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। लोगों ने कहा कि अशोक यादव एक मिलनसार, हंसमुख, समाजसेवी तथा लोकप्रिय व्यक्ति थे। उनके निधन से प्रखण्ड को काफी क्षति पहुंची है।

उल्लेखनीय है कि नव निर्वाचित पैक्स अध्यक्ष 28 नवम्बर की रात एक दोस्त को रूपौ छोड़कर निजी वाहन से खुद वाहन चलाते हुए कौआकोल घर लौट रहे थे। इस बीच उनका वाहन अनियंत्रित होकर चोंगवा पुल के पास पलट गया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गये। उनका वाहन भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था।

## वन नेशन वन इलेक्शन देशहित में : चौधरी

**पटना।** बिहार के ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने आज कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन देशहित में है और हमारी पार्टी हमेशा से इसकी पक्षधर रही है, बार-बार चुनाव में जाने से सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग होता है और विकासकार्यों में भी बधाएं उत्पन्न होती है। शुक्रवार को जनता दल यूनाइटेड (जदयू ) प्रदेश कार्यालय में ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी एवं विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुमित कुमार सिंह ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित समाधान के लिये संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## लालू राबड़ी सरकार की नीतियों ने बिहार के आर्थिक विकास को रसातल में पहुंचा दिया :नवल

**पटना।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) प्रवक्ता नवल शर्मा ने आज कहा कि श्रीकृष्ण सिंह के बाद कांग्रेस और 1990 के बाद लालू राबड़ी सरकार की नीतियों ने बिहार के आर्थिक विकास को रसातल में पहुंचा दिया। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि नब्बे के दशक में जब देश के अधिकांश राज्य आर्थिक उदारीकरण से उत्पन्न नए आर्थिक अवसरों को हाथों हाथ लपक रहे थे वहीं बिहार लालू यादव की जातिवादी राजनीति के पिंजरे में कैद था। उस वक्त यदि नीतीश कुमार जैसा कोई दूरदर्शी और राज्य के हितों के प्रति सजग मुख्यमंत्री होता तो शायद बिहार के विकास की कहानी कुछ और होती। लेकिन लालू यादव ने वोट की राजनीति के चक्कर में नक्सलवाद, जातीय नरसंहार और सांप्रदायिक दंगों की आग में बिहार को झोंक दिया।

## स्वास्थ्य विभाग और शंकरा आई फाउंडेशन इंडिया के बीच समझौता

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समक्ष अतिविशिष्ट नेत्र अस्पताल के निर्माण एवं संचालन के संबंध में आज स्वास्थ्य विभाग और शंकरा आई फाउंडेशन इंडिया के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ। श्री कुमार के समक्ष शुक्रवार को यहां मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद में स्वास्थ्य विभाग और शंकरा आई फाउंडेशन इंडिया, कोयम्बटूर के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ। पटना में अतिविशिष्ट नेत्र अस्पताल के निर्माण एवं संचालन के संबंध में यह समझौता ज्ञापन हुआ है।

## सारण में विशेष अभियान में 34 गिरफ्तार

**छपरा।** बिहार में सारण जिले की पुलिस ने पिछले 24 घंटे के दौरान विशेष अभियान में 34 अभियुतों को गिरफ्तार किया है। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ.कुमार आशीष ने शुक्रवार को यहां बताया कि विशेष अभियान में 34 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें शराब कारोबार में 06, शराब सेव में 16, वारंट में 03, हत्या का प्रयास में 03, चोरी में 01, पॉक्सो एक्ट में 01, आर्म्स एक्ट में 01 एवं अन्य में 03 अभियुक्त शामिल हैं।

## सारण में हथियार समेत अपराधी गिरफ्तार

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र से पुलिस ने हथियार के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष ने शुक्रवार को यहां बताया कि सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति हथियार से लैस होकर मोटरसाईकिल से आपराधिक घटना करने की नियत से माला गांव से विशुनपुरा बाजार की ओर जा रहा है। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए माला गांव इंजीनियरिंग कॉलेज के पास पहुंच कर सघन वाहन चेकिंग प्रारंभ किया गया। वाहन चेकिंग के क्रम में आकाश सिंह, पिता- मनी सिंह, साकिन शेरपुर, थाना मुफ्फसिल, जिला- सारण को पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया गया है।

## 70वीं संयुक्त परीक्षा में पेपर लीक की बात बिल्कुल गलत : चेयरमैन

**पटना।** 70वीं संयुक्त परीक्षा में पेपर लीक के आरोपों पर आयोग के चेयरमैन परमार रवि मनुभाई ने आयोग का पक्ष रखा है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक की बात बिल्कुल गलत है। किसी सेंटर से कोई पेपर लीक नहीं हुआ है। एग्जाम को लेकर उठ रहे एक-एक सवाल की आयोग जांच करेगा।

आयोग के चेयरमैन परमार रवि मनुभाई ने कहा कि, किसी ने हमें पेपर लीक होने की शिकायत नहीं की है। आयोग के लोग सेंटर पर गए थे। वहां बात करने में समझ आया कि कुछ कैंडिडेट्स ने अफवाह फैलाई की पेपर वायरल हो गया है। कैंडिडेट्स सेंटर के अंदर हंगामा करने लगे। पेपर छीनकर बाहर निकल गए। बाकी लोगों को भी भड़काया गया। बिना मोबाइल और बिना इंटरनेट के पेपर कैसे वायरल हो सकता है।

### प्रदर्शन कर रहे कैंडिडेट को डीएम ने जड़ा थप्पड़



बिहार लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा में शुक्रवार को कुछ जगहों पर अभ्यर्थियों ने जमकर हंगामा किया। पटना स्थित बापू परीक्षा परिसर में प्रदर्शन कर रहे कैंडिडेट्स को काबू में करने के लिए पटना के डीएम डॉ चंद्रशेखर सिंह ने थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद पुलिस ने बीच-बचाव करते हुए कैंडिडेट को साइड में कर दिया। हंगामा होते ही परीक्षा सेंटर में सुरक्षा बढ़ा दी गई। दो थानों की पुलिस को आयोग के दफ्तर के बाहर भी तैनात कर दिया गया है। इधर आयोग ने आनन-फानन में बैठक बुलाई थी।

**पटना के डीएम चंद्रशेखर ने दिया एक बड़ा संकेतः** पटना के डीएम चंद्रशेखर ने ये साफ किया कि पेपर लीक नहीं हुआ है, लेकिन एक परीक्षा कक्ष में 273 प्रश्न पत्रों की जगह 192 प्रश्न पत्र क्यों भेजे गए ये जांच का विषय है। डीएम डॉ चंद्रशेखर ने बताया कि बापू परीक्षा परिसर कुम्हरार में बीपीएससी की परीक्षा हो रही थी। यहां 12,000 परीक्षार्थियों की व्यवस्था थी। एक हॉल में 273 अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई थी। 192 प्रश्न पत्रों का बॉक्स खोला गया, जबकि हॉल में 273 परीक्षार्थी थे। केंद्राधीक्षक द्वारा दूसरे हॉल से प्रश्न पत्र का सील्ड पैकेट मंगवाया गया। बाकी बच्चों के बीच इसे बांटा गया। इसी बीच कुछ परीक्षार्थियों ने आपत्ति जताई। करीब 300-400 बच्चों ने परीक्षा का बहिष्कार किया। बाकी सभी बच्चों ने शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा दी। परीक्षा हॉल के बाहर कुछ लोग रोड जाम कर रहे थे। हल्का बल प्रयोग कर स्थिति को नियंत्रित किया गया। प्रश्न पत्र लीक का कोई मामला नहीं है। गलतफहमी के चलते कुछ लोगों ने बहिष्कार किया है। 11 दिसंबर को समाहरणालय में आयोजित ब्रीफिंग में आयोग के प्रतिनिधि ने भी आश्वस्त किया था कि 273 प्रश्न-पत्रों के पैकेट का बॉक्स भेजा जाएगा। फिर भी किस स्थिति में 192 प्रश्न पत्रों के पैकेट का बॉक्स भेजा गया, यह जांच का विषय है। सम्पूर्ण मामले में बीपीएससी को उचित निर्णय लेने के लिए रिपोर्ट भेजी गई है। 70वीं संयुक्त परीक्षा में 4 लाख 83 हजार कैंडिडेट्स शामिल हुए। परीक्षा एक ही शिफ्ट में 12 से 2 बजे के बीच हुई। बापू परीक्षा परिसर में करीब 12 हजार कैंडिडेट एग्जाम देने पहुंचे थे। यहीं सबसे ज्यादा हंगामा भी हुआ। हालांकि आयोग ने ये साफ कर दिया है कि पेपर लीक नहीं हुआ है।

